

देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश

कैंसर के मामले बढ़ रहे, मगर जरूरी दवाओं... 12

कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय जवानों के अदम्य... 05




# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 283

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

शनिवार | 27 जुलाई, 2024


## कारगिल में मोदी बोले, अग्निवीर पर विपक्ष झूठ फैला रहा, इसका मकसद सेना को युवा बनाना, खड़गे ने कहा, पीएम फिर झूठ बोल रहे

# पूरी ताकत से कुचलेंगे आतंकवाद को, देंगे मुंहतोड़ जवाब : पीएम मोदी

- प्रधानमंत्री ने द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की
- अग्निपथ योजना सेना में किए गए जरूरी सुधारों का एक उदाहरण
- कारगिल में युद्ध के साथ सत्य की भी जीत हुई: पीएम मोदी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कारगिल

कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी ने लद्दाख में 1999 की जंग के नायकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने करीब 20 मिनट के संबोधन में पाकिस्तान, आतंकवाद, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, अग्निपथ योजना और विपक्ष पर बात की। प्रधानमंत्री ने कहा- डिफेंस सेक्टर में रिफॉर्म्स के लिए भारतीय सेनाओं की सराहना करता हूं। उन्होंने कई साहसी फैसले लिए। इसमें अग्निपथ योजना भी शामिल है। दशकों तक संसद में सेनाओं को युवा बनाने पर चर्चा होती रही है। लेकिन हमने इस पर काम किया। कुछ लोगों ने इसे राजनीति का विषय बना दिया। पीएम के बयान पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- मोदी कह रहे हैं कि उनकी सरकार ने सेना के कहने पर अग्निपथ योजना लागू की। यह झूठ है। यह सेना का अपमान है। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि पीएम कारगिल विजय दिवस के मौके पर ओछी राजनीति कर रहे हैं। इससे पहले किसी भी प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं किया। पूर्व आर्मी चीफ रिटायर्ड जनरल एमएम नरवणे ने ऑन रिकॉर्ड कहा है कि अग्निपथ योजना में 4 सालों की सेवा के बाद 75 प्रतिशत सैनिकों को रखा जाएगा और 25 प्रतिशत रिटायर्ड हो जाएंगे, लेकिन मोदी सरकार ने इससे उल्टा किया है। योजना को तीनों सेनाओं पर जबरदस्ती लागू किया गया।

### कारगिल विजय दिवस की कहानी

5 मई 1999 को पाकिस्तान की घुसपैठ के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल की पहाड़ी चोटियों मई से जुलाई महीने में युद्ध हुआ। युद्ध करीब 84 दिनों तक चला। 26 जुलाई 1999 को भारत की जीत के साथ युद्ध आधिकारिक तौर पर खत्म हुआ। भारतीय सैनिकों के बलिदान और वीरता को याद करते हुए हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### दुनिया की सबसे ऊंचाई पर बनने वाली टनल की आधारशिला रखी

प्रधानमंत्री मोदी ने कारगिल वॉर मेमोरियल पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद लद्दाख में शिंकुन ला टनल प्रोजेक्ट के लिए पहला वर्चुअल ब्लास्ट किया। यह दुनिया की सबसे ऊंचाई पर बनने वाली टनल है। समुद्र तल से इसकी ऊंचाई करीब 15,800 फीट है। यह हिमाचल प्रदेश की लाहौल वैली को लद्दाख की जास्कर वैली से जोड़ेगी। 4.1 किमी लंबी यह टनल निमू-पदुम-दारचा रोड पर बनाई जाएगी। इसे बनाने में करीब 1681 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। सीमा सड़क संगठन बीआरओ करीब दो साल में बनाकर तैयार करेगा। इलाके में साल के चार-पांच महीने बर्फ जमी रहती है। टनल बन जाने के बाद यहां सालभर आवाजाही की जा सकेगी। शिंकुन ला टनल एक ट्विन-ट्यूब डबल लेन टनल होगी। इसमें हर 500 मीटर के बाद क्रॉस पैसेज होंगे। इसके अंदर सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डेटा एक्विजिशन सिस्टम, मैकेनिकल वेंटिलेशन सिस्टम, फायर फाइटिंग सिस्टम और कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी जैसी सुविधाएं होंगी।

### लद्दाख और जम्मू-कश्मीर के डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स पर चल रहा काम

लद्दाख में सिंधु सेंट्रल यूनिवर्सिटी बन रही है। पूरे लद्दाख को 4जी नेटवर्क से जोड़ने का काम भी चल रहा है। 13 किमी लंबी जोजिला टनल का काम भी जारी है। इसके बनने से नेशनल हाईवे पर भी ऑल वैदर कनेक्टिविटी हो जाएगी। बॉर्डर रोड संगठन ने पिछले 3 साल में 330 से ज्यादा प्रोजेक्ट पूरे किए हैं। 35 साल बाद श्रीनगर में ताजिया निकला है। कुछ ही दिन बाद इस 5 अगस्त को अनुच्छेद 370 खत्म हुए 5 साल हो जाएंगे। जम्मू कश्मीर आज नए भविष्य की बात कर रहा है। जम्मू कश्मीर की पहचान जी 20 जैसी अहम बैठक करने के लिए हो रही है। इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के साथ तेजी से विकास हो रहा है।

### पाकिस्तान और आतंकवाद

प्रधानमंत्री ने कहा- भारत कारगिल युद्ध से पहले शांति के प्रयास कर रहा था। बदले में पाकिस्तान ने अपना अविश्वासी चेहरा दिखाया। लेकिन सच के सामने असत्य और आतंक की हार हुई। पाकिस्तान ने अतीत में जितने भी प्रयास किए, उसे मुंह की खानी पड़ी। लेकिन उसने अपने इतिहास से कुछ नहीं सीखा है। वो आतंकवाद के सहारे प्रॉक्सी वॉर के सहारे अपने आप को प्रासंगिक बनाए रखने का प्रयास कर रहा है। लेकिन आज जब मैं उस जगह से बोल रहा हूं, जहां आतंक के आकाओं को मेरी आवाज सीधे सुनाई पड़ रही है। मैं आतंकवाद के इन सरपरस्तों को कहना चाहता हूं उनके नापाक मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे।

### अग्निपथ स्कीम

डिफेंस सेक्टर में रिफॉर्म्स के लिए भारतीय सेनाओं की सराहना करता हूं। सेना को कार्यशैली और व्यवस्था में भी आधुनिक होना चाहिए, इसलिए देश दशकों से डिफेंस सेक्टर में बड़े बदलावों की जरूरत महसूस करता रहा है। सेना खुद मांग कर रही थी, लेकिन पहले इसे उतना महत्व नहीं दिया गया। दशकों तक संसद में सेनाओं को युवा बनाने पर चर्चा होती रही है। अग्निपथ योजना से यह सब हुआ है। उम्र का ज्यादा होना हम सभी की चिंता बढ़ाता रहा है। कई कमेटियों में ये विषय उठा। लेकिन इस बदलाव की पहले इच्छा शक्ति नहीं दिखाई गई। अग्निपथ योजना से देश की ताकत बढ़ेगी।

### विपक्ष पर निशाना

कुछ लोग अग्निपथ स्कीम को राजनीति का विषय बना रहे हैं। ये लोग नहीं चाहते कि सेना को आधुनिक फाइटर प्लेन मिले। ये भ्रम फैला रहे हैं कि सरकार पेंशन का पैसा बचाने योजना लाई है। मैं पूछना चाहता हूं कि जो आज भर्ती होगी, क्या उसे आज ही पेंशन देना होगा। जब 30 साल बाद पेंशन देना होगी, तब मोदी 105 साल का होगा। तब क्या मोदी की सरकार होगी? जिन्होंने 500 करोड़ दिखाकर वन रैंक वन पेंशन का सपना दिखाया, वो अग्निपथ स्कीम पर सवाल उठा रहे हैं। कहां 500 करोड़ और कहां सवा लाख करोड़, इतना झूठ।

### ईरान में फंसे कारगिल के लोगों का जिक्र किया

कोरोना के समय में कारगिल के हमारे कई लोग ईरान में फंस गए थे। उन्हें वापस लाने के लिए मैंने निजी तौर पर काफी प्रयास किए। ईरान से लाकर उन्हें जैसलमेर में रुकवाया गया। रिपोर्ट संतोषजनक आने के बाद उनके घर पहुंचाया गया। हमें संतोष है कि अनेको जिंदगी बचा पाए।

## ...बजट में तमिलनाडु का नाम, एक बार भी नहीं आया



कांग्रेस का कहना है कि बजट 'कुर्सी बचाओ' है, क्योंकि बिहार के लिए 26000 करोड़ और आंध्र प्रदेश के लिए 15000 करोड़ दिए गए। बजट 48,00,000 करोड़ का है। यानि पूरे बजट का एक प्रतिशत भी इन दो राज्यों के लिए चिह्नित नहीं किया गया है। कल इंडी वालों की मीटिंग हुई और फिर सबने तय किया कि बजट सत्र बर्बाद किया जाएगा और नीति आयोग की मीटिंग में इंडी के मुख्यमंत्री भाग नहीं लेंगे। इस मीटिंग की अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते हैं। ये रो रहे हैं कि पूरे बजट में तमिलनाडु का नाम एक भी बार नहीं आया, कोई कह रहा है राजस्थान का नाम नहीं लिया, कोई बंगाल को ले कर चिंतित है। क्या ऐसा है कि इन राज्यों से कोई हायवे नहीं जा रहा? इन राज्यों के गाँवों में ग्रामीण विकास के लिए चिह्नित बजट व्यय नहीं होगा? कल टैक्स में छूट न मिलने का या कैपिटल गेन पर थोड़ी-सी निराशा हुई, पर वह भाग पूरे बजट का बहुत ही छोटा अंश है। विपक्ष को लग रहा है कि चूँकि कल समर्थक भी आलोचना कर रहे थे तो आज वो कॉन्ग्रेस के साथ हो जाएँगे। बजट बहुत अच्छा है, भारत के लिए भविष्योन्मुखी है। पर्सनल टैक्स पर हम सत्ता तक अपनी बात पहुँचाते रहेंगे पर विपक्ष के जाल में नहीं फँसने वाले। जहाँ तक बिहार जैसे राज्य की बात है, तो पिछली बार कब इसके पिछड़ेपन की समाप्ति के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए गए थे? दक्षिण के राज्य इस कारण समृद्ध हैं क्यों नेहरू ने हर संस्था और सरकारी प्रतिष्ठान चीन और पाकिस्तान के बमों के दायरे से दूर बनाने के तर्क से दक्षिण को ही दे दिया। बिहार के उद्योगों को कॉन्ग्रेस और उनके गठबंधन के घटक दल ने बर्बाद किया है। केन्द्र का उत्तरदायित्व है कि वह ऐसे राज्यों को ऊपर लाने हेतु वैसे ही धक्का दे, जैसे आरक्षित वर्ग को 75 सालों से दिया जा रहा है। यदि वहाँ आरक्षण उचित है क्योंकि वो वंचित और उपेक्षित हैं, तो बिहार भी केन्द्र के संदर्भ में वंचित और उपेक्षित है।



डी पी शुक्ल

# अग्निवीरों को प्रदेश पुलिस और पीएसी में देंगे वेटेज : सीएम योगी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश की सेवा करके लौटने वाले अग्निवीरों को यूपी पुलिस और पीएएसी बल में वेटेज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों के रूप में देश को ट्रेंड और अनुशासित युवा सैनिक मिलेंगे। सीएम योगी ने अग्निवीर मुद्दे पर विपक्ष की राजनीति को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि विरोधियों का काम हर प्रगति और रिफॉर्म वाले कार्य में अड़ंगा लगाने, टांग अड़ाने और अफवाह फैलाने का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। बीते 10 साल में भारत में बेहतरीन रिफॉर्म हुए हैं। सीएम योगी ने कहा कि भारतीय सेना के आधुनिकीकरण और इसके साजो-सामान के मामल में हम आत्मनिर्भरता की ओर से बढ़ रहे हैं। नई दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की बैठक में शामिल होने से पहले शुक्रवार शाम यहां अपने सरकारी आवास पर सीएम योगी मीडिया से बातचीत कर रहे थे।



### अग्निवीरों के लिए सरकार प्रतिबद्ध

सीएम योगी ने कहा कि आज अग्निवीर में युवा उत्साह के साथ भर्ती हो रहे हैं। इसके बाद उन्हें पैरा मिलिट्री और सिविल पुलिस में समायोजित करने की व्यवस्था की जा रही है। यूपी सरकार ने भी कहा है कि अग्निवीर की योजना जैसे-जैसे आगे बढ़ती है और जब ये युवा अपनी सेवा के बाद वापस आएंगे तो हम यूपी पुलिस और पीएसी बल में इनके समायोजन की सुविधा और वेटेज देंगे। अग्निवीरों के रूप में ट्रेन्ड और अनुशासित युवा हमें मिलेंगे। इसके लिए हमारी सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेना में रिफॉर्म के इस अभियान को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सर्वोपरि मानते हुए हमें आगे बढ़ाना चाहिए।

### समय-समय पर रिफॉर्म अत्यंत जरूरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी देश और समाज के लिए प्रगति और समृद्धि के नित नये प्रतिमान स्थापित करने के लिए समय-समय पर होने वाला रिफॉर्म अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। हर फील्ड में पिछले 10 साल में बेहतरीन रिफॉर्म हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की अथर्व्यवस्था को एक सम्मानजनक स्थिति में पहुंचाने और दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में लाने के लिए कार्य किये गये हैं। एक तरफ हम समृद्धि के नित नये सोपान छू रहे हैं, तब हमें राष्ट्रीय सुरक्षा को भी उतना ही महत्व देना होगा। सेना और उनके साजो सामान में आत्मनिर्भरता के लिए उठाये गये कदम हों या आधुनिकिकरण के लिए लिए गये त्वरित निर्णय, आज अत्याधुनिक फाइटर प्लेन भारत के पास हैं।

### अग्निवीर को लेकर युवाओं में उत्साह

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी और तमिलनाडु में डिफेंस इंडस्ट्रियल कारीडोर विकसित हो रहा है। यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के 6 नोड में हजारों करोड़ का निवेश आया है। चाहे भारत डायनेमिक्स लिमिटेड का कार्य हो या ब्रह्मोस मिसाइल बनाने की दिशा में प्रगति, हमने लंबी छलांग लगाई है। सेना भी हमारी इस गति के साथ आगे बढ़ रही है। अग्निवीर की योजना भारतीय सेना में इसी दृष्टि से आगे बढ़ाई गई है। इसे लेकर युवाओं में उत्साह है। 10 लाख अग्निवीर भारतीय सेना के अग्निपथ पर मजबूत जवान के रूप में अपनी सेवा देने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। दुर्भाग्य है कि कुछ राजनीतिक दलों के लिए स्वयं की राजनीति देश से बड़ी हो गई है। वो देश की कीमत पर राजनीति करना चाहते हैं। वह हर रिफॉर्म और प्रगति वाले कार्य में टांग अड़ाने, गुमराह करने और बयानबाजी करने जैसे कृत्य करते रहते हैं। विपक्ष इस मुद्दे को लेकर लगातार युवाओं को गुमराह कर रहा है।

# कांवड़ रूट में नाम लिखने पर रोक जारी रहेगी

## योगी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा था, खाने में लहसुन-प्याज से झगड़े हो रहे थे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

यूपी में कांवड़ रूट पर नाम लिखने के मामले पर सुप्रीम कोर्ट की अंतरिम रोक जारी रहेगी। कोर्ट ने शुक्रवार को यूपी सरकार के जवाब दाखिल करने के बाद ये आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड और मध्यप्रदेश सरकार को भी अपना जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान यूपी सरकार के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा- केंद्रीय कानून के मुताबिक यह आदेश दिया गया है। कोर्ट बोला- सभी जगह लागू करिए। फिर वकील ने कहा- कांवड़ सिर्फ तीन राज्यों से गुजरते हैं। यह सिर्फ खाने-पीने के लिए नहीं है। केंद्रीय कानून में दी गई व्यवस्था के मुताबिक है। सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। जबकि कानून में यह व्यवस्था दी गई है कि राज्य इसे लागू कर सकते हैं। मुकुल रोहतगी ने कहा- एक कांवड़िए ने याचिका दाखिल करके कहा कि राज्य का आदेश उचित है। खाना क्या है यह पता होना चाहिए। मुजफ्फरनगर पुलिस की तरफ से यह निर्देश बाध्यकारी तौर पर नहीं लागू किया गया। यूपी सरकार ने कोर्ट में दाखिल अपने जवाब में कहा- कांवड़ यात्रा के दौरान खाने-पीने के सामान से भ्रम होता है। खासकर प्याज-लहसुन के इस्तेमाल को लेकर झगड़ा होता था।

### सरकार ने याचिका का विरोध किया

सरकार ने कहा, हर साल 4.07 करोड़ से अधिक कांवड़िए भाग लेते हैं। हम किसी भी धर्म के लोगों की धार्मिक भावनाओं की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यूपी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हमेशा कदम उठाती है कि सभी त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाएं।

## ज्योति मौर्या मामले में निलंबित होमगार्ड कमांडेंट मनीष को राहत, कोर्ट ने निलंबन पर लगाई रोक

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। प्रयागराज

विवादित एसडीएम ज्योति मौर्या मामले में निलंबित हुए होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने मनीष दुबे के निलंबन पर रोक लगा दी है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की एकल पीठ कर रही है। मनीष ने कुछ दिनों पहले अपने निलंबन के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। जिस पर हाईकोर्ट ने डीजी होमगार्ड से इस मामले में जानकारी मांगी थी। मामले की अगले सुनवाई अब अगले महीने होगी। पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्या के साथ प्रेम प्रसंग के आरोपों से घिरने के बाद निलंबित किए गए होमगार्ड कमांडेंट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने अपने निलंबन के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। निलंबन को खत्म करने की गुहार लगाई थी। होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे को शासन ने नवंबर 2023 में निलंबित कर दिया था।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


रिपोर्ट: सपा की बागी विधायक पल्लवी पटेल और मुख्यमंत्री योगी की मुलाकात बहुत अहम मानी जा रही है

# निर्णायक दौर में पहुंची सीएम योगी और केशव प्रसाद मौर्य की 'लड़ाई'

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

- दोनों ही धुरंधर अपने-अपने राजनीतिक दांव चल रहे हैं
- मौर्य अपने समर्थक नेताओं को साध रहे हैं
- सीएम योगी राजनीतिक 'दुश्मनों' तक से संवाद करने से परहेज नहीं कर रहे

**लखनऊ।** सीएम योगी और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बीच लड़ाई अब शीत युद्ध से होती हुई निर्णायक दौर में पहुंच गई है। दोनों ही धुरंधर अपने-अपने राजनीतिक दांव चल रहे हैं। मौर्य जहां अपने समर्थक नेताओं को साध रहे हैं, वही सीएम योगी राजनीतिक दुश्मनों तक से संवाद करने से परहेज नहीं कर रहे। इस कड़ी में सपा की बागी विधायक पल्लवी पटेल और मुख्यमंत्री योगी की मुलाकात बहुत अहम मानी जा रही है। ताजा घटनाक्रम में समाजवादी पार्टी विधायक पल्लवी पटेल ने सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है। सपा की बागी विधायक पल्लवी पटेल ने सीएम आवास जाकर मुख्यमंत्री से मुलाकात की। सिराथू विधानसभा चुनाव में पल्लवी पटेल ने केशव प्रसाद मौर्य को हराकर बड़ा उलटफेर किया था। जानकारी के मुताबिक, पल्लवी पटेल ने बुधवार शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। ये बैठक करीब 20 मिनट तक चली थी। पल्लवी पटेल ने कौशांबी में आने वाली सिराथू सीट से 2022 के विधान सभा चुनाव में केशव प्रसाद मौर्य को हराया था। पल्लवी पटेल अपना दल सोनेलाल की अनुप्रिया पटेल की बहन हैं। पिता सोनेलाल पटेल की राजनीतिक विरासत को लेकर हुई जंग के बाद उन्होंने अपना दल कमेरावादी का गठन किया था।





### पल्लवी की अखिलेश यादव से हो गई थी खटपट

2022 का चुनाव पल्लवी ने सपा के टिकट पर लड़ा था, लेकिन 2024 लोकसभा चुनाव से पहले राज्यसभा चुनाव के दौरान उनकी अखिलेश यादव से खटपट हो गई थी। लोकसभा चुनाव में पल्लवी ने ओवैसी और स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ पीडीएम बनाकर लड़ा था लेकिन कामयाब नहीं हुई।



### क्या केशव प्रसाद मौर्य और अनुप्रिया पटेल दोनों योगी के निशाने पर

पल्लवी पटेल की सीएम योगी से मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं। पल्लवी पटेल और उनकी बहन अनुप्रिया पटेल में छत्तीस का आंकड़ा है। अनुप्रिया पटेल इन दिनों सीएम योगी को यूपी में जनता से जुड़े कई मुद्दों पर सीधे पत्र लिख चुकी हैं। इसमें ज्यादा टोल टैक्स वसूले जाने और आउटसोर्सिंग से हो रही भर्तियों में आरक्षण का मुद्दा शामिल है। वहीं केशव प्रसाद मौर्य संगठन बनाम सरकार की लकीर को यूपी में लगातार गहरा कर रहे हैं।

### योगी पर एक के बाद एक बम फोड़ रहे मौर्य

केशव प्रसाद मौर्य ने प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की बैठक मे संगठन के सरकार से बड़े होने का बम फोड़ने के बाद लगातार सियासी गतिविधियां तेज की हैं। पिछले कुछ दिनों में मौर्य ने बीजेपी के सहयोगी दलों के नेता ओम प्रकाश राजभर, संजय निषाद और पार्टी में पिछड़ों के बड़े नेता दारा सिंह चौहान से मुलाकात की है। इस लामबंदी के बीच सीएम योगी लगातार मंडलवार समीक्षा बैठकें कर रहे हैं। वो समीक्षा के दौरान सांसदों, विधायकों और अन्य जन प्रतिनिधियों से मुलाकात भी कर रहे हैं। यह विधायकों और सांसदों की शिकायतें दूर कर जनता से जुड़े मुद्दों पर कार्यवाही तेज करने का कदम माना जा रहा है।

# पुलिस अभिरक्षा से फरार आरोपी गिरफ्तार

**लाखों का माल व तमंचा तथा घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद**

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल के पर्यवेक्षण में एसओजी, सर्विलांस एवं कोतवाली कर्वी की संयुक्त टीम द्वारा चोरी की घटनाओं का अनावरण करते हुये पुलिस अभिरक्षा से फरार आरोपी को चोरी के लाखों का माल व तमंचा तथा घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।
उल्लेखनीय है कि बीते 25 जून को वादी मोहम्मद सईम पुत्र मोहम्मद हकीम निवासी कालूपुर ने सूचना दी थी कि बीती 10-11 अप्रैल को रात में अज्ञात चोरों द्वारा घर में रखे सोने व चांदी के जेवर व एक मोबाइल चोरी कर लिया। घटना के सम्बन्ध में कोतवाली कर्वी में अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक ने घटना को संज्ञान में लेकर प्रभारी एसओजी एमपी त्रिपाठी एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी जयशंकर प्रताप सिंह को घटना के अनावरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। एसओजी, सर्विलांस टीम एवं कोतवाली कर्वी में नियुक्त उप निरीक्षक अनिल कुमार मिश्रा की संयुक्त टीम द्वारा 24 जुलाई को शिवबली निवासी मनकुवार गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक बैग में सोने व चांदी के जेवर, 10,500 रूपय, तमचा व कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 10-11 अप्रैल को ग्राम कालूपुर पाही, 22 मई को पूर्व माध्यमिक विद्यालय लालापुर तथा 15 मई को ग्राम पहरा से अपने साथी बबलू पासी निवासी मनकुवार के साथ मिलकर चोरी की थी। जिसके सम्बन्ध में थाना भरतकूप, थाना रैपुरा में पीडितों ने अभियोग पंजीकृत कराया था। इन चोरियों में उसके साथ उसके गाँव का ही बबलू पासी निवासी मनकुवार भी था। जिसके पास कालूपुर पाही की चोरी का सामान व मोबाइल तथा ग्राम पहरा की चोरी का सामान जो उसके हिस्से में मिला है जो उसके पास है। वह अपने हिस्से का सामान बेचने के लिए जा रहा था कि पुलिस ने पकड लिया। बीती 25 जुलाई को प्रातः 4:30 बजे गिरफ्तार आरोपी शिवबली पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया था। जिसके सम्बन्ध में कोतवाली कर्वी में अभियोग पंजीकृत किया गया। इस घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसओजी प्रभारी व कोतवाली कर्वी प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिसके क्रम में एसओजी व कोतवाली कर्वी की संयुक्त टीम द्वारा पुलिस अभिरक्षा से फरार आरोपी शिवबली को 17 घण्टे के अन्दर पुनः गिरफ्तार किया गया।
गिरफ्तारी के दौरान एसओजी, सर्विलांस मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुशवाहा, आरक्षी रोहित सिंह, गोलू भार्गव, पवन राजपूत, ज्ञानेश मिश्रा, कोतवाली कर्वी उप निरीक्षक अनिल कुमार मिश्रा, प्रभुनाथ सिंह, मुख्य आरक्षी साबीर हुसैन, आरक्षी राहुल देव आदि मौजूद रहे।

# कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को नामनकर, परिजनों को किया गया सम्मानित



जन एक्सप्रेस । उरई

कारगिल विजय दिवस की 25 वीं वर्षगांठ के अवसर पर कारगिल युद्ध में शहीद योगेंद्र पाल सिंह चिल्ली, सरमन सिंह सेंगर, धर्मेंद्र राजपूत, मनोज कुमार, शहीदो की सहादत पर बबीना मिलेट्री स्टेशन की तरफ से आई टीम सूबेदार रामवीर सिंह भदौरिया, सूबेदार नेमचंद्र सिंह, हवलदार जसविंदर सिंह शहीदों की पत्नियों और परिजनों को सैनिक कल्याण बोर्ड जालौन ने बुला कर सम्मानित किया।
साथ ही उनकी समस्याओं जो जाना और हर संभव मदद का भरोसा भी दिया। जालौन के लिए फर्क की बात रही है देश की खातिर हर लड़ाई में बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कारगिल की लड़ाई में जिले के रहने वाले सैनिकों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिए। दुर्भागपूर्ण तरीके से लड़ाई में लड़ते लड़ते जिले के रहने वाले कुछ सैनिक भी वीरगति को प्राप्त होकर आज भी जिले के लोगो के दिल में हमेशा के लिए अमर हो गए। उनकी शहादत को हर साल याद किया जाता है। इसके अवसर पर आज जिला सैनिक कल्याण बोर्ड में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आर्मी मैन जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारी और महत्वपूर्ण लड़ाई में शामिल शहीदों के परिजनों ने कार्यक्रम में शिरकत की।

# डीएम ने ली जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति तथा निपुण भारत की जनपदीय स्टॉक फोर्स की बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।
जिलाधिकारी ने 19 पैरामीटर्स के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों पेयजल व्यवस्था, बालक-बालिका शौचालय, मीड-डे मील, निपुण विद्यालय आकलन, निपुण भारत, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट, रनिंग वाटर इन टॉयलेट, शौचालय का टाइलीकरण, रसोईघर, मल्टीपल हैण्डवॉश, रैम्प सहित दिव्यांग शौचालय, विद्युत उपकरण, विद्युत कनेक्शन आदि बिन्दुओं पर विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जहां पर छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन शत प्रतिशत है एवं उपस्थित 50 से 60 प्रतिशत है, उनके लिए कार्य योजना बनाएं एवं शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराए। जिलाधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारियों से शत प्रतिशत स्कूलों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। साथ ही निपुण विद्यालय आकलन के सम्बन्ध में उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारी से जानकारी ली की कितने विद्यालय ऐसे हैं जहां टीचर सही से नहीं पढाते हैं एवं उन पर क्या कार्रवाई हुई। सही उत्तर न मिलने पर जिलाधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि मनोयोग से कार्य करें नहीं तो कार्रवाई की जाएगी एवं जो टीचर पढाने में रुचि नहीं लेते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई करें। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में बेहतर शैक्षिक वातावरण सृजित कर बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा दी जाये। छोटे बच्चों की पढ़ाई में रूचि पैदा करने के लिये भरपूर प्रयास किये जायें। उन्होंने कहा कि मिड्डे मील में प्रयुक्त किये जा रहे खाद्य पदार्थों में गुणवत्ता तथा स्वच्छता बनाये रखने पर विशेष ध्यान दिया जाये। साथ ही विद्यालयों में मीनू के अनुसार ही बनाये।
ड्रिंकिंग वॉटर के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने कहा कि जहां पर पानी की व्यवस्था नहीं है, वहां पर कराए। साथ ही सहायक अभियंता जल जीवन मिशन से संपर्क कर विद्यालयों में कनेक्शन कराए। टॉयलेट के सम्बन्ध में कहा कि जहां पर टॉयलेट सही नहीं है, उसे सही कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने रनिंग वाटर इन टॉयलेट के सम्बन्ध में कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी यह सुनिश्चित कराए कि जिन विद्यालय में टॉयलेट तोड दिया गया है, सम्बन्धित के खिलाफ कारवाई कराए। विद्यालयों के निरीक्षण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने कहा कि 29 जुलाई तक सभी सम्बन्धित अधिकारी निरीक्षण कर आख्या प्रस्तुत करें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि कंट्रोल रूम से दूरभाष से वार्ता करे कि अधिकारी समय से निरीक्षण करें। ब्लाक वाइस डीबीटी के सम्बन्ध में कहा कि विद्यार्थी एवं अभिभावक के जो आधार सिडिग पूर्ण नहीं हुए हैं, अवशेष पर फोकस कर कराए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा आदि मौजूद रहे।

## अधेड़ मजदूर का खेत में बनी कोठी में शव मिलने से मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एट थाना क्षेत्र के बिरासनी के पास नहर के समीप बनी कोठी में लापता अधेड़ का शव शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एट थाना क्षेत्र के ग्राम आंबेडकर नगर निवासी रमेश चंद्र अहिरवार 55 वर्ष का शव शुक्रवार की सुबह बिरासनी के पास नहर के समीप बनी ट्यूबबेल की कोठी में पड़ा मिला। राहगीरों ने खबर परिजनों को दी। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। खबर मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि वह दो दिन पहले घर से मजदूरी करने की बात कहकर निकले थे। लेकिन देर शाम को जब घर नहीं लौटे तो उनकी खोजबीन की गई। काफी खोजबीन के बाद भी कही पता नहीं चला था। शुक्रवार को उनका शव पड़ा मिला है। फिलहाल पुलिस ने घटना की हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# जिला कांग्रेस कमेटी ने शहीद के परिजनों को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । उरई



अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव/ उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी जालौन के अध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में कारगिल युद्ध में जालौन के शहीद वीर सपूत ग्राम चिल्ली के स्व. योगेंद्र सिंह पाल जी जो देश के लिए लड़ते लड़ते 1999 को अपना सर्वोच्च बलिदान दे दिया था। आज इन वीर सपूत के घर जाकर उनकी माताजी को शाल उढ़ाकर सम्मान किया और छोटे भाई कंपाउंडर पाल जी से मिलकर ढाँढस बंधाया और वीर शहीद स्व. योगेन्द्र सिंह पाल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान अरविंद सिंह सेंगर, मो. फ़ैज़ानुल हक़, राजेश प्रजापति, मज़हर ख़ान, शेर सिंह दोहरे, हेमंत, शहर कांग्रेस कमेटी उरई आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## बिजली विभाग ने बड़े बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटे



जन एक्सप्रेस । कालपी

प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के निर्देश के अनुरूप विद्युत विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की टीम राजस्व वसूली के लिये नगरीय क्षेत्र में उतर पड़ी। विभागीय टीम के द्वारा कामर्शियल तथा बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने वसूली करने का अभियान चलाया गया। उपखंड अधिकारी आदर्श राज, अवर अभियंता जितेंद्र कुमार, टीजीटू अभिषेक कुमार की टीम एकत्रित हो गई। टीम के द्वारा मिर्जा मंडी, दमदमा हरीगंज, भट्टीपुरा, जुलैहटी बाईपास रोड आदि मुहल्लों में प्रतिष्ठानों तथा घर घर जाकर बिजली चैकिंग की गई। एसडीओ ने बताया कि विद्युत देय राशि की वसूली करने के लिए विभाग गंभीर है। उन्होंने कहा कि पावर कारपोरेशन के निर्देश पर 5 हजार से ज्यादा के बड़े बकायदारों पर कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि विभागीय टीमों ने चिन्हित बड़े बकायेदारों के आवासों तथा प्रतिष्ठानों में चेकिंग की तथा बकाया विद्युत देय राशि को जमा करने के लिए अभियान चलाया। उपखंड अधिकारी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अपने-अपने विद्युत बिलों की धनराशि को समय से जमा करके अनावश्यक परेशानी से बचें। अभिषेक कुमार, रिंकू पोरवाल दिलीप कुमार, फ़हमीद खान, अजय कुमार निगम आदि लाइन मैन तथा कर्मचारी् अभियान में जुटे रहे।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय में हुआ प्रार्थना सभा का आयोजन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के बीकॉम और बीएससी समूह के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने विवेकानंद सभागार में मूल्य और सामाजिक उत्तरदायित्व पाठ्यक्रम में शामिल प्रार्थना सभा आयोजित की। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने कहा कि प्रार्थना सभा के माध्यम में युवाओं में सामूहिकता का भाव उत्पन्न होता है और संस्कृति एवं संस्कारों से परिचित होते हैं। मूल्य और सामाजिक उत्तरदायित्व का व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि प्रार्थना सभा की गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियो की विशिष्ट प्रतिभाओं को पहचानने में मदद मिलती है। प्रार्थना सभा कार्यक्रम का प्रारंभ विद्या दायिनी मां सरस्वती का पूजन और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा और अधिष्ठाताओ ने किया। बीकॉम और बीएससी समूह के छात्र छात्राओं ने ओम का उच्चारण, सरस्वती वंदना एवं कुलगीत प्रस्तुत किया। अंजली द्विवेदी ने श्रीमद भगवद्गीता के प्रेरक विचार व्यक्त किया। वैभव श्रीवास्तव, अंजली द्विवेदी, काजल साहू, इशू भारती सिंह आदि ने सावन गीत कजरी समूह गान किया। उपकुलसचिव अकादमी डॉ साधना चैरसिया ने मासिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। वैभव श्रीवास्तव ने एकल गीत प्रस्तुत किया। डॉ आर के पांडेय समन्वयक प्रार्थना सभा ने आवश्यक सूचनाएं प्रस्तुत किया। रघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीताराम के सामूहिक भजन के साथ प्रार्थना सभा का समापन हुआ।

# सामाजिक परिवर्तन के महानायक थे शाहूजी महाराज: शिवबाबू

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी ने मनाई। इस दौरान छत्रपति शाहू जी महाराज के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। जिला मुख्यालय में बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष शिवबाबू वर्मा ने कहा कि छत्रपति शाहू जी महाराज ने समाज के गरीब और कमजोर तबके के लोगों को समान भागीदारी देकर सामाजिक परिवर्तन का नारा दिया था। साथ ही महिला शिक्षा को मजबूत करने के लिए उन्होंने कोल्हापुर में प्रथम महिला महाविद्यालय भी खोला था। बहुजन समाज पार्टी छत्रपति शाहू जी महाराज के सिद्धान्तों पर चलते हुए समाज के गरीब और कमजोर तबके के लिए लडाई लड रही है। इस मौके पर बसपा नेता अधिवक्ता कौशलेन्द्र कुमार, सोनपाल वर्मा, जगदीश यादव, नरेन्द्र पाल वर्मा, गया प्रसाद सविता, विनोद पाल, अजय प्रधान, संतोष कुमार, कामता पटेल, पूर्व प्रधान अनिल तिवारी, राममूरत वर्मा, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, राम भजन वर्मा, राजबहादुर निषाद, अधिवक्ता विनय कुमार पाल, लवकुश प्रधान, कैलाश पाल, प्रभुदयाल भारती, दशरथ प्रसाद, सुखराज प्रजापति, कुलदीप सिंह पटेल, रवि वर्मा, राजू अनुपम आदि मौजूद रहे।

# नवागंतुक पूर्ति निरीक्षक ने कोटेदारों की दुकानों का किया औचक निरीक्षण




जन एक्सप्रेस । कालपी

सरकारी खाद्यान्न के वितरण की हकीकत को परखने के लिए नवांगतुक पूर्ति निरीक्षक ने महेवा विकास खंड की सरकारी उचित दर की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। राशनकार्ड धारकों से बातचीत कर कोटेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
पूर्ति निरीक्षक सुशील कुमार ने वरिष्ठ लिपिक सुमेन्द्र तिवारी के साथ महेवा विकास खण्ड के यमुना नदी के किनारे बीहड़ क्षेत्र के ग्राम कीरतपुर में स्थित सरकारी उचित दर की दुकान का औचक निरीक्षण किया। पूर्ति निरीक्षक ने गेंहू, चावल खाद्यान्न का स्टॉक चैक करके अभिलेखों से मिलान किया। दुकान में सफाई व्यवस्था को लेकर पूर्ति निरीक्षक ने हिदायत दी कि परिसर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। दुकान में मौजूद राशनकार्ड धराको से बातचीत करते हुए पूर्ति निरीक्षक ने अगर किसी भी राशनकार्ड धारक को कोई समस्या आती है तो वो पूर्ति कार्यालय में शिकायत दर्ज कराए, शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये तत्परता से उसका निस्तारण कराया जाएगा। इसी क्रम में पूर्ति निरीक्षक ने देवकली गांव स्थित मॉडल शॉप डीलर सूरजभान की दुकान का निरीक्षण किया। वहाँ मौजूद कार्डधारकों को जागरूक करते हुए पूर्ति निरीक्षक ने कहा कि निर्धारित मात्रा में ही खाद्यान्न प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि सरकारी खाद्यान्न में गड़बड़ी मिलने पर कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस दौरान उन्होंने की शासन की योजना है कि गांवों में मॉडल शॉप का निर्माण कराया जा रहा रहा जिससे कार्डधारकों को समस्या ना हो, इसके लिए कार्यक्रम चल रहा है।

## एसपी ने साप्ताहिक परेड की ली सलामी, किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एसपी ने पुलिस लाइन में शुक्रवार को होने वाली साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों के अभ्यास को देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन स्थित अन्य विभागों का भी निरीक्षण किया। एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने शुक्रवार की सुबह पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पहुंचकर परेड की सलामी ली। वहीं पुलिस कर्मियों की परेड भी कराई। इसके बाद उन्होंने डायल 112 का निरीक्षण कर उपकरण देखे। वही मेस, आर्मरी, बैरक आदि का निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्था देखी और सफाई रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों से समस्याएं भी पूछी, और यातायात पुलिस को नियमों का पालन कराने की बात कही। निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिस लाइन के अन्य पटलों को भी परखा। उन्होंने प्रतिसार निरीक्षक पारस चौधरी व सीओ को भी सुधार आदि के निर्देश दिए। परेड के दौरान प्रतिसार प्रभारी समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण, सम्बन्धितों को किया निर्देशित

जन एक्सप्रेस । उरई



डीएम एसपी ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को जिला जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान बन्दियों से वार्ताकर सम्बन्धितो को दिशा निर्देश दिए।
डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने संयुक्त रूप से जिला कारागार में विभिन्न बैरकों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बंदियों से वार्ताकर उनकी समस्याएं एवं सुविधाओ के सम्बंध में जानकारी ली। कारागार परिसर में साफ सफाई मिलने पर संतोष व्यक्त किया और निर्देशित किया कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ सफाई होने चाहिए। जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि कारागार परिसर में किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक एवं गैरकानूनी सामान न पहुंचे। इसके लिए विशेष निगरानी रखी जाए। इस दौरान उन्होंने जेल अधीक्षक को सरकार द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सारी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि जेल के अन्दर किसी भी दशा मे मोबाइल का प्रवेश न होने पाये। इस हेतु रोस्टर बनाकर चेंकिग अभियान चलाकर चेक किया जाये। इसके अतिरिक्त महिला बन्दी गृह मे दी जा रही सुविधाओ के बावत जानकारी ली। इस अवसर पर जेल अधीक्षक नीरज देव, जेलर प्रदीप कुमार, उप जेलर तारकेश्वर सिंह व अमर सिंह सहित आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# विश्वविद्यालय भारतीय शिक्षा प्रणाली को स्थापित कर विश्व के समक्ष प्रस्तुत करेगा एक नया आयाम

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय का 24 वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह के द्वितीय दिवस में विश्वविद्यालय के जीवन पर्यंत कुलाधिपति जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संगीत विभाग की सहायक आचार्या डॉ ज्योति विश्वकर्मा की सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद स्थानीय कलाकारों द्वारा गुरु वंदना प्रस्तुत की गई।
जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने कहा कि यह गौरव का विषय है कि वह इस विश्वविद्यालय को राज्य विश्वविद्यालय के रूप में देख रहे हैं। शीघ्र ही यह विश्वविद्यालय केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में प्रतिष्ठापित होगा। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय परंपरागत विश्वविद्यालय से इतर भारतीय ज्ञान परंपरा का पोषण करते हुए ऋषि परंपरा का अनुसरण करेगा और मैकाले की शिक्षा प्रणाली के स्थान पर भारतीय शिक्षा प्रणाली को स्थापित कर विश्व के समक्ष एक नए आयाम को जन्म देगा। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में किसी भी शिक्षक या कर्मचारी का कभी कोई अहित नहीं होगा और सभी मिल जुलकर विश्वविद्यालय की प्रगति में अपना योगदान देंगे। कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य को विश्व के समस्त कुलाधिपतियों से इतर अत्यंत मूर्धन्य एवं उद्भट्ट विद्वान के रूप में बताते हुए उन्हें आधुनिक भारत के निर्माण में प्रख्यात मनीषी के रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत विभाग की प्रभारी डॉ प्रमिला मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के अंत में सोहर गीत डॉ ज्योति विश्वकर्मा ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कला विभाग द्वारा पेंटिंग प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। इससे पूर्व हिंदी संस्थान उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में संगोष्ठी का समापन हुआ।

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा नोटिस सं. ईपीएस/56/2024 ईमेल पता: dycmmcb15@gmail.com
इलेक्ट्रानिक निविदा ई-प्रणाली के अर्न्तगत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, चारबाग लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र० | निविद सं० | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 56245624 | HIGH REACH PANTOGRAPH FOR AC ELECTRIC LOCOMOTIVES TO RDSO SPECIFICATIONS No. RDSO/2007/EL/ SPEC.0054, REV '2'. STR NO. RDSO/2008/EL/STR/0049 Rev-2 | 17 Nos | 22.08.2024 |

निविदा शर्तें: 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 2283/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | शनिवार | 27 जुलाई 2024



### मौसम पूर्वानुमान

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनाँक 19 से 21 जुलाई, 2024 के मध्य तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की वर्षा होने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 35.0 (+0.6)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 26.0 (+0.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 88 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 69 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 4.9 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 14.2

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# केडीए को करोड़ों का चूना लगाने वाले अधिकारियों पर कब चलेगा योगी बाबा का कानूनी हंटर




जन एक्सप्रेस | कमलेश फाइटर




**कानपुर नगर।** कानपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन में तैनात जिम्मेदार अवर अभियंताओं ने तनख्वा तो सरकार से ली लेकिन फायदा बिल्डरों को पहुंचाया और ऐसा वैसा फायदा नहीं करोड़ों रुपए का फायदा जहां एक ओर बिल्डरों को पहुंचा तो वहीं दूसरी ओर सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व की क्षति हुई है। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने कार्रवाई के नाम पर सिर्फ अवर अभियंताओं के कार्य क्षेत्र में बदलाव कर दिया है। लेकिन जो करोड़ों रुपए के राजस्व को क्षति हुई है उसके संबंध में ना ही तो अभी तक शासन ने संज्ञान लिया है और ना ही उपाध्यक्ष किसी भी प्रकार की कार्रवाई करते हुए नजर आ रहे हैं।

ज्ञातव्य हो कि कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन एक और दो में पूर्व में तैनात रहे अवर अभियंता अरविंद उपाध्याय, जे एन पांडे, पीके वर्मा और प्रवीन शर्मा ने खूब जमकर मानक विहिन निर्माण/अवैध निर्माणों को होने दिया था। खास करके इन लोगों के द्वारा रेजिडेंशियल नक्शे जो पास थे उनमें कमर्शियल निर्माण होने दिया गया। क्षेत्रीय अवर अभियंता की जिम्मेदारी होती है कि जैसे ही निर्माण आरंभ हो उस पर धारा 27 और 28 का नोटिस काटकर सही से निर्माण किए जाने के निर्देश दिए जाएं। सूत्रों की माने तो यह सभी निर्माण आरंभ होने पर धारा 27 और 28 का नोटिस तो जरूर काट देते थे, लेकिन उसके बाद कोई कार्रवाई नहीं करते थे जिस कारण अवैध निर्माणों की गंध सी फैल गई थी। अरविंद उपाध्याय जो पूर्व में जोन दो में तैनात थे इनके द्वारा जमकर बिल्डरों को अवैध लाभ पहुंचाया गया। इनकी अनदेखी से सील बिल्डिंग में अतिरिक्त तल डाल दिए गए। दो दर्जन से भी अधिक बड़े-बड़े रेजिडेंशियल निर्माण में कमर्शियल निर्माण बिल्डरों के द्वारा कर लिया गया। लेकिन अरविंद उपाध्याय के द्वारा उन बिल्डिंगों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जब जन एक्सप्रेस ने प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया तो कुछ निर्माण पर प्राधिकरण की सील की पट्टी लगा दी गई। जिनमें से कई की सील तोड़ी जा चुकी है। यही हाल पूर्व में जोन दो में तैनात रहे अवर अभियंता पीके वर्मा का भी रहा है।

**जेएन पांडे के कार्यकाल में 500 करोड़ के राजस्व को पहुंची है क्षति**

कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन एक का बांसमंडी, चमनगंज, बेकनगंज, बजरिया आदि का प्रवर्तन क्षेत्र देखने वाले जेई जो वर्तमान में ए ई हैं और एक-दो दिन में उनका रिटायरमेंट होना है। इनके कार्यकाल में एक अवैध मार्केट बनकर तैयार हो गई। सील भी लगी लेकिन उनकी लापरवाही के कारण 24 घंटे में खोल भी दी गई। जे एन पांडे के कारण लगभग 500 करोड़ रुपए के राजस्व की प्राधिकरण को क्षति पहुंची है। हालांकि अभी यह रिटायर हो रहे हैं तो लोगों का मानना है कि उनके खिलाफ क्या कार्रवाई होगी। अवर अभियंता (जेई) से प्रमोशन पाकर ए ई हुए प्रवीण शर्मा भी मानक विहीन अवैध निर्माणों को कराने में पीछे नहीं रहे हैं। लेकिन इनके खिलाफ भी कार्रवाई करने का किसी में दम नहीं।

**जन एक्सप्रेस को शासन स्तर पर कार्यवाही का है इंतजार**

जन एक्सप्रेस अखबार के द्वारा लगातार बिल्डरों को अवैध लाभ पहुंचा कर राजस्व को क्षति पहुंचाए जाने का मामला प्रकाशित किया जाता रहा है। जन एक्सप्रेस को अभी भी यकीन है कि उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्राधिकरण को राजस्व की क्षति पहुंचाने वाले पूर्व सचिव, पूर्व अपर सचिव, और अवर अभियंता अरविंद उपाध्याय, जे एन पांडे, पीके वर्मा और प्रवीन शर्मा पर कार्रवाई शासन स्तर पर जरूर करवाएंगे। और इन लोगों के द्वारा राजस्व को पहुंचाई गई क्षति के मामले में सीबीआई अथवा विजिलेंस जांच जरूर होगी। और साथ ही साथ जो निर्माण सील किए गए थे उनका ध्वस्तीकरण भी होगा।

# पौधों की कटिंग एवं ग्राफ्टिंग से प्रवर्धन तकनीक की दी जानकारी




जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के फल विज्ञान विभाग एवं फ्लोरीकल्चर सोसाइटी, कानपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन शुक्रवार को प्रतिभागियों को विभिन्न शोभाकारी पौधों के रखरखाव रोपण एवं प्रबंधन के बारे में अटल पाठशाला पर प्रतिभागियों को ले जाकर प्रयोगात्मक जानकारी दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक एवं विभागाध्यक्ष फल विज्ञान विभाग प्रो. वी के त्रिपाठी द्वारा प्रतिभागियों को नर्सरी इंचार्ज धनीराम के साथ विभिन्न शोभाकारी पौधों को गूटी, शकर्स एवं लेयरिंग द्वारा पौध उत्पादन तकनीक की जानकारी दी गई। विभाग के शिक्षक सहायक डॉ. शिवानंद पांडे द्वारा विभिन्न पौधों की कटिंग एवं ग्राफ्टिंग से प्रवर्धन तकनीक की जानकारी प्रतिभागियों को दी गई।डॉ. विमल कुमार द्वारा पौधों के रखरखाव के बारे में, डॉ. मनुज अवस्थी द्वारा गमले को सही तरीके से भरना, उसमें प्रयुक्त होने वाले मिश्रण तथा पौधों के रोपण के बारे में एवं डॉ. सोमेंद्र वर्मा द्वारा पौधों में विभिन्न पोषण तकनीक के बारे में से जानकारी उपलब्ध कराई गई।

इस अवसर पर फ्लोरीकल्चर सोसाइटी कानपुर की अध्यक्ष उषा झुनझुनवाला ने कहा कि यह दो दिवसीय कार्यक्रम बहुत ही सफल रहा और हमारे प्रतिभागियों को बहुत ही व्यावहारिक और महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

संस्था की सचिव राजश्री डालमिया ने प्रयोगात्मक जानकारी की सराहना करते हुए कहा कि इससे हमारे प्रतिभागी अपने स्वयं के पौधे तैयार कर अपने घरों में रोपण कर सौंदर्य को बढ़ा सकते हैं। इस अवसर पर पूनम भार्गव, अंजलि अग्रवाल, मनोज गुप्ता सहित 30 से अधिक प्रतिभागी एवं विभाग के शोध, परास्नातक छात्र एवं छात्राएं भी मौजूद रहे।

# हॉस्टल एवं स्टूडेंट्स वेलफेयर के विषय में दी गई जानकारी



जन एक्सप्रेस कानपुर नगर

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज एंड बायोटेक्नोलॉजी में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए शुक्रवार को प्रति कुलपति प्रो.सुधीर कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी नव प्रवेशित अंडर ग्रेजुएट एवं पोस्ट ग्रेजुएट स्टूडेंट्स एवं अभिवावक भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन डॉ.आलोक पांडेय ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के डाँ.आशीष श्रीवास्तव, डॉ.प्रवीण कटियार एवं डॉ. शिल्पा कायस्थ ने लाइब्रेरी, प्रॉक्टोरियल बोर्ड, रैगिंग और इनोवेशन फाउंडेशन के विषय में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रति कुलपति ने शिक्षक और छात्रों के बेहतर अकादमिक सम्बन्ध एवं गरिमा के विषय में बताया। डॉ. समरेंद्र चौहान ने हॉस्टल एवं स्टूडेंट्स वेलफेयर के विषय में जानकारी दी। डाँ.विनोद कुमार वर्मा ने सभी छात्रों का मोटिवेशन करते हुए उन्हें अकादमिक उत्कृष्टता के लिए प्रेरित किया। डॉ.वर्षा गुप्ता ने स्कूल की समस्त गतिविधियों की जानकारी दी और सभी शिक्षकों से छात्रों का इंटरेक्शन करवाया गया। कार्यक्रम में समस्त फैकल्टी मेंबर्स एवं स्टाफ मौजूद रहा।

# शिविर मे बच्चो की आंखों, दांतो संग किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

जन एक्सप्रेस | प्रदीप शर्मा



कानपुर नगर। रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्स द्वारा जयनारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, विकास नगर में चलाएं गए दो द्विवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को बच्चो के सामान्य स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया जिसमे लंबाई, वजन, दांत, आंख और हेमोग्लोबिन का परीक्षण किया गया। क्लब के चार्टर अध्यक्ष डॉक्टर भारती विजय शुक्ला ने बताया कि आज के शिविर मे 175 बच्चो की आंखों का, दांतो का तथा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें 20 प्रतिशत बच्चो के दांतों में कैविटी पाई गई 50 प्रतिशत बच्चे ठीक से ब्रश नही करते हैं व 5 प्रतिशत बच्चो के दांत टेढ़े मेढे थे। 10 से 15 प्रतिशत बच्चो के आंखों से संबंधित समस्या से ग्रसित पाए गए। उन्होंने बताया कि शिविर में दांतो की सुरक्षा एवं देखभाल पर बच्चों के लिये कार्यशाला का भी आयोजन हुआ। इस कार्यशाला में डॉ. साक्षी पांडेय द्विवेदी ने बच्चो को किस प्रकार से ब्रश करना चाहिये और दांतों की सुरक्षा रहती है तथा इसके लिये क्या क्या करना आवश्यक है के बारे में बच्चो को बतलाया। इस दो द्विवसीय स्वास्थ शिविर में सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण पारस हॉस्पिटल, बिठूर और आंखों की जांच सेंटर फॉर साइट और ए एस जी ऑय हॉस्पिटल के सौजन्य से किये गए। इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉ. पुष्पा यादव,क्लब अध्यक्ष डॉ बी यन आचार्य, दंत चिकित्सक डॉ साक्षी पांडेय द्विवेदी, विशाल सिंह यादव, हर्षिता यादव, प्रतीक तिवारी ,डॉ.राखी आंखों की जांच ए एस जी ऑय हॉस्पिटल की टीम ने किया। बताते चले कि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3110 के मंडलाध्यक्ष रो नीरव निमेष के आह्वान पर पूरे डिस्ट्रिक्ट में आरोग्यम कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चो का वृहद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जा रहा है। इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के कौस्तुभ ओमर, सुशील शुक्ला, अवधेष मिश्रा, अनिल कुमार त्रिपाठी, क्लब के अध्यक्ष डॉ बी यन आचार्य, क्लब चार्टर अध्यक्ष डॉ.भक्ति विजय शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष राजीव कटियार, चार्टर सचिव मयंक गहोई आदि मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा चालकों की अराजकता पर लगाम लगा पाने में कमिश्नरेट पुलिस असफल




**कल्याणपुर के व्यापारियों का भविष्य अंधकार में, टूट रही दुकानदारी**

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

कल्याणपुर-पनकी रोड स्थित बाजार में ई-रिक्शा चालकों की अराजकता के कारण बाजार का दम निकला जा रहा है। ई-रिक्शा चालकों की अराजकता के चलते बाजार में आने वाले ग्राहकों को गम्भीर समस्या का सामना करना पड़ता है। जिसके चलते पनकी रोड पर घंटों जाम लगा रहता है। पनकी रोड पर ई रिक्शा चालकों की अराजकता के चलते ग्राहकों की संख्या दिन प्रतिदिन घटती चली जा रही है। ई रिक्शा चालकों की अराजकता को लेकर कई बार व्यापारी आंदोलन तक कर चुके हैं।लेकिन सुध नहीं ली गई और वही ई रिक्शा चालकों के सामने ट्रैफिक पुलिस भी नतमस्तक हो चुकी है। ई-रिक्शा चालकों की अराजकता के कारण आने में कतराते हैं। जिस कारण व्यापार पूरी तरह से चौपट होता जा रहा है। व्यापारियों की माने तो कल्याणपुर क्रॉसिंग से लेकर पेट्रोल पंप तक काफी बड़ी बाजार है। जहां पर आसपास के क्षेत्र के लोग खरीदारी करने आते थे। लेकिन पांच सौ मीटर के दायरे में दोनो ओर ई-रिक्शा चालकों की दिन भर धमाचौकड़ी के चलते अब ग्राहक आगे निकल जाते हैं। व्यापारियों का कहना है कि क्रॉसिंग से गनपत कांपलेक्स तक करीब 250 ई-रिक्शा चालक खड़े होते हैं। जिससे बाजार में जाम की स्थिति बनी रहती है और दुकानों के ई-रिक्शा की भीड़ देखकर ग्राहक आगे बढ़ जाते हैं। व्यापारियों का कहना है कि कल्याणपुर में करीब 30 से 35 हॉस्पिटल हैं। ई-रिक्शा चालकों की अराजकता से कई बार एंबुलेंस जाम में फंसी रहती है। जिसके चलते कई बार कई मरीजों की एंबुलेंसमें मौत भी हो चुकी है। जिसका विरोध कल्याणपुर युवा उद्योग व्यापार मंडल श्याम बिहारी (गुट ) करता आया है जिसमें मुख्य रूप से राजेश चंदेल, राहुल शुक्ला,आनंद शुक्ला,अनुज राजावत, बब्बन गुप्ता गोपी वर्मा, अमित मिश्रा, कन्हैया वर्मा आदि मौजूद थे।

# विश्वविद्यालय की महिला प्रोफेसर के घर में लूट करने वाले गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



शहर के कल्याणपुर थाना क्षेत्र स्थित छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के कैंपस के अंदर रहने वाली महिला असिस्टेंट प्रोफेसर के आवास में घुसकर नकाबपोश बदमाशों ने बीते दिनों लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। जिसका खुलासा कल्याणपुर पुलिस ने कर दिया है और चोरी की घटना में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार का लिया है।पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने लूट की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। वही मुख्य आरोपी सनी थापा पुलिस को चकमा देकर नेपाल फरार हो गया है।

ज्ञातव्य हो कि विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कल्पना अग्निहोत्री विश्वविद्यालय के कैंपस में ही परिवार के साथ शिक्षक आवास में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को बताया था कि बीती 15 जुलाई की सुबह छह बजे नकाबपोश युवकों ने उनका दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खोलते ही बदमाश उनके गले पर चाकू रख घर के अंदर दाखिल हो गए थे। जब उन्होंने विरोध करने का प्रयास किया तो लुटेरे ने उन्हें व बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उनसे अंगूठी, मोबाइल, लैपटॉप, डेबिट कार्ड, कैश, गाड़ियों की चाबी समेत अन्य कीमती सामान लूट कर फरार हो गए थे। कल्याणपुर पुलिस घटना की जानकारी होते ही मुकदमा दर्ज कर नकाबपोश बदमाशों की तलाश शुरू कर दी थी। जिसके चलते सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपियों की पहचान करते हुए मुखबिर की खास सूचना पर अमन कटियार, सौरभ व विशांक कुशवाहा को बरसाइतपुर मोड़ से गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान पुलिस पूछताछ में लुटेरों ने पुलिस को बताया कि आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए योजना बनाकर छः सात वर्ष पूर्व छत्रपति साहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर नगर के गर्ल्स हास्टल में काम करने वाले सनी थापा जो की नेपाल का रहने वाला है तथा चोरी में पहले भी जेल गया था। जेल से छूटने के बाद सनी ने कल्पना के गहरा की रैकी कर लूट करने की योजना बनाई थी। इस दौरान सनी ने सभी की मदद से लूट की घटना को अंजाम दिया था। लूट की घटना को अंजाम देने के बाद सनी अपनी पत्नी सहित लूट के माल को बेचने के लिए नेपाल चला गया था।

### दिव्यांगों ने डीसीपी साउथ को ज्ञापन सौंप मांगा न्याय

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर।** राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने कल डी.सी.पी. साऊथ को ज्ञापन सौंप कर दिव्यांगजन अधिनियम 2016 सभी थानों में लागू करने, थानों में रैम्प बनाने व दिव्यांग उत्पीड़न कि रिपोर्ट थानों में दर्ज करने के मांग की है7डी.सी.पी. साऊथ रवीन्द्र कुमार ने मांगों पर जल्द कार्यवाही का भरोसा दिया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि अधिकारियों को दिव्यांगजन अधिनियम की जानकारी नही है जिसके कारण दिव्यांगजन अधिनियम के तहत दिव्यांगजन की रिपोर्ट थानों में नहीं दर्ज हो पा रही है। अधिकतर थानों में रैम्प न होने की वजह से दिव्यांगजन अपने उत्पीडन की रिपोर्ट थानों में दर्ज करने नहीं जा पाते है। वीरेन्द्र कुमार कुमार ने कहा कि थानों में दिव्यांगजन के साथ सम्मान जनक व्यवहार होना चाहिए। सम्मान जनक व्यवहार न होने से दिव्यांगजन अपने को उपेक्षित महसूस करते हैं। डी.सी.पी. साऊथ ने सभी मांगों पर कार्यवाही करने का भरोसा दिया है।

# मेहंदी प्रतियोगिता में बेटियों ने बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शुक्रवार को खुशहाल बेटियां खुशहाल समाज समिति राष्ट्रीय संस्था द्वारा कानपुर विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 40 छात्राओं ने भाग लिया और अपनी कला और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। अपने हाथों पर विभिन्न डिजाइनों को बनाया। प्रतियोगिता का विषय सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए संस्था यह प्रतियोगिता चार चरणों में कर रही है आज द्वितीय चरण में छात्राओं ने अपनी कला के माध्यम से इसका प्रतिनिधित्व कर समाज में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया।

सभी प्रतिभावान बेटियों को संस्था की तरफ से संस्था के सदस्यों एवं स्कूल की प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों को रजिस्टर पेन वितरित किया। अनाथालय से आ रहे बच्चों की पढ़ाई के लिए संस्था ने रजिस्टर और पेन स्कूल को दिए।

- प्रतियोगिता की निर्णायक डॉक्टर कामिनी दीक्षित, रश्मि मिश्रा, कुमारी नीलम मिश्रा ने विजेताओं का चयन किया और प्रथम स्थान शालिनी शर्मा 12ह्लद्ध ए की छात्रा द्वितीय स्थान चह्वह्लद्धद्बह्वद्ध 11ह्लद्ध स्र तृतीय स्थान मौर्य चौधरी 11ह्लद्ध संतवना स्थान खुशी कुमारी, पूर्णिमा ने प्राप्त किया।
- संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष एकता मिश्रा एडवोकेट ने कहा, मेहंदी प्रतियोगिता हमारी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है कौशल के क्षेत्र में बेटियां मेहंदी कला से भी अपना नाम कमा सकते हैं और अपना व्यवसाय चला सकती हैं। स्कूल की प्रिंसिपल शिखा निगम जी ने सभी लोगों का धन्यवाद दिया और संस्था से अन्य भी इसी तरीके के कार्यक्रम करते रहने के लिए कहा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर कामिनी दीक्षित, रश्मि मिश्रा, राष्ट्रीय अध्यक्ष एकता मिश्रा, सचिन अर्चना मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष साधना दीक्षित, प्रधानाचार्य शिखा निगम नीलम मिश्रा अनीता अवस्थी बीना जी आदि लोग उपस्थित रहे

# अवैध बने शॉपर्स स्टॉप मॉल में लगी आग

जन एक्सप्रेस | कमलेश फाइटर



कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन एक नवनिर्मित शोरूम/मॉल इस समय कई प्रकार से चर्चा में तो था ही कल इस मॉल में अचानक से आग लगने की सूचना से हड़कंप मच गया। यह तो कहिए ऊपर वाले का शुक्र है कि किसी भी प्रकार के जान माल की हानि नहीं हुई और कहीं अगर ऐसा हो जाता तो कानपुर विकास प्राधिकरण और अग्निशमन विभाग के कई जिम्मेदार वर्तमान समय में सरकार के रुख को देखते हुए जेल जाने से नहीं बच सकते थे। कारण यह है कि प्राधिकरण और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के कारण ही यह अवैध माल तैयार हुआ है।

शुक्रवार को शहर में अचानक से सायं का लगभग 7 बजे से लेकर 8 बजे के बीच हल्ला मच गया कि थाना नजीराबाद क्षेत्र स्थित जीटी रोड कोकोकोला चौराहे पर निर्मित शॉपर्श स्टॉप मॉल में आग लग गई है। चूंकि शॉपर्स स्टॉप मॉल पूर्ण रूप से कानपुर विकास प्राधिकरण और अग्निशमन विभाग के मानकों के विपरीत अवैध बना है। जिस कारण आग की सूचना लगते ही लोग हड़बड़ाहट में इधर-उधर भागने लगे कहीं से भी उन्हें कोई रास्ता दिखाई नहीं दे रहा था। स्टाफ को भी तत्काल छुट्टी दे दी गई। पता चला कि आग सबसे ऊपर छत पर लगी है। क्योंकि अग्निशमन विभाग के नियमों के अनुसार ऊपर छत पर आग बुझाने के पर्याप्त साधन नहीं थे जिस कारण आपको बुझाने में काफी समय लगा। लेकिन अंतत आग पर काबू तो पा लिया गया । लेकिन वहां पर खरीदारी करने आए लोगों में यह चर्चा भी आम रही की अगर पूरा माल आपके चपेट में आ जाता तो लोग भागते कहां से। जिस प्रकार से अग्नि शमन के यंत्र होने चाहिए वह भी नहीं थे। जिस प्रकार से कमर्शियल मंजिला बना है उस प्रकार से इस शॉपर्स स्टॉप मॉल के पास वैधानिक पार्किंग भी नहीं है।

### तालाब में नहाने गए बच्चे की डूबकर मौत

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर।** शुक्रवार को गुजैनी थाना क्षेत्र के वनपुरवा के नितेश्वर आश्रम के पास मर्दनपुर चौकी क्षेत्र मे बने तालाब मे सात किशोर नहाने के दौरान डूब गए। तालाब के आसपास रहने वालों की नजर नहा रहे किशोरों पर पड़ी तो सभी ने उन्हे किसी तरह तालाब से बाहर निकाला। घबराने की बात तो तब सामने आई जब सात किशोरों मे जब छह किशोर ही तालाब से बाहर निकाले गए। तभी इस बात की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने तालाब से बाहर निकले किशोरों से जब पूछताछ की तो उन्होने बताया कि हमारे साथ एक और साथी था जो कि अभी भी तालाब मे ही लापता है। यह सुनकर मौके पर मौजूद लापता हुए किशोर के परिजनों मे कोहराम सा मच गया। तालाब मे नहाने गए सभी किशोरों की उम्र लगभग 12 से 16 साल के बीच की है। वहीं जब पुलिस ने कड़ी मसककत के बाद लापता हुए किशोर हसनैन को तालाब मे ढूंढा तो वह मृत पाया गया। लेकिन सांसे चलने की आशंका जताने के चलते हसनैन को पुलिस द्वारा आनन फानन मे हैलट ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### आरटीओ में डीसीपी और मजिस्ट्रेट ने अचानक मारा छापा

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर।** शुक्रवार को अचानक से आरटीओ परिसर में डीसीपी सेंट्रल और मजिस्ट्रेट छापा मारने पहुंच गए। इसके बाद आरटीओ परिसर में हड़कंप मच गया। सारे के सारे दलाल इधर-उधर छुपाते हुए भागने लगे। लेकिन पुलिस ने लगभग एक दर्जन दलालों को गिरफ्तार किया है। खबर लिखे जाने तक थाना काकादेव में गिरफ्तार किए गए दलालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किए जाने की तैयारी की जा रही थी। ज्ञातव्य हो कि आरटीओ कार्यालय में बिना दलालों के कोई काम नही होता है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### कर-करेत्तर, राजस्व वसूली एवं राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक में डी एम ने दिये निर्देश

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** डीएम हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर, वसूली एवं राजस्व कार्यो की प्रगति की मासिक समीक्षा बैठक हुई। इस मौके पर डीएम ने सभी एसडीएम व तहसीलदारों से कहा कि अपने क्षेत्रों में राजस्व कार्यों की प्रगति के लिए नियमित रूप से निरीक्षण कर लक्ष्यों की पूर्ति करें। उन्होंने परिवहन विभाग से कहा कि अवैध वाहनों एवं यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर चालान करने की गति में तेजी लाई जाय। सभी विभाग कर आदि की वसूली में अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्रत्येक दशा में प्राप्त कराना सुनिश्चित कराये। आबकारी अधिकारी को निर्देश दिये कि शराब की दुकानों पर नियमित रूप से जांच आदि सहित अन्य कार्यवाही भी नियमानुसार करें। वन विभाग की लक्ष्य के सापेक्ष अधिक प्रगति होने पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रगति को बनाए रखने के निर्देश दिये। मण्डी विभाग में आवक की गति ठीक न होने पर उन्हें निर्देशित किया कि प्रगति कर जल्द अवगत कराएं। परिवहन, आबकारी, विद्युत, व्यापार कर, खनन, स्टाम्प, नगर निकाय सहित अन्य विभागों के राजस्व वसूली की समीक्षा कर कम वसूली वाले विभागों को प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि वाणिज्य कर विभाग अपना प्रवर्तन का कार्य बढ़ायें और नियमानुसार कर आदि का वसूली को सुनिश्चित करें। नगरीय क्षेत्र के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में नियमानुसार ईकाईयों से कर आदि की वसूली का कार्य किया जाय। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमृता सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्र) प्रफुल्ल त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी न्यायिक अहमद फरीद ख़ान, नगर मजिस्ट्रेट बाबूराम सहित समस्त उपजिलाधिकारी के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### रेन वाटर हार्वेस्टिंग संयंत्रों की शत-प्रतिशत कराएं क्रियाशील : सीडीओ

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा है कि आयुक्त, लखनऊ मण्डल, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में वर्षा ऋतु के दौरान वर्षा जल संचयन एवं भूजल भण्डारण में पर्याप्त बढ़ोत्तरी हेतु जनपद में स्थित सरकारी कार्यालयों, बड़े भवनों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, पार्कों, ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत भवन, विकास खण्ड व अन्य भवनों में लगे रेन वाटर हार्वेस्टिंग संयंत्रों की शत-प्रतिशत क्रियाशीलता सुनिश्चित कराते हुए जनता के मध्य इसकी आवश्यकता का व्यापक प्रचार-प्रसार भी कराया जाए।

### रायबरेली और अमेठी लोकसभा चुनाव में फर्जी वोटिंग की आशंका

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** सलोन क्षेत्र में फर्जी जन्म प्रमाणपत्र मामले की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे नई बातें भी निकलकर सामने आ रही हैं। वर्ष 2024 में रायबरेली व अमेठी जिले में हुए लोकसभा चुनाव में फर्जी वोटिंग की आशंका भी जताई जा रही है। फर्जी जन्म प्रमाणपत्र के जरिए मतदाता पहचानपत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड समेत अन्य दस्तावेज बनाने की बात सामने आ रही है।

**प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद अचानक पहुंचे सदर तहसील, किया निरीक्षण**

# निरीक्षण करने की सूचना पर जिले के अधिकारियों में मच गया हड़कंप

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद के अचानक सदर तहसील का देर शाम निरीक्षण करने की सुचना पर जिले के अधिकारियों में हड़कंप मच गया अचानक निरीक्षण की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के साथ-साथ अपर जिला प्रशासन प्रफुल्ल त्रिपाठी ने सदर तहसील पहुंचे पी. गुरु प्रसाद ने पहले तो तहसील परिसर का निरीक्षण किया फिर उप जिला अधिकारी सदर के कार्यालय में बैठकर उन्होंने सबसे पहले अपर जिला अधिकारी प्रशासन कि न्यायालय में राजस्व संबंधी मामलों में योजित वाद की फाइलों का निरीक्षण किया। साथ ही निर्देश दिया की मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार समय और सीमाबद्ध तरीके से वादों का तत्काल प्रभाव से निस्तारण किया जाए।

प्रमुख सचिव के निरीक्षण में अगली कतार में उप जिलाधिकारी सदर की न्यायालय के मामले सामने आए। जिसमें मुख्य रूप से धारा 80 और धारा 24 की फाइलों की चर्चाएं जोरों पर रही। ऑनलाइन मुकदमों के आंकड़ों में धारा 80 की 8 ऐसी फाइल नजर आई जिनमें अधीनस्थ कर्मचारी और



अधिकारियों से दोबारा रिपोर्ट मांगी गई है। निरीक्षण के अगले पड़ाव में तहसीलदार सदर के कोर्ट की फाइलों को मंगवाकर गहनता से देखते हुए कुछ फाइलों पर प्रश्न चिह्न भी लगाया।

पी. गुरु प्रसाद ने यह भी कहा कि पिछले 3 साल से इन फाइलों का निराकरण क्यों नहीं हो पाया। जिस पर तहसीलदार सदर व उनके पेशकार गोलमोल जवाब देते नजर आए। सूत्रों की माने तो बंद कमरे के अंदर जिले के अधिकारियों और कर्मचारियों को मुकदमों में हिला हवाली करने पर डाट भी सुनाई पड़ी तो वही 6 महीने के अंदर सालों से पड़े मुकदमों का निस्तारण करने पर सराहा भी गया।

प्रमुख सचिव, राजस्व पी. गुरुप्रसाद ने कहा कि राजस्व वादों के निस्तारण के लिए समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री द्वारा भी मुकदमों के निस्तारण में लगने वाले लंबे समय को देखकर चिंता व्यक्त की गई है। पैमाइश के मुकदमे हैं उनकी समय सीमा 90 दिन और लैंड के मुकदमे के लिए 45 दिन का समय निर्धारित किया गया है। अनावश्यक रूप से जो मुकदमे लंबित है उन पर कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री द्वारा आदेश दिया गया है। इसी कड़ी में आज क्या स्थिति है इसके लिए हम आए थे। बहुत पुराने मामले जो लंबित है पिछले 6 महीने में काफी मेहनत की गई है। पूरे प्रदेश में पेंडिंग केस में 5 लाख से अधिक मामले में कमियां आई हैं। लेकिन लंबित मामलों की संख्या अभी भी काफी अधिक है। चुनाव की वजह से कार्य प्रभावित हुआ था। उसे पूरा करने के लिए सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया है।

### 300 साल पुराने काठ के फोल्डिंग झूले पर विराजमान होंगे भगवान राम

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या धाम।** रंगमहल मन्दिर, राममंदिर के बगल में ही स्थित है ।रंगमहल में भगवान राम को दूल्हे के रूप में सेवा की जाती हैं। हरियाली के प्रतीक सावन की शुरुआत के साथ ही मधुर उपासना के प्रसिद्ध स्थान रंगमहल व सद्?गुरु सदन में झूलनोत्सव की शुरुआत हो गई है। गुरु पूर्णिमा से सावन पूर्णिमा तक चलने वाले इस उत्सव को लेकर हर मंदिर में आचार्यों की स्थापित अलग-अलग परम्परा है, उसी परम्परा का निर्वाह अनवरत हो रहा है। अयोध्या के पौराणिक मंदिरों में शुमार रंगमहल में करीब तीन सौ साल प्राचीन काठ का फोल्डिंग झूला अब भी प्रयोग हो रहा है। इस झूले पर भगवान को विराजित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतिदिन आयोजित किया जा रहा है। मंदिर के महंत रामशरण दास महाराज ने बताया कि आचार्य परम्परा में कृष्ण पक्ष की एकादशी को भगवान के फूलबंगले की भव्य झांकी सजाई जाएगी। वहीं शुक्ल पक्ष की एकादशी को गलबहियां की झांकी सजाई जाएगी। वहीं सदगुरु सदन गोलाघाट में वयोवृद्ध महंत सिया किशोरी महाराज के सानिध्य में रजत झूले पर भगवान को प्रतिष्ठित उत्सव का शुभारम्भ हो गया है। यहां आचार्यों की परम्परा में भगवान के स्वरूपों की झांकी सजाकर प्रतिदिन आचार्यों के रचित पदों का गायन व नृत्य की परम्परा है।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यातायात प्रभारी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर में चलाया गया चेकिंग अभियान




**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में आज दिनांक 26.07.2024 को कलेक्ट्रेट परिसर में चार पहिया वाहनों के शीशों में ब्लैक फिल्म लगाकर चलनें वालों का चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वाहनों की चेकिंग करते हुए वाहनों के शीशे में काली फिल्म लगी पाई जाने पर काली फिल्म निकलवाई गई।

उपरोक्त प्रकार के सभी वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई तथा बिना नंबर प्लेट के चलने वाले वाहन तथा अपूर्ण नम्बर प्लेट वाले वाहनों एवं मोडीफाइड साइलेंसर लगा कर चलने वाले वाहनों की चेकिंग की गई। साथ ही सड़क के किनारे वाहन खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहनों के विरुद्ध भी चेकिंग व प्रवर्तन कार्रवाई की गई एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भी चेकिंग अभियान चलाया गया। उक्त संपूर्ण अभियान के दौरान पूरे जनपद में कुल 463 चालान करते हुए 661000 रूपये का जुर्माना योजित किया गया।

## औद्योगिक क्षेत्र में अवैध कब्जे पर चला बुलडोजर

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद के औद्योगिकक्षेत्र जगदीशपुर के सेक्टर 36 में एफ 33 से एफ 36 भूखंड उद्यमियों को यूपीसीडा द्वारा आवंटित किया गया था।लेकिन उस पर अवैध कब्जा होने के कारण वास्तविक आवंटियों को अभी तक कब्जा नहीं मिल पाया था। जिसकी शिकायत उद्योग बंधु की बैठक में आवंटियों द्वारा जिलाधिकारी से की गई थी।जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया था कि तत्काल अवैध कब्जा हटाते हुए वास्तविक आवंटियों को कब्जा प्रदान किया जाए।डीएम के निर्देश पर उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया, तहसीलदार मुसाफिरखाना राहुल सिंह,यूपीसीडा के वित्त एवं लेखाधिकारी धर्मचंद सहायक प्रबंधक क्षेत्रीय कार्यालय अमित कुमार, सहायक प्रबंधक सिविल आरसी निगम पुलिस बल के



साथ पहुंचे और उपरोक्त स्थल की नपत कराई गई।इसके बाद वहां पर बनी बाउंड्रीवाल को जेसीबी से ध्वस्त कराया गया। और यूपीसीडा की ओर से दोनों शिकायतकर्ता आवंटियों को उनकी आवंटित दुकानों पर कब्जा दिलवाने की कार्यवाही की गई। बताते चलें कि औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर में वर्ष 2005 में शिवकुमार चौरसिया को सेक्टर 16 में तीन दुकानें आवंटित की गई थी। और संजय सिंह को एक दुकान आवंटित की गई थी। जिस पर अभी तक अवैध कब्जा होने के कारण उन्हें कब्जा नहीं मिल सका था। जिसकी शिकायत डीएम से करने के उपरांत अवैध कब्जे को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए वास्तविक आवंटियों को कब्जा दिलाया गया।

### जेल में निरुद्ध विचाराधीन बन्दियों हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली श्री तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में आज दिनांक 26.07.2024 को जिला कारागार, रायबरेली में निरुद्ध बंदी हेतु विशेष लोक अदालत जेल का आयोजन किया गया। उक्त जेल लोक अदालत को सम्पादित किये जाने हेतु प्रथम-अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमोद कंठ को नामित किया गया। अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य के द्वारा बताया गया कि जेल प्रशासन द्वारा विशेष लोक अदालत जेल हेतु चिन्हित किये गये कुल 6 बन्दियों के 9 वादों पर नामित मजिस्ट्रेट अमोद कंठ के द्वारा सम्यक विचारोपरांत 1 बन्दी के वाद को निस्तारित किया गया। इसके अतिरिक्त अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य के द्वारा जिला कारागार में स्थित लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया।

## प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा हुई संपन्न

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जिलाधिकारी निशा अनंत के आदेशानुसार एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी के निर्देशानुसार शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय अमेठी प्रतिभा खोज परीक्षा खण्ड शिक्षा अधिकारी तिलोई राम किशन कश्यप के देख-रेख में संपन्न हुई। जिसके अंतर्गत कविता, भाषण, गायन, नृत्य निबन्ध और पेंटिग पर कक्षावार 6,7 व 8 के बच्चों की प्रतियोगिता हुई। जिसमें सर्वाधिक चार बच्चे कंपोजिट विद्यालय भेलाई कला,तीन बच्चे कंपोजिट विद्यालय पाकरगांव,दो दो बच्चे उप्रावि सैंबसी और कंपोजिट विद्यालय पूरे लालमिश्र तथा एक-एक बच्चे उप्रावि हंसवा, शाहमऊ कंपोजिट बेलवाहसनपुर, रमई, भवानीनगर गड़ेहरी व केजीबीवि तिलोई से कुल अठारह बच्चे तहसील स्तर पर प्रतिभाग करने हेतु चयनित हुये। कक्षा छ से छ इवेण्ट में क्रमशः



सिद्धार्थ, प्रिन्स, चाहत, पायल, अंकिता कुमारी व दीपा, कक्षा 7 से अनन्या शुक्ला, नगमा, अविरल, लक्ष्मी व साइमा और कक्षा-8 से पूजा शर्मा, प्रियांशी, जुबैदा, महक, दिव्यांशी व ऊषा का चयन हुआ है।परीक्षा का संचालन एआरपी बृजेश कुमार सिंह, माधवेन्द्र प्रताप सिंह व शोभा शरण द्वारा किया गया।निरीक्षण व परीक्षण में धीरेन्द्र प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष,रमाकान्त मौर्य महामंत्री व अन्य अध्यापकों का योगदान रहा। धीरेन्द्र प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष ने सभी बच्चों व शिक्षकों को आभार व धन्यवाद व्यक्त किया। सभी बच्चों को तहसील स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने व सुन्दर प्रदर्शन करने हेतु शुभकामनाएं दी।

## कारगिल दिवस पर देश के वीर जवानों को किया याद



**जन एक्सप्रेस । अयोध्या धाम**

प्रॉमिनेंट पब्लिक स्कूल के बच्चों ने कारगिल दिवस पर देश के उन वीर सपूतों को याद किया जिन्होंने छल से हमला करने वाले पाकिस्तानी सेना के जवानों के छक्के छुड़ा दिए और उन्हें मार गिराया गया। ज्ञात हो की 1999 में पाकिस्तानी फौज़ ने जम्मू कश्मीर की सबसे ऊंची पहाड़ियों पर चुपचाप अपने बंकर बना लिए थे किंतु जैसे ही अपनी आर्मी को जानकारी हुई वैसे ही तत्काल उन्हें हटाने के लिए युद्ध छेड़ दिया जिसमें हमारे बहुत सारे वीर जवानो को शहादत देनी पड़ी। आज कारगिल युद्ध को हुए 25 वर्ष बीत गए हैं और हम अपने वीर शहीदों को याद करते हैं जिन्होंने टाइगर हिल जैसे ऊंची पहाड़ियों पर अपना कब्जा पुनः जमा लिया था और पाकिस्तानियों के बने सभी बंकर तहस नहस कर दिए। प्रॉमिनेंट के बच्चों ने उन सभी वीर जवानों को सैल्यूट किया और जय भारत, जय जवान तथा वंदे मातरम का नारा लगाया उक्त अवसर पर बच्चे एवं शिक्षक उपस्थित थे।

## इंडियन ओवरसीज बैंक की नई शाखा का हुआ शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

भगवान श्रीरामलला की पावन जन्मस्थली अयोध्याधाम में शुक्रवार को इंडियन ओरवसीज बैंक की नई शाखा का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में इंडियन ओरवसीज बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे। जिन्होंने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच बैंक की नई शाखा का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि हम प्रभु श्रीराम की सेवा में यहां पर आए हैं। अयोध्याधाम में इंडियन ओरवसीज बैंक की शाखा खोली है। यह शाखा पूरी तरह से लोडेड है। लोडेड शाखा का तात्पर्य बैंकिंग सुविधाओं से शत प्रतिशत लैस हो।जो सुविधाएं बैंक से संबंधित हो सकती हैं। वह सभी सुविधाएं यहां पर उपलब्ध करायेंगे। यहां तक कि हम लोगों ने पहले दिन से ही लाकर सुविधा दी है। हर तरह की सुविधा इस शाखा में है। बैंक का प्रयास है कि यहां के रहने वालों और अयोध्यावासियों को हम उच्चतम स्तर की बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध करायेंगे।




साथ ही साथ हम लोग भगवान श्रीरामलला की सेवा में भी लगे रहेंगे। देश भर में बैंक की कुल 3 हजार 2 सौ 50 ब्रांचें हैं। अयोध्याधाम की शाखा संग पूरे उत्तर प्रदेश में 10 और नई शाखाओं का उद्घाटन किया है। यानी बैंक की कुल 11 शाखाओं का शुभारंभ हुआ है। इस प्रकार उत्तर प्रदेश में अब बैंक की कुल 2 सौ 32 शाखाएं हो गई हैं। बैंक का एटीएम सातों दिन चौबीस घंटे उपलब्ध रहेगा। जब भी अयोध्याधाम में कोई ऐसा विशेष उत्सव का दिन आयेगा। उस दिन श्रद्धालुओं की संख्या अयोध्याधाम में ज्यादा रहेगी। तो हमारा प्लान कि है कि हमारी यह शाखा सातों दिन चौबीस घंटे उपलब्ध रहेगी। इंडियन ओरवसीज बैंक के अयोध्याधाम शाखा प्रबंधक विनीत कुमार ने कहा कि हमारा बैंक ग्राहक सेवा में देश का नंबर एक बैंक है। यहां पर सारी बैकिंग सुविधाएं उपलब्ध हैं जो ग्राहकों को मिलेंगी। बैंक में लाकर सुविधा उपलब्ध है। शाखा में आटोमैटिक पास बुक प्रिंटिंग लगाई गई है। जमा और निकासी के लिए एटीएम मशीन लगा है। हमारा लक्ष्य है कि हम प्रभु श्रीराम की धरती पर साधु-संतों, व्यापारियों व अन्य ग्राहकों का खाता खोल सकें। उनको बैंक की सारी सुविधाएं उपलब्ध कराएं। इससे पहले बैंक के शाखा प्रबंधक ने मुख्य अतिथि को बुके भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर इंडियन ओरवसीज बैंक के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक पूर्ण चंद्र सतपथि समेत बैंक की अयोध्या-फैजाबाद शाखा का समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## मातृभूमि सेवा मिशन के तत्वाधान में शहीद स्मारक में नि :शुल्क योग शिविर संपन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। सन् 1999 में इस तारीख को भारत और पाकिस्तान के बीच 3 महीने तक चले युद्ध का अंत हुआ था।दरअसल, 3 मई 1999 को पाकिस्तान ने कारगिल की पहाड़ियों पर 5 हजार से ज्यादा सैनिकों के साथ घुसपैठ कर कब्जा जमा लिया था। इसे लेकर 5 मई के दिन भारतीय सेना गश्त पर निकली, तो पाक सेना द्वारा भारतीय सेना के पांच जवानों को बंधक बनाकर यातनाएं देकर मार दिया गया। इसके बाद पाकिस्तानी घुसपैठियों को कारगिल से खदेड़ने के लिए **'ऑपरेशन विजय'** चलाया गया। इस युद्ध में 2 लाख भारतीय सैनिकों ने हिस्सा लिया था और ये युद्ध 60 दिनों तक चला था। 26 जुलाई 1999 के दिन आधिकारिक रूप से कारगिल युद्ध समाप्त हुआ। उक्त बातें मुख्य अतिथि कैप्टन आर बी सिंह ने व्यक्त किया वेटरन बृजेश सिंह ने कहा कि भारतीय थल सेना और वायु सेना के ज्वाइंट ऑपरेशन से पाकिस्तानी फौज एवं घुसपैठियों को मार गिराया गया। बोफोर्स तोप से 90 डिग्री अर्थात सीधी खड़ी चढ़ाई पर बैठें हुए दुश्मनों पर गोला बारूद गिराया गया एवं मिराज 2000 फाइटर जेट, मिग 27, 29 की सहायता से RR 77 मिसाइलों से उनके बंकर और पोस्टों को तबाह कर दिया गया समाजसेवी भाजपा नेता रवींद्र सिंह ने कहा कि कारगिल युद्ध हमारे देश के लिए बहुत ही कठिन समय था। इसके अलावा, यह एक संकट की स्थिति थी जिसने हर भारतीय के बीच राष्ट्रवाद, देशभक्ति और एकता की भावना को जन्म दिया प्रदीप पांडेय ने कहा कि हमारे सेना पर हमें गर्व है जिन्होंने हमारी देश की रक्षा की और यह युद्ध सबसे बड़ा इतिहास बना है। मैं सभी वीर सेनाओं को श्रद्धांजलि देता हूं और देश उनके साथ खड़ा है। संस्था के द्वारा कैप्टन आर बी सिंह, वेटरन बृजेश सिंह को अंगवस्त्र एवं स्मृतिचिन्ह से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के हाथों से पाकड़ का पौधा रोपित किया।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-उ0रे0/वाणिज्य-मण्डल |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14262-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.08.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.08.2024 at 12:30 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 12231-SLR-F2-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.08.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.08.2024 at 12:40 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14217-SLR-R1-PYGS-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.08.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.08.2024 at 12:50 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14217-SLR-F1-PYGS-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.08.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.08.2024 at 13:00 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14229-SLR-R1-PYGS-YNRK-22-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 12.08.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.08.2024 at 13:10 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 12419-SLR-F2-LKO-NDLS-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 12.08.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.08.2024 at 13:20 hrs |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

2274/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### मानव जीवन बचाने के पुलिस कर्मियो ने उठाया बीड़ा

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** कारगिल विजय दिवस के परिपेक्ष्य में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय में किया गया। राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित इस रक्तदान शिविर में 26 रक्तदाता रक्तदान कर महादानी बनें जिसमें करीब डेढ़ दर्जन पुलिस के जवानों ने रक्तदान किया। यह रक्तदान शिविर एक यूनिट रक्तदान सरहद के सैनिकों के नाम से समर्पित रहा। इस मौक़े पर संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्त ने कहा कि रक्त का निर्माण किसी फैक्ट्री में नहीं होता यह दान करने से ही जरूरतमंदो को मिलता है, लिहाजा युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। जिससे किसी की मौत खून की कमी से न हो। रक्तदान प्रभारी आरक्षी मो अहद ने कहा कि यह रक्तदान शिविर सैनिक परिवार को समर्पित है और प्रदेश में किसी की मौत खून के अभाव में न हो इसके लिए पुलिस साथियों की टीम पूरे प्रदेश में सक्रिय है, जिससे प्रतिदिन मरीजों की जान बच रही है।

**बालिका सशक्तिकरण कार्यशाला की मेधावी बालिकाओं को एनटीपीसी द्वारा निशुल्क शिक्षा**

## एनटीपीसी की ओर से शिक्षा के अवसर पाकर बच्चियों के चेहरे पर खिली मुस्कान

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

एनटीपीसी ऊंचाहार में बालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत ग्रीष्मकालीन छुट्टियों में संपन्न कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाली 120 बच्चियों में से उच्च मेधावी बारह बालिकाओं को एनटीपीसी ऊंचाहार प्रबंधन द्वारा एनटीपीसी ऊंचाहार आवासीय परिसर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में निशुल्क शिक्षा हेतु एडमिशन दिया गया है। इस मुहिम के तहत परियोजना परिसर के डीएवी स्कूल में एक इंटरैक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसमें परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने मेधावी बालिकाओं तथा उनके अभिभावकों से संवाद स्थापित किया बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए श्री छाबड़ा ने कहा कि इन बालिकाओं





के अंदर जो छिपी प्रतिभा है, उसे बाहर निकालें और अपने आपको किसी से कमतर ना आंकते हुए लक्ष्य निर्धारित करें और अपने कौशल एवं प्रतिभा से सबसे आगे निकलने का साहस पैदा करें। श्री छाबड़ा ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे बच्चियों को घर में पढ़ने व जो कार्य स्कूल में दिया जाए उसे पूरा करने के लिए ना केवल प्रेरित करें बल्कि समय-समय पर उनका मार्गदर्शन भी करें।

मानव संसाधन विभाग की प्रमुख रूमा दे शर्मा ने बालिकाओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि एनटीपीसी ने आपको एक सशक्त मंच दिया है, अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए इसका भरपूर लाभ उठाएं। अभिभावकों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि आपकी बच्चियां हीरा हैं और ये अवसर उन्हें तराशने का एक प्रयास है।

डीएवी स्कूल के प्रधानाचार्य देवेन्द्र मिश्र ने कहा कि संस्कार और शिक्षा डीएवी संस्था के मूल में है। सभी ग्रामीण बालिकाएं जो इस संस्था का हिस्सा बन रही हैं, वे हिंदी से अंग्रेजी और अंग्रेजी से हिंदी में पाठ्य सामग्री में जमकर अभ्यास करें ताकि वे संस्था के सामान्य छात्र-छात्राओं से भी दो कदम आगे बढ़कर अपना, अपने माता-पिता तथा इस संस्था का नाम रौशन करें। इन बच्चियों को आगे बढ़ने के लिए स्कूल की ओर से हर संभव सहायता दी जाएगी

सीएसआर विभाग ने सभी अभिभावकों तथा बालिकाओं का ऊंचाहार परियोजना प्रमुख से परिचय करवाया तथा परियोजना प्रमुख का इस बात के लिए आभार व्यक्त किया कि बालिकाओं और उनके अभिभावकों से संवाद कायम करके उनकी जो हौसला अफजाई किया है, इससे बालिका सशक्तिकरण अभियान को और गति मिली है। साथ ही इस बात को बल मिला है कि एनटीपीसी आसपास के ग्रामीणों के सहूलियतों तथा उनके बच्चों के कौशल विकास के प्रति एनटीपीसी कितना संवेदनशील है।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 34°C | 29°C |
| कानपुर | 33°C | 28°C |
| देहरादून | 31°C | 26°C |
| नई दिल्ली | 33°C | 28°C |

# कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय जवानों के अदम्य शौर्य और साहस का लोहा दुनिया ने माना : सीएम

- सीएम योगी कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित रजत जयंती समारोह में हुए शामिल
- सीएम योगी ने कहा, दुनिया के अंदर भारत की पहचान जबरन एकाधिकार करने वाले देश की नहीं
- बोले सीएम, देश की सीमा की रक्षा करने वाले बहादुर जवानों के साथ राज्य सरकार हमेशा खड़ी है
- सीएम योगी ने एक्स पर लिखा, भारतीय सेना के त्याग पर हमें गर्व : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कारगिल युद्ध भारत पर थोपा गया था। छद्म रुप से पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठ करके भारत पर युद्ध थोपने का कार्य किया था। किन्तु युद्ध का परिणाम क्या होगा यह हमारे बहादुर जवानों ने तय किया। उस समय हमारी सेना के वीर जवानों के सामने विपरीत परिस्थितियां थीं, लेकिन हमारे बहादुर जवानों के सामने कोई दुश्मन टिक नहीं पाया। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय जवानों के अदम्य शौर्य और साहस का लोहा दुनिया ने माना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सेंट्रल कमांड, कैंट के सूर्या सभागार में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित %रजत जयंती समारोह% को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कारगिल विजय दिवस की बधाई देते हुए कहा कि जिन वीर नारियों और परिवारों ने कारगिल युद्ध में अपने परिवार के सदस्यों को खोया है, आज उन्हें सम्मानित कर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। सीएम योगी ने कहा कि दुनिया के अंदर भारत की पहचान जबरन एकाधिकार करने वाले देश की नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि शस्त्रेण रक्षिते राष्ट्रे शास्त्रचिंता प्रवृत्तते यह भारत की परंपरा है। उन्होंने कहा कि बल, बुद्धि और विद्या में भारत जब दुनिया के अंदर जब सिरमौर था, तब भी हमने किसी पर आक्रमण नहीं किया। परंतु किसी आक्रांता ने यहां आकर हमारी शांति और हमारी सद्भावना के हनन का दुस्साहस किया तो भारत माता के बहादुर जवानों ने मातृभूमि के रक्षा करने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। सीएम योगी ने कहा कि देश की सीमा की रक्षा करने वाले बहादुर जवानों के साथ राज्य सरकार हमेशा खड़ी है। सीएम योगी ने कहा कि हमारा जवान किसी भी युद्ध या सीमा की सुरक्षा करते हुए शहीद होता है, तो राज्य सरकार की ओर उसके परिवार को आज 50 लाख रुपए की सहायता दी जा रही है। साथ ही उस परिवार के एक सदस्य की नौकरी भी व्यवस्था सुनिश्चित की है। इसके अलावा 2017 से हमारी सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया कि शहीद होने वाले जवान की स्मृति को आगे बढ़ाने के लिए जिस गांव, नगर, कस्बे का वह जवान होगा, वहां पर एक भव्य स्मारक, इंस्टिट्यूट या किसी मार्ग का नामकरण उस जवान के नाम पर करेंगे। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत के संकल्प को इसलिए ही आगे बढ़ा पा रहे हैं क्योंकि आज देश की सीमाएं सुरक्षित हैं।




### अमर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की

इससे पहले सीएम योगी सेंट्रल कमांड, कैंट में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित रजत जयंती समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अमर जवानों को पुष्पचक्र चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। साथ सीएम योगी ने कारगिल युद्ध के दौरान भारत के वीर जवानों के शौर्य को प्रदर्शित करती हुई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रदेशवासियों को बधाई दी और भारतीय सेना के पराक्रमी योद्धाओं को नमन किया। उन्होंने लिखा भारतीय सशस्त्र बलों के अदम्य शौर्य, अद्वितीय पराक्रम एवं अप्रतिम साहस के प्रतीक कारगिल विजय दिवस की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई! मां भारती के सम्मान और संप्रभुता को अक्षुण्ण बनाए रखने हेतु अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर जवानों को नमन! भारतीय सेना की कर्तव्यनिष्ठा व त्याग की भावना पर हमें गर्व है। जय हिंद!

### इन्हें किया सम्मानित

इस मौके पर सीएम योगी ने परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज पांडेय के पिता, राइफलमैन सुनील जंग की माता, नायक आबिद खान की माता, नायक रामकेश चंद्र यादव की पत्नी, नायक राजेंद्र यादव की पत्नी, लांस नायक अशोक कुमार यादव के बेटे, ब्रिगेडियर अखिल कुमार सिन्हा, कर्नल प्रभात रंजन, कर्नल ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह कौशिक, कर्नल क्षितिज श्रीवास्तव, नायक जितेंद्र सिंह और सिपाही विनोद कुमार दुबे को सम्मानित किया।

# कौशल विकास से जुड़ रहे परिषदीय विद्यालयों के बच्चे

- बचपन से ही छात्रों को कौशल विकास से जोड़कर उन्हें भविष्य के लिए तैयार कर रही योगी सरकार

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

योगी सरकार बचपन से ही छात्रों को कौशल विकास से जोड़कर उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। शुक्रवार को बेसिक शिक्षा विभाग के %शिक्षा सप्ताह% के तहत बच्चों को कौशल विकास से संबंधित जानकारियां दी गईं और उन्हें इसके लाभ बताए गए। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार प्रदेश में शिक्षा का उत्कृष्ट वातावरण तैयार करने व परिषदीय विद्यालयों के माध्यम से उत्तर प्रदेश को निपुण प्रदेश बनाने के लिए लगातार कोशिशें कर रही है। कौशल विकास भी इसी प्रक्रिया का हिस्सा बन रहा है। शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश के सभी परिषदीय विद्यालयों में 22 से 28/29 जुलाई तक शिक्षा सप्ताह मना रहा है। इसके तहत प्रत्येक दिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हो रहा है। शिक्षा सप्ताह के प्रत्येक दिन एक विशिष्ट गतिविधि में बच्चों को शामिल किया जा रहा है। इसी कड़ी में शिक्षा सप्ताह के पांचवें दिन, बेसिक शिक्षा विभाग ने कौशल एवं डिजिटल इनिशिएटिव्स दिवस मनाया। इस दौरान बच्चों को कौशल से जुड़ी जानकारियां दी गईं और उनके भविष्य को संवारने के लिए परिषदीय शिक्षकों ने अनूठे अंदाज में इसको प्रस्तुत किया। दिन भर चले कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों के भविष्य को तय करने वाली जानकारियां दी गईं।

### बुनियादी पहलुओं को सीखने का मिला अवसर

शिक्षा सप्ताह के पांचवें दिन बच्चों को संचार, बिक्री तकनीक और विपणन रणनीतियों में कौशल विकसित करने के लिए अभ्यास का अवसर मिला। विशिष्ट ऐतिहासिक स्थलों के समृद्ध इतिहास को बताया गया। इसके साथ ही, ऐतिहासिक स्थलों के सांस्कृतिक महत्व बताए गए। कृषि और प्राकृतिक पर्यावरण को दिखाया गया। इससे बच्चों को देखकर, सीखने की प्रेरणा मिली। साथ ही उन्हें घरेलू कार्यों की जानकारियों में खाना पकाने, सफाई और बागवानी करने जैसी गतिविधियों से परिचित कराया गया। बच्चों को नवाचार के लिए प्रोत्साहन मिला और उनमें तकनीकी समाधान विकसित करने की कोशिश हुई। प्रतिभागियों को अपने कौशल को दिखाने और सुधारने का मौका मिला।

# अब इंग्लैंड और अमेरिका भी चखेगा कालानमक का स्वाद

- सात दशक बाद इंग्लैंड और पहली बार अमेरिका जाएगा कालानमक
- योगी सरकार द्वारा ओडीओपी घोषित करने के बाद बढ़ता ही गया कालानमक का क्रेज
- तीन साल में तीन गुने से अधिक बढ़ा एक्सपोर्ट

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

अब इंग्लैंड और अमेरिका भी चखेगा कालानमक चावल का स्वाद। करीब सात दशक बाद इंग्लैंड और पहली बार अमेरिका जाएगा कालानमक चावल। इसके पहले नेपाल, सिंगापुर, जर्मनी, दुबई आदि देशों को भी कालानमक चावल का निर्यात किया जा चुका है।

### कालानमक के स्वाद और सुगंध का मुरीद

इंग्लैंड तो कालानमक के स्वाद और सुगंध का मुरीद रह चुका है। बात करीब सात दशक पुरानी है। तब गुलाम भारत में देश भर में अंग्रेजों के बड़े बड़े फॉर्म हाउस हुआ करते थे। ये इतने बड़े होते थे कि इनके नाम से उस क्षेत्र की पहचान जुड़ जाती थी। मसलन बर्डघाट, कैंपियरगंज आदि। सिद्धार्थनगर भी इसका अपवाद नहीं था। उस समय सिद्धार्थ नगर में अंग्रेजों के फार्म हाउसेज में कालानमक धान की बड़े पैमाने पर खेती होती थी। अंग्रेज कालानमक के स्वाद और सुगंध से वाकिफ थे। इन खूबियों के कारण इंग्लैंड में कालानमक के दाम भी अच्छे मिल जाते थे। तब जहाज के जहाज चावल इंग्लैंड को जाते थे। करीब सात दशक पहले जमींदारी उन्मूलन के बाद यह सिलसिला क्रमशः कम होता गया। और आजादी मिलने के बाद खत्म हो गया। इस साल पहली बार इंग्लैंड को 5 कुंतल चावल निर्यात किया जाएगा। इसी क्रम में पहली बार अमेरिका को भी 5 कुंतल चावल का निर्यात होगा।

### तीन साल में तीन गुने से अधिक बढ़ा एक्सपोर्ट

राज्यसभा में 17 दिसंबर 2021 को दिए गए आंकड़ों के अनुसार 2019/2020 में इसका निर्यात 2 फीसद था। अगले साल यह बढ़कर 4 फीसद हो गया। 2021/2022 में यह 7 फीसद रहा। कालानमक धान को केंद्र में रखकर पिछले दो दशक से काम कर रही गोरखपुर की संस्था पीआरडीएफ (पार्टिसिपेटरी रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन) के चेयरमैन पदमश्री डा आरसी चौधरी के अनुसार पिछले दो वर्षो के दौरान उनकी संस्था ने सिंगापुर को 55 टन और नेपाल को 10 टन कालानमक चावल का निर्यात किया। इन दोनों देशों से अब भी लगातार मांग आ रही है। इसके अलावा कुछ मात्रा में दुबई और जर्मनी को भी इसका निर्यात हुआ है। पीआरडीएफ के अलावा भी कई संस्थाएं कालानमक चावल के निर्यात में लगीं हैं। डॉक्टर चौधरी के अनुसार निर्यात का प्लेटफार्म बन चुका है। आने वाले समय में यह और बढ़ेगा। एक नजर में कालानमक की खूबियां दुनियां का एक मात्र प्राकृतिक चावल जिसमें वीटा कैरोटिन के रूप में विटामिन ए उपलब्ध है।

### योगी सरकार द्वारा ओडीओपी घोषित करने के बाद बढ़ता ही गया कालानमक का क्रेज

उल्लेखनीय है कि जबसे योगी सरकार ने कालानमक धान को सिद्धार्थ नगर का एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) घोषित किया है तबसे देश और दुनियां में स्वाद, सुगंध में बेमिसाल और पौष्टिकता में परंपरागत चावलों से बेहतर कालानमक धान के चावल का क्रेज लगातार बढ़ रहा है। जीआई मिलने से इसका दायरा भी बढ़ा है। योगी सरकार ने इसे सिद्धार्थनगर का एक जिला एक उत्पाद ओडीओपी घोषित करने के साथ इसकी खूबियों की जबरदस्त ब्रांडिग भी की। इसीके इसके रकबे उपज और मांग में भी अभूतपूर्व वृद्धि हुई।

# अवध कॉलेजिएट के छात्रों ने मनाया कारगिल विजय दिवस



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

रामगढ़ कॉलोनी स्थित अवध कॉलेजिएट स्कूल के छात्रों ने 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के इस कार्यक्रम में पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में देशभक्ति गीतों का गायन, नाटक, और कविता पाठ शामिल थे, जिनके माध्यम से उन्होंने सैनिकों की वीरता और बलिदान को दर्शाया। छात्रों ने, न केवल कारगिल युद्ध के इतिहास के बारे में जाना, बल्कि उन्होंने यह भी सीखा कि देशभक्ति और बलिदान का क्या महत्व है। कार्यक्रम के दौरान, स्कूल के सभी बच्चों व शिक्षिकाओ ने विशेष रूप से उन सैनिकों को याद किया जिन्होंने कारगिल युद्ध में अपनी जान गंवाई थी। छात्रों ने इन सैनिको की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित किये और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। स्कूल प्रबंधक सर्वजीत सिंह एवम् निदेशिका जतिंद वालिया ने अपने संबोधन में कहा, ÷हमारे सैनिकों की वीरता और बलिदान हमें सिखाता है कि कर्तव्य और देशभक्ति सबसे ऊपर हैं। हमें अपने सैनिकों पर गर्व है जिन्होंने हमारे लिए अपने प्राणों की आहुति दी। इसके बाद, छात्रों ने सैनिकों की याद में एक मौन धारण किया और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। पूरे आयोजन का उद्देश्य छात्रों को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत करना और उन्हें यह याद दिलाना था कि हमारे आज के लिए कितनों ने अपना कल न्यौछावर किया है। कार्यक्रम के अंत में, सभी छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर राष्ट्रीय गान गाया और तिरंगा फहराया। इस प्रकार, कारगिल विजय दिवस का यह आयोजन छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव बन गया और उन्होंने इसे लंबे समय तक याद रखने का संकल्प लिया।

# लखनऊ आरटीओ कार्यालय का अपर परिवहन आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आर टीओ कार्यालय में अपर परिवहन आयुक्त (प्रसाशन) ने औचक निरीक्षण किया। आयुक्त महोदया के दाखिल होते ही कार्यालय परिसर में हड़कंप मच गया। आनन फानन सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने आई कार्ड में नजर आए। आवेदकों से उनके कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। आपको बताते चलें अपर परिवहन आयुक्त चित्रलेखा सिंह ने ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आर टीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण किया तो अधिकारियों कर्मचारियों में हड़कंप मच गया आनन-फानन में सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया गया अपर परिवहन आयुक्त ने काउंटरों पर जाकर आवेदकों से उनके कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी ली वही सारथी भवन के ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने आए आवेदको से भी कार्य की जानकारी ली आवेदकों से पूछा कोई आओ लोगो के कार्य करने में शिकायत या कोई समस्या हो तो आप बता सकते हैं, तथा उन्होंने कार्यालय परिसर की साफ सफाई पीने का पानी शौचालय को दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए। साथ में ही उन्होंने कहा की जनता के कार्यों में किसी प्रकार की हिला हवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी यदि किसी अधिकारी व कर्मचारियों की शिकायत आती है तो जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी साथ ही उन्होंने कार्यालय में फाइलों के रख रखाव की व्यवस्था को दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए।

# राजकीय एवं निजी आईटीआई में प्रवेश हेतु ऑनलाइन करें आवेदन

- इच्छुक अभ्यर्थी एससीवीटी की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि सत्र 2024-25 के लिए राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों आईटीआई में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हैं।आवेदन आईटीआई में नियमित चलने वाले कोर्स तथा टाटा टेक्नोलाजी लिमिटेड के सहयोग से संचालित 149 राजकीय संस्थानों में 11 दीर्घकालीन व्यवसायों के प्रशिक्षण सत्र के लिए किया जा सकता है, जो अगस्त 2024 से प्रारंभ होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी एससीवीटी की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।अधिशासी निदेशक अभिषेक सिंह ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन में की गई प्रविष्टियों में किसी भी प्रकार की त्रुटियों के संशोधन हेतु अभ्यर्थियों को 2 दिन यानि 48 घंटे का समय दिया जाएगा। प्रवेश की जानकारी हेतु अभ्यर्थी विवरणी को पूर्ण रूप से या आवश्यकतानुसार किसी भाग को प्रिंट कर सकते हैं या डाउनलोड कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 04 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक है।

# किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के जनरल सर्जरी डिपार्टमेंट को मिलेगी नई बिल्डिंग, 315 करोड़ रुपए की लागत से होगा निर्माण

- सीएम योगी के विजन अनुसार नियोजन विभाग ने शुरू की प्रक्रिया, टर्न–की बेसिस पर ईपीसी मोड में होगा बिल्डिंग का निर्माण व विकास
- दो बेसमेंट व ग्राउंड फ्लोर समेत 7 मंजिला ऊंची बिल्डिंग का होगा निर्माण, 300 बेड युक्त टीचिंग हॉस्पिटल, मॉर्चरी, रोबोटिक सर्जरी सिस्टम समेत विभिन्न सुविधाओं से किया जाएगा लैस
- 9.62 एकड़ में कुल मिलाकर 37,128.76 स्क्वेयर मीटर क्षेत्र का बिल्ड अप एरिया के तौर पर होगा विकास, हॉस्पिटल इन्फॉर्मेशन व बिल्डिंग मैनेजमेंट सिस्टम की भी होगी स्थापना
- परियोजना के अंतर्गत एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन के बाद 24 महीने में सभी विकास कार्यों को किया जाएगा पूरा

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी को आधुनिक सुविधआओं युक्त करने के साथ ही भविष्य की जरूरतों के हिसाब से मेकओवर करना शुरू कर दिया है। प्रदेश की मेडिकल विश्वविद्यालयों के आधुनीकिकरण के लिए सीएम योगी के विजन अनुसार एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई थी। इसी योजना पर कार्य करते हुए अब किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के जनरल सर्जरी डिपार्टमेंट को नई बिल्डिंग से युक्त करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। मेडिकल यूनिवर्सिटी कैंपस के अंदर ही 9.62 एकड़ क्षेत्र में 37,128.76 स्क्वेयर मीटर के बिल्ड अप क्षेत्र में 315 करोड़ रुपए की लागत से बिल्डिंग का निर्माण व विकास किया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत कार पार्किंग के लिए 2 मंजिला अंडर ग्राउंड बेसमेंट का विकास किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, ग्राउंड फ्लोर समेत कुल 7 मंजिला ऊंची बिल्डिंग का निर्माण कर इसे हॉस्पिटल व बिल्डिंग मैनेजमेंट प्रक्रिया से लैस किया जाएगा। साथ ही, एडवांस रोबोटिक सर्जरी सिस्टम, 300 बेड युक्त टीचिंग हॉस्पिटल, मॉर्चरी व ऑडिटोरियम समेत विभिन्न सुविधाओं से युक्त किया जाएगा जिसका लाभ आम लोगों के साथ ही यहां के प्रशिक्षु डॉक्टरों को प्राप्त होगा।




### अगले 100 वर्षों की जरूरतों के हिसाब से तैयार होगी नई बिल्डिंग

सीएम योगी का विजन है कि प्रदेश की सभी मेडिकल यूनिवर्सिटी भविष्य की जरूरतों के हिसाब से आधुनिकीकरण की प्रक्रिया से गुजरें। ऐसे में, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के जनरल सर्जरी डिपार्टमेंट की नई बिल्डिंग को अगले 100 वर्षों की जरूरतों के हिसाब से निर्मित व विकसित किया जाएगा। यहां पर हेल्थकेयर यूनिट को फ्यूचर रेडी और एक्सेसिबल टू ऑल की थीम पर विकसित किया जाएगा। बिल्डिंग के निर्माण में इनोवेशन का सहारा लिया जाएगा जिसमें पोस्ट टेंशन्ड स्लैब्स के जरिए निर्माण कार्यों को पूरा किया जाएगा। इसके अलावा, नई बिल्डिंग में मरीजों की विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं को ध्यान में रखकर कलर थेरेपी का भी सहारा लिया जाएगा।

### टर्न–की बेसिस पर ईपीसी मोड में होगा निर्माण व विकास कार्य

परियोजना के अंतर्गत नियोजन विभाग ने सभी निर्माण व विकास कार्यों को पूरा करने के लिए एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस कार्य को पूरा करने के लिए आवेदन भी मांगे गए हैं और अगस्त महीने में एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। उल्लेखनीय है कि सभी निर्माण व विकास कार्यों को टर्न–की बेसिस पर इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट व कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड में किया जाएगा। एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन के बाद सभी निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए 24 महीने की समयावधि निर्धारित की गई है। योजना के अंतर्गत ग्राउंड फ्लोर को स्टिल्ट फ्लोर के तौर पर विकसित किया जाएगा और फर्स्ट फ्लोर सर्विस एरिया होगा। दूसरे फ्लोर पर 60 बेड वाला जनरल वॉर्ड, तीसरे फ्लोर पर 60 बेड वाला जनरल वॉर्ड, चौथे फ्लोर पर 120 बेड वाला जनरल वॉर्ड, 5वें फ्लोर पर 30 बेड वाला प्राइवेट वॉर्ड, 18 बेड वाला एचडीयू, 12 बेड वाला प्री ऑपरेशन व 20 बेडेड डे केयर वॉर्ड बनेंगे। छठे फ्लोर पर 30 बेड वाला पोस्ट ऑपरेशन, 10 ओटी, एक हाइब्रिड ओटी व 12 बेडेड आईसीयू का निर्माण होगा। जबकि 7वें फ्लोर पर फैकल्टी, एडमिनिस्ट्रेटिव व स्टोर ब्लॉक्स का निर्माण होगा।

### कई खास सुविधाओं से लैस होगी जनरल सर्जरी डिपार्टमेंट की नई बिल्डिंग

परियोजना के अंतर्गत नई बिल्डिंग को ऑडिटोरियम, यूजी टैंक, पंप रूम, मॉर्चरी, लॉन्ड्री, सर्विस फ्लोर्स, एचवीएसी, फायर अलार्म, सीसीटीवी, लिफ्ट, आईबीएमएस, टू वे ऑडियो–विडियो कॉन्फ्रेंसिंग सेटअप तथा ईपीबीएएक्स नेटवर्किंग सिस्टम से लैस किया जाएगा। बिल्डिंग को सौर ऊर्जा युक्त बनाने के लिए संयंत्रों की स्थापना भी होगी। इसके अतिरिक्त, वॉल गार्ड, नर्स कॉलिंग सेटअप, न्यूमैटिक ट्यूब सिस्टम, रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम, मेडिकल इक्विप्मेंट्स, मेडिकल फर्निचर, मेडिकल गैस पाइपलाइन व मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर जैसी सुविधाओं से युक्त किया जाएगा। इन सभी कार्यों को पूरा करने के लिए कार्यावंटन प्राप्त करने वाली एजेंसी डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट सौंपेगी जिसके आधार पर कार्यों को आगे पूरा किया जाएगा। बिल्डिंग में 26 पैसेंजर कैपेसिटी वाले 6 लिफ्ट तथा समान व स्ट्रेचर ढोने के लिए एक विशिष्ट लिफ्ट को भी बिल्डिंग में इंस्टॉल किया जाएगा।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# घबराहट और तनाव के शिकार होते बच्चे

**समाज विज्ञानियों के सामने भी यह गंभीर समस्या चुनौती बन गई है। हालात बद से बदतर हों उससे पहले समस्या की गंभीरता को समझना होगा। दादा–दादी और नाना–नानी कहीं पीछे छूट रहे हैं। अभिभावक अवकाश में परिवार के साथ समय बिताने के स्थान पर घूमने जाना पसंद करने लगे हैं जिससे परिवार और परिवार से मिलने वाले संस्कार खोते जा रहे हैं। अत्यधिक तनाव के कारण बच्चों को आत्महत्या जैसे कदम उठाते देखा जा रहा है। दुनिया के देशों में जिस तरह से बच्चों को छोटी उम्र में ही हिंसक होते देखा जा रहा है, वह सबके सामने गंभीर चुनौती है।**

*देखा जाए तो कोरोना के बाद से बच्चों में डिप्रेशन और एंजाइटी का रोग तेजी से बढ़ा है। कोरोना की दहशत के हालात, लॉकडाउन, वर्क फ्रॉम होम और बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई के साइड इफैक्ट सामने आने लगे हैं। ऑनलाइन स्टडी के चलते बच्चे तरह-तरह के ऐप से रूबरू होने लगे। इससे बालपन सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। ऑनलाइन गेम्स की लत और सोशल मीडिया के प्रति बढ़ा आकर्षण नकारात्मक प्रभाव डालने में सफल रहा है। देखा जाए तो खेल-खेल में बच्चे ना चाहते हुए भी तनाव और एंजाइटी के दौर में प्रवेश कर जाते हैं। बदलती जीवनशैली और सामाजिक-आर्थिक सिनेरियो में सर्दी जुकाम की तरह एंजाइटी यानी कि घबराहट और डिप्रेशन आज के बच्चों में आम होता जा रहा है। जानी-मानी साइक्रेट्रिक मैगजीन जामा साइक्रेट्री में हालिया प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। मनोवैज्ञानिकों ने 11 से 15 साल के बच्चों के बीच अध्ययन किया और खासतौर से यह समझने की कोशिश की कि जिस तरह से सर्दी जुकाम संक्रामक बीमारी है और एक से दूसरे में फैल जाती है उसी तरह से एंजाइटी या डिप्रेशन भी एक बच्चे से दूसरे बच्चे को प्रभावित कर सकता है क्या? अध्ययन में पाया गया कि घबराहट या एंजाइट प्रभावित बच्चे के लक्षण साथ वाले बच्चे में भी विकसित होते हैं। यह अध्ययन एक-दो नहीं बल्कि सात लाख बच्चों में किया गया है। हालात की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि फिनलैंड विश्वविद्यालय के शोधार्थियों के अध्ययन में यह साफ हुआ है कि छह में से एक व्यक्ति बैचेनी यानी कि एंजाइटी से प्रभावित रहने लगा है। कोरोना के बाद इस तरह के मरीजों की संख्या में 60 फीसदी तक की बढ़ोतरी देखी जा रही है। यदि अध्ययनकर्ताओं की मानें तो कोविड 19 के बाद हालात तेजी से विकट हुए हैं। खासतौर से पैसों वालों व बुजुर्गों की बीमारी से बच्चे भी प्रभावित होने लगे हैं। बैचेनी, घबराहट, हाथों में कंपन, नींद ना आना, चिड़चिड़ापन, तनावग्रस्त, कुंठा आदि लक्षण दिखने लगते हैं। इससे बच्चों में नकारात्मकता भी आ जाती है। अधिक चिंता की बात यह है कि यह बीमारी बच्चों में संक्रामक रोग की तरह फैलती जा रही है। लॉकडाउन के साथ ही पेरेंट्स की अंधी प्रतिस्पर्धा और अधिक से अधिक पाने की लालसा, बच्चों के बीच परस्पर सहयोग, समन्वय, मित्रता, सहभागिता के स्थान पर संवेदनहीनता और गलाकाट प्रतिस्पर्धा के परिणाम सामने आने लगे हैं। बच्चों में कुंठा तो आम होती जा रही है। रही सही कसर सोशल मीडिया ने पूरी कर दी है। सोशल मीडिया जो परस्पर संवाद का माध्यम बन सकता है वह तनाव का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। लाइक-अनलाइक और कमेंट्स बालमन को नकारात्मक रुप से प्रभावित करता जा रहा है। ऑनलाइन अध्ययन के चलते बच्चों में मोबाइल का शौक लग गया है और उसका नकारात्मक असर वीडियो गेम्स के रूप में देखा जा सकता है । बच्चे को गेम के चक्कर में डिप्रेशन में चले जाते हैं। ओटीटी प्लेटफार्म भी अपना असर दिखाने लगा है। रील्स का तो कहना ही क्या? यह कहा जा सकता है कि बालमन को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने वाले सभी कारक मौजूद हैं। शिक्षण संस्था हो या परिवार खासतौर से एकल परिवार के हालात हालात और भी गंभीर हैं। हालात यहां तक पहुंचे गए हैं बच्चों में आक्रामकता तेजी से घर रही है। बात-बात पर झगड़ना आमबात हो गई है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**देश के आर्थिक चक्र को गति देने के उद्देश्य से नई कर प्रणाली के अंतर्गत वेतनभोगी/पेंशनधारी कर्मचारियों के लिए सामान्य छूट की सीमा को 50,000 रुपए से बढ़ाकर 75,000 रुपए कर दिया गया है। साथ ही, आय कर की दरों में कुछ इस प्रकार का संशोधन किया गया है कि 15 लाख रुपए तक की कर योग्य आय वाले कर्मचारियों को प्रतिवर्ष 17,500 रुपए का लाभ होगा। इस निर्णय से मध्यम वर्गीय नागरिकों के हाथों में कुछ अधिक राशि बचेगी और इस राशि इस इनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी ताकि देश की अर्थव्यवस्था के चक्र में मजबूती आएगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में कुल आय का अनुमान रुपए 31.07 लाख करोड़ रुपए का लगाया गया है।**

# आर्थिक विकास को गति देगा आम बजट 2024



प्रहलाद सबनानी

**सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए भी ऋण की सीमा को बढ़ाकर 100 करोड़ रुपए तक कर दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत एक करोड़ आवासों का निर्माण किया जाएगा। 10 लाख करोड़ रुपए की राशि का निवेश होगा, इसमें केंद्र सरकार की भागीदारी 2.2 लाख करोड़ रुपए की रहेगी। साथ ही, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 3 करोड़ आवासों का निर्माण करने की घोषणा पूर्व में ही की जा चुकी है।**

हाल ही में लोकसभा के लिए सम्पन्न हुए चुनाव में भारतीय नागरिकों ने लगातार तीसरी बार एनडीए की अगुवाई में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को सत्ता की चाबी आगामी पांच वर्षों के लिए इस उम्मीद के साथ पुनः सौंपी है कि आगे आने वाले पांच वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा देश में आर्थिक विकास को और अधिक गति देने के प्रयास जारी रखे जाएंगे। भारत की वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन ने 23 जुलाई 2024 को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट भारतीय संसद में पेश किया है। इस बजट के माध्यम से भारत की आर्थिक विकास दर को उच्च स्तर पर ले जाने का प्रयास किया गया है। केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 9 प्राथमिकताएं तय की है। कृषि क्षेत्र में उत्पादकता को बढ़ाना, युवाओं के लिए रोजगार के अधिकतम अवसर निर्मित करना एवं उनके कौशल को विकसित करना, गरीब नागरिकों को भी विकास में हिस्सेदारी देना एवं उन्हें सामाजिक न्याय देना, विनिर्माण इकाईयों को बढ़ावा देना, शहरी क्षेत्रों को विकसित करना, ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित करना, आधारभूत ढांचा विकसित करना, नवाचार, शोध एवं विकास करना तथा नई पीढ़ी के सुधार कार्यक्रमों को लागू करना। केंद्र सरकार एवं कुछ राज्य सरकारों द्वारा पूंजीगत खर्चों में लगातार की जा रही वृद्धि के चलते भारत की आर्थिक विकास दर को पंख लगते दिखाई दे रहे हैं। वर्ष 2022-23 के बजट में केंद्र सरकार द्वारा 7.5 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किया गया था, वित्तीय वर्ष 2023-24 में इसमें 33 प्रतिशत की भारी भरकम वृद्धि करते हुए इसे बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपए का कर दिया गया था। अब वित्तीय वर्ष 2024-45 के लिए इसे और आगे बढ़कर 11.11 लाख करोड़ रुपए का कर दिया गया है, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 3.4 प्रतिशत है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था में न केवल स्थिरता दिखाई देने लगी है बल्कि यह लगातार तेज गति से आगे बढ़ रही है। आज पूरे विश्व में केवल भारतीय अर्थव्यवस्था ही एक चमकते सितारे के रूप में दिखाई दे रही है। बजट का गहराई से अध्ययन करने पर ध्यान में आता है कि केंद्र सरकार ने अब भारत में रोजगार के अधिकतम अवसर निर्मित करने की ठान ली है। भारत के युवाओं एवं महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने एवं कौशल विकसित करने की दृष्टि से 2 लाख करोड़ रुपए की 5 योजनाओं के एक पैकेज की घोषणा की है। शिक्षा, रोजगार एवं कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपए की राशि इस बजट में आबंटित भी कर दी गई है। प्रधानमंत्री पैकेज के अंतर्गत ईपीएफओ के प्रथम बार सदस्य बनने पर औपचारिक क्षेत्र के कर्मचारियों के ईपीएफओ खातों में एक माह का वेतन जमा किया जाएगा। इन कर्मचारियों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजना के अंतर्गत एक माह का वेतन (15000 रुपए की अधिकतम राशि तक) तीन किश्तों में उनके खातों में जमा किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत एक माह में एक लाख रुपए तक का वेतन पाने वाली कर्मचारी ही पात्र होंगे। इससे 2.1 करोड़ युवाओं को लाभ होने की सम्भावना बजट में व्यक्त की गई है। ऐसे भी कई निर्णय लिए जा रहे हैं जिनसे आने वाले समय में धरातल पर युवाओं को लाभ होता दिखाई देगा। एक करोड़ युवाओं को आगामी 5 वर्षों के दौरान इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत काम दिया जाएगा। ताकि ये युवा वर्ग के नागरिक रोजगार प्राप्त करने हेतु सक्षम हो सकें। इन युवाओं को प्रति माह 6,000 रुपए तक का वाजीफा सम्बंधित कम्पनियों द्वारा अदा किया जाएगा। वजीफे की इस राशि को कम्पनियों के लिए लागू निगमित सामाजिक दायित्व योजना के अंतर्गत किया गया खर्च माना जाएगा। भारत की सबसे बड़ी 500 कम्पनियों को इस योजना के अंतर्गत युवाओं को इंटर्नशिप की सुविधा देनी होगी। साथ ही, केंद्र सरकार द्वारा भी इन युवाओं को प्रतिमाह 5000 रुपए अदा किए जाएंगे। यह केंद्र सरकार का एक सूझबूझ भरा निर्णय कहा जा सकता हैं। साथ ही, विनिर्माण के क्षेत्र के रोजगार के नए अवसर निर्मित करने की पहल भी की जा रही है। नए कर्मचारियों के ईपीएफओ खाते में जमा होने वाली राशि को आगामी 4 वर्षों तक केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जाएगा, इससे कर्मचारी एवं नियोक्ता दोनों को ही लाभ होगा। इस योजना का लाभ 30 लाख युवाओं को होने जा रहा है। एक अन्य योजना के अंतर्गत नियोक्ता को अपने नए कर्मचारियों के ईपीएफओ खातों में जमा की जाने वाली राशि की प्रतिपूर्ति आगामी 2 वर्षों तक केंद्र सरकार द्वारा की जाएगी। इससे रोजगार के 50 लाख नए अवसर निर्मित होने की सम्भावना है। केंद्र सरकार द्वारा हाल ही के समय में भारतीय सनातन संस्कृति के संस्कारों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से धार्मिक पर्यटन को देश में बढ़ावा दिया जा रहा है। धार्मिक पर्यटन से देश में रोजगार के लाखों अवसर निर्मित हो रहे हैं एवं गरीब वर्ग की आय में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। श्री विष्णुपाद मंदिर कोरिडोर, गया, बिहार एवं श्री महाबोधि मंदिर कोरिडोर बोधगया, बिहार को विकसित किए जाने की घोषणा की गई है। इसे काशी विश्वनाथ मंदिर कोरिडोर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इसी प्रकार देश में अन्य मंदिरों को भी विकसित किया जा रहा है ताकि देश में इन मंदिरों में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो तथा भारत को वैश्विक पटल पर एक बहुत बड़े धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में दिखाया जा सके। भारत के ग्रामों में निवास कर रहे नागरिक रोजगार प्राप्त करने के उद्देश्य से शहरों की ओर पलायन करते हैं। अतः ग्रामों में ही रोजगार के अधिकतम अवसर निर्मित करने के उद्देश्य से ग्रामीण विकास की मद पर 2.66 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान इस बजट में किया गया है। साथ ही, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुद्रा लोन योजना के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली ऋण राशि की सीमा को 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 20 लाख रुपए कर दिया गया है। यह सुविधा तरुण श्रेणी के अंतर्गत प्राप्त ऋण के व्यवसाईयों को प्राप्त होगी एवं जिन्होंने पूर्व में लिए गए 10 लाख रुपए के ऋण की राशि को समय पर अदा कर दिया है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए भी ऋण की सीमा को बढ़ाकर 100 करोड़ रुपए तक कर दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत एक करोड़ आवासों का निर्माण किया जाएगा। इन एक करोड़ आवासों पर 10 लाख करोड़ रुपए की राशि का निवेश होगा, इसमें केंद्र सरकार की भागीदारी 2.2 लाख करोड़ रुपए की रहेगी। साथ ही, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 3 करोड़ आवासों का निर्माण करने की घोषणा पूर्व में ही की जा चुकी है।



**भारत की सबसे बड़ी 500 कम्पनियों को इस योजना के अंतर्गत युवाओं को इंटर्नशिप की सुविधा देनी होगी। साथ ही, केंद्र सरकार द्वारा भी इन युवाओं को प्रतिमाह 5000 रुपए अदा किए जाएंगे। यह केंद्र सरकार का एक सूझबूझ भरा निर्णय कहा जा सकता हैं।**




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | सप्तमी 21:19 तक |
| नक्षत्रः | रेवती 12:59 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शनिवार |
| योगः | धृति, 22:43 |
| सूर्योदयः | 05:41 |
| सूर्यास्तः | 19:13 |
| चंद्रमाः | मेष राशि में |
| राहुकालः | 09:04-10:46 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | सावन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:03-12:51 |

# जन एक्सप्रेस

### अटकलें हैं तेज़ !

*छोड़ देंगे पार्टी ।*
*हो गए नाराज़ ।।*
*अटकलें हैं तेज़ ।*
*ना रहा कुछ राज ।।*
*सपरिवार जाना है ।*
*लिया उन्होंने ठान ।।*
*हो चुके मज़बूत ।*
*ना भटकाना ध्यान ।।*
*लगे भले ही वक्त ।*
*ख़बर आने वाली ।।*
*घटनाक्रम दिलचस्प ।*
*आ सकती हरियाली ।।*
*हो चुका है मोहभंग ।*
*दौर अलग है आया ।।*
*लग रहा है इधर से ।*
*है पूरा सफाया ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# हार्मोन्स को संतुलित रखने के लिए जरूर खाएं शाम का खाना

**हमारे** शरीर के सभी अंग सही तरीके से काम कर सके, इसके लिए हार्मोन्स का संतुलित रहना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। डायबिटीज, थायराइड और यहां तक की मानसिक तनाव के लिए भी हार्मोन ही जिम्मेदार माने जाते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, कोर्टिसोल हार्मोन के असंतुलित होने के कारण मानसिक तनाव बढ़ता है, जिसकी वजह से डिप्रेशन समेत कई परेशानियां होती हैं। तनाव प्रतिक्रिया के संबंध के कारण कोर्टिसोल को 'स्ट्रेस हार्मोन' भी कहा जाता है। आज के दौर जब ज्यादातर लोग तनाव और मानसिक परेशानियों से जूझ रहे हैं, तब कोर्टिसोल हार्मोन को संतुलित करना और भी ज्यादा जरूरी हो गया है। सेलिब्रिटी न्यूट्रिशनिस्ट और डाइटिशियन रुजुता दिवेकर की मानें तो कोर्टिसोल हार्मोन को संतुलित करने के लिए शाम का खाना सबसे महत्वपूर्ण है। हालही में एक्सपर्ट ने अपने इंस्टाग्राम पर इससे संबंधित एक वीडियो भी शेयर किया है।



**कोर्टिसोल को संतुलित करने के लिए जरूर है शाम का खानाः** रुजुता दिवेकर के अनुसार, दोपहर 4-6 बजे का समय हमारे स्वास्थ्य के लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। यह वह समय है जब कोर्टिसोल स्वाभाविक रूप से कम हो जाता है। विशेषकर उन लोगों के लिए जो हाइपोग्लाइसेमिक हैं (इस समय बिना भोजन के रहना) यह समय कोर्टिसोल गलत व्यवहार कर सकता है। जिसकी वजह से आपको भूख, बेचैनी, नींद न आना जैसी परेशानियां हो सकती हैं। इसके अलावा कोर्टिसोल हार्मोन के असंतुलित होने के कारण वजन बढ़ना, अनिद्रा और मूड में बदलाव जैसी समस्याएं हो सकती हैं। रुजुता दिवेकर का कहना है कि कोर्टिसोल के स्तर को संतुलित करने के लिए शाम को 4 से 6 के बीच हल्का खाना खाना चाहिए। अपने पोस्ट में एक्सपर्ट ने शाम को क्या खाने के ऑप्शन ट्राई किए जा सकते हैं, इसकी भी जानकारी दी है।

शाम के वक्त खाना खाने के फायदे हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि शाम के वक्त खाना खाने से सेहत को कई तरह से फायदे मिलते हैं। यह तनाव कम करने से लेकर शरीर को बीमारियों से भी बचाने में मदद करता है।

**तनाव को करता है कमः** शाम को 4 से 6 बीच हल्का खाना खाने से आपको आराम और तनाव से मुक्त होने में मदद मिलती है। यह आपको ऊर्जावान महसूस करा सकता है।

**भूख को करता है कंट्रोलः** एक्सपर्ट के अनुसार, शाम के समय हल्का खाना खाने से अनहेल्दी स्नैक्स की क्रेविंग को कम करने में मदद मिलती है। जब आप शाम के समय नमकीन और तेल मसालों से युक्त खाना नहीं खाएंगे, तो ब्लड शुगर को मेंटेन करने में मदद मिलती है। साथ ही यह वजन को भी कंट्रोल में रखने में मदद करता है।

**बेहतर नींद में मददगारः** शाम को हल्का और संतुलित खाना खाने से आपको रात को डिनर हल्का करने में मदद मिलती है। जिसकी वजह से नींद की गुणवत्ता सुधरती है और आपको बेहतर नींद आती है। एक्सपर्ट के अनुसार, जब कोई व्यक्ति पर्याप्त मात्रा में नींद लेता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# सेना में झुंझुनू के जवान बेमिसाल



रमेश सर्राफ धमोरा

**सरकार द्वारा झुंझुनू जिले को देश का सैनिक जिला घोषित कर यहां के सैनिक परिवारों को सुविधाएं उपलब्ध करवाने की तरफ पर्याप्त ध्यान दे तो आज भी झुंझुनू क्षेत्र से अनेक पीरूसिंह पैदा होकर देश के लिए प्राण न्योछावर कर सकते हैं।**

**कारगिल युद्ध के समय सरकार द्वारा घोषित पैकेज में यह बात भी शामिल थी कि हर शहीद के नाम पर उनके गांव में किसी स्कूल का नामकरण किया जाएगा मगर जिले के ऐसे कई शहीदों के नाम पर अब तक सरकार ने स्कूलों का नामकरण कई नहीं किया है। झुंझुनू जिले के दोरासर गांव में सैनिक स्कूल प्रारम्भ हो चुका है, जिसका लाभ सेना में जाने वाले यहां के युवाओं को मिलेगा।**

**राजस्थान** में शेखावाटी क्षेत्र के झुंझुनू जिले के अमर सपूतों की इस वीर भूमि के रणबांकुरों ने जहां स्वतंत्रता पूर्व के आन्दोलन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था, वहीं स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद सेना द्वारा लड़ी गई लड़ाइयों में भी इस धरती की माटी में जन्मे वीरों ने समय-समय पर अपना पराक्रम दिखाया है। वीरों की इस धरती ने सदियों से जन्म लेते रहे सपूतों के दिलों में देशभक्ति की भावना को प्रवाहित किया हैं। वास्तव में यहां की धरती को यह वरदान सा प्राप्त होना प्रतीत होता है कि इस पर राष्ट्रभक्ति के कीर्तिमान स्थापित करने वाले लाडेसर ही जन्म लेते हैं। चाहे 1948 का पाकिस्तान का कबायली हमला हो या 1962 में चीन से युद्ध हो या 1965 व 1971 का भारत-पाकिस्तान युद्ध। यहां के वीरों ने मातृभमि की रक्षा हेतु सदैव अपना जीवन बलिदान किया हैं। सेना के तीनों अंगो की आन की रक्षा के लिए यहां के नौजवान सैनिकों के उत्सर्ग को राष्ट्र कभी भुला नही सकता है। राजस्थान में झुंझुनू जिले के नवयुवकों में सेना में भर्ती होने की बहुत पुरानी परम्परा रही है। यहां के गांवों में घर-घर में सैनिक होता है। सेना के प्रति यहां के लगाव के कारण अंग्रेजों ने यहां एक सैनिक छावनी की स्थापना कर 'शेखावाटी ब्रिगेड 'का गठन किया था। देश रक्षा के लिए सेना में शहादत देना राजस्थान की परम्परा रही है। झुंझुनू जिले के वीर जवानों को उनके शौर्यपूर्ण कारनामों के लिये समय-समय पर भारत सरकार द्वारा विभिन्न अलंकरणों से नवाजा जाता रहा है। अब तक इस जिले के कुल 130 से अधिक सैनिकों को वीरता पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। जो पूरे देश में किसी एक जिले के सर्वाधिक संख्या है। भारतीय सेना में योगदान के लिए झुंझुनू जिले का देश में अव्वल नम्बर हैं। वर्तमान में इस जिले के 55 हजार जवान सेना में कार्यरत हैं। वहीं जिले में करीबन 60 हजार भूतपूर्व सैनिक व अर्धसैनिक बलों के जवान हैं। आजादी के बाद भारतीय सेना की ओर से राष्ट्र की सीमा की रक्षा करते हुए यहां के 486 जवान शहीद हो चुके हैं। जो पूरे देश में किसी एक जिले से सर्वाधिक है। कारगिल युद्ध के दौरान पूरे देश में 527 जवान शहीद हुए थे जिनमें यहां के 19 सैनिक शामिल थे। जो पूरे देश में किसी एक जिले से शहादत देने वालों में सर्वाधिक जवान थे। झुंझुनू जिले से अब तक 486 से अधिक सैनिक जवान सीमा पर शहीद हो चुके हैं। यहां के गांवों में लोकदेवताओं की तरह पूजे जाने वाले शहीदों के स्मारक इस परम्परा के प्रतीक हैं। इस जिले के वीरों ने बहादुरी का जो इतिहास रचा है उसी का परिणाम है कि भारतीय सैन्य बल में उच्च पदों पर सम्पूर्ण राजस्थान की ओर से झुंझुनू जिले का ही वर्चस्व रहा है। इस क्षेत्र के सैनिकों ने भारतीय सेना में रहकर विभिन्न युद्धों में बहादुरी एवं शौर्य की बदौलत जो वीरता पदक प्राप्त किए हैं वे किसी भी एक जिले के लिये प्रतिष्ठा एवं गौरव का विषय हो सकता हैं। सीमा युद्ध के अलावा जिले के बहादुर सैनिकों ने देश मे आंतरिक शान्ति स्थापित करने में भी सदैव विशेष भूमिका निभाई हैं। सीमा संघर्ष एवं नागा होस्टीलीटीज हो या आपरेशन ब्लूस्टार या श्रीलंका सरकार की मदद हेतु किए गए आपरेशन पवन अथवा कश्मीर में चलाया गया आतंकवादी अभियान रक्षक या कारगिल युद्ध- सभी अभियानों में यहां के सैनिकों ने शहादत देकर जिले का मान बढ़ाया है। झुंझुनू जिले के हवलदार मेजर पीरूसिंह शेखावत को 1948 के युद्ध में वीरता के लिए देश का सर्वोच्च सैनिक सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किया जा चुका है। परमवीर चक्र पाने वाले पीरूसिंह शेखावत देश के दूसरे व राजस्थान के पहले सैनिक थे। यहां के सैनिकों ने द्वितीय विश्व युद्ध में भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया था। आज भी यहां द्वितीय विश्व युद्ध के पूर्व सैनिकों की विधवाओं को सरकार से पेंशन मिल रही है। यहां के जवानों ने सेना के सर्वोच्च पदों तक पहुंच कर अपनी प्रतीभा का प्रदर्शन किया है। इस जिले के चित्तोसा गांव के एडमिरल विजय सिंह शेखावत भारतीय नौसेना के अध्यक्ष रह चुके है। वहीं स्व. कुन्दन सिंह शेखावत थल सेना में लेफ्टिनेन्ट जनरल व भारत सरकार के रक्षा सचिव रह चुके हैं। जे.पी.नेहरा, सत्यपाल कटेवा, लेफ्टिनेंट जनरल केके रेप्सवाल सेना में लेफ्टिनेन्ट जनरल पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। लेफ्टिनेंट जनरल बसंत कुमार रेप्सवाल सेना सेवा कोर में कार्यरत हैं। इसके अलावा यहां के काफी लोग सेना में मेजर जनरल, ब्रिगेडियर, कर्नल, मेजर सहित अन्य महत्वपूर्ण पदों पर हैं। देश में झुंझुनू एकमात्र ऐसा जिला है जहां सैनिक छावनी नहीं होने के उपरान्त भी गत पचास वर्षों से अधिक समय से सेना भर्ती कार्यालय कार्यरत है। इससे यहां के काफी युवकों को सेना में भर्ती होने का मौका मिल पाता है।

# 25वीं कारगिल विजय दिवस को हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल लखीमपुर खीरी-द्धुद्ध के द्वारा शुक्रवार को वाहिनी मुख्यालय में 25वीं कारगिल विजय दिवस को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उपरोक्त आयोजन में सर्वप्रथम वाहिनी के शहीद वाटिका में कारगिल में शहीद हुए जवानों को नमन किया गया तथा वाहिनी कमांडेंट कमांडेंट, अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण, कार्मिकों, हरि माया इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षक तथा छात्र-छात्राओं के द्वारा शहीदों को याद करते हुए फूल अर्पण किया गया। तत्पश्चात कारगिल विजय दिवस के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ सशस्त्र सीमा बल के गीत से किया गया। फिर हरि माया इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षक, 21वीं सदी भारत एक नई सोच के संस्थापक शुभम कुमार,उप कमांडेंट मेघनाथ राउत,वाहिनी कमांडेंट अतुल कार्की के द्वारा उपस्थित सभी शिक्षक गण छात्र-छात्राओं तथा कार्मिकों को संबोधित किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारीगण, सभी बलकर्मी तथा स्कूल के शिक्षक गणित तथा छात्र- छात्राओं ने कार्यक्रम का आनंद उठाया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस आयोजन के दौरान, अतुल कार्की, कमांडेंट, संदीप प्रसाद, उप कमांडेंट, मेघनाथ रावत, उप कमांडेंट, समीर राणा कुमार, सहायक कमांडेंट (संचार), रमेश अग्रवाल, शिवम कुमार, हरि माया इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षक गण तथा छात्र-छात्राओं सहित अन्य बलकर्मी सदस्य उपस्थित रहें।

# तीसरे दिन जारी अधिवक्ताओं का धरना

* महिला लेखपाल पर अवैध वसूली और अभद्रता करने के आरोप में कार्रवाई करने की मांग


जन एक्सप्रेस । सुनहरा



लखीमपुर खीरी। शुक्रवार को तीसरे दिन भी सदर तहसील में एक महिला लेखपाल के विरुद्ध चल रहा अधिवक्ताओं का धरना तीसरे दिन भी जारी है। आक्रोशित अधिवक्ताओं का कहना है कि जब तक भ्रष्ट और अभद्र लेखपाल पर उचित कार्रवाई नहीं होगी अधिवक्ता कार्य बहिष्कार के साथ अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे रहेंगे।
सदर तहसील में महिला लेखपाल द्वारा अधिवक्ताओं को दलाल कहे जाने के बाद मामला तूल पकड़ गया। आक्रोशित अधिवक्ता एसडीएम ऑफिस के बहार नारेबाजी करते हुए लेखपाल पर कार्रवाई की मांग करने लगे। लेकिन बात जब बिगड़ी उपजिलाधिकारी की कार्यशैली पर आरोप लगाते हुए अधिवक्ता प्रदर्शन कर धरने पर बैठ गए। शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन भी धरना जारी है। विवाद की शुरुआत बुधवार से हुई, जहां किसान प्रमोद ने बताया कि किसी काम के चलते वकील से मिलने के बाद लेखपाल से मिलने गया। जहां उसने काम के सिलसिले में ज्यादा लेनदेन की बात आने पर वकील का जिक्र कर दिया, तो लेखपाल भड़क गई। किसान ने अधिवक्ता को दलाल कह दिया। जब किसान ने अधिवक्ता को ये बात बताई, तो सारे अधिवक्ता भड़क गए। लेखपाल पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग करने लगे।वहीं अधिवक्ताओं का आरोप है की लेखपाल किसानों से काम के बदले अवैध वसूली भी करती है। जिसका उनके पास किसानों के शपथ पत्र सहित और भी साक्ष्य है। लगातार महिला लेखपाल के विरुद्ध साक्ष्यों सहित मामले सामने आ रहे हैं। किसानों के उत्पीड़न के विरुद्ध जिला प्रशासन संजीदा नहीं दिख रहा।

## एसएसबी प्रभारी पर वसूली का आरोप लगा

* नेपाल सीमा से सटे बसही के व्यापारियों ने बंद रखा बाजार



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

शुक्रवार को संपूर्णानगर थाना क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा की बसही बाजार के व्यापारियों ने बाजार बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। बसही पोस्ट के एसएसबी प्रभारी पर वसूली का आरोप लगाया और नारेबाजी की। व्यापारियों ने हाथ में ली तख्ती पर भी एसएसबी प्रभारी का नाम लिखा। हालांकि एसएसबी प्रभारी ने आरोपों को निराधार बताया। भारत- नेपाल सीमा की बसही बाजार में करीब 100 दुकानें हैं। काफी संख्या में नेपाली नागरिक इस बाजार से दैनिक जरूरत का सामान खरीदते हैं। शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे अंकुश गुप्ता, मनोज गुप्ता, अंशुमान, गोलू आदि व्यापारियों ने बाजार बंद कर दी और विरोध प्रदर्शन करने लगे। आरोप लगाया कि एसएसबी प्रभारी गोपाल लाल खटीक दुकानदारों को बेवजह परेशान करते हैं। रुपयों की मांग की जाती है। वसूली का आरोप लगाकर प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों ने 11 बजे तक दुकानें बंद रखी। मामले में एसएसबी प्रभारी गोपाल लाल खटीक ने बताया कि व्यापारियों का आरोप निराधार है। किसी तरह की कोई मांग नहीं की गई।

## फास्ट फॉरवर्ड

### कमलेश तिवारी हत्याकांड के आरोपी की जमानत सुप्रीम कोर्ट से होने पर परिवार ने लगाए सरकार की पैरवी पर सवालिया निशान

जन एक्सप्रेस । सीतापुर। महमूदाबाद। कमलेश तिवारी हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने पर परिजनों से सरकार की लचर पैरवी पर नाराजगी जताई है। परिवार को असुरक्षा का हवाला देते हुए कमलेश तिवारी के बेटे ने सरकार की कार्यशैली को घेरा है। मालूम हो कि शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा कमलेश तिवारी हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता हासिम अली को करीब साल बाद जमानत दे दी है। जमानत की सूचना मिलने के बाद मृतक कमलेश तिवारी के पुत्र सत्यम तिवारी ने कहा कि उनकी माता किरन तिवारी द्वारा लोवर और सेशन से लेकर हाईकोर्ट तक पैरवी की गई, किंतु जानकारी न मिलने पर उनके द्वारा सुप्रीम कोर्ट में पैरवी नही कर सके। सत्यम के मुताबिक सरकार द्वारा भी सुप्रीम कोर्ट में प्रभावी पैरवी नहीं की गई जिसके चलते घटना के मुख्य साजिशकर्ता को जमानत मिल गई। सत्यम ने घटना के मुख्य साजिशकर्ता की जमानत होने पर परिवार व खुद को जान का खतरा बताया। सत्यम के मुताबिक उनके राम जानकी मंदिर स्थित आवास पर पूर्व में सुरक्षा के लिहाज से लगाए गए सीसीटीवी कैमरे खराब पड़े हैं तथा सुरक्षा के लिए तैनात किए गए जवान भी घटा दिए गए हैं।

### सीडीओ की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक

जन एक्सप्रेस । हरदोई। स्वामी विवेकानन्द सभागार में सीडीओ सौम्या गुरूरानी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक हुई। उन्होंने ने कहा कि आयुष्मान कार्ड धारकों को नियमानुसार अस्पतालों में उचित इलाज दिया जाए। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत ससमय भुगतान किया जाए। भुगतान में लापरवाही करने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के सभी मानदण्डों पर प्रगति लायी जाए। इसके लिए एक कार्ययोजना बनायी जाए। एक दिन की उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया जाए। नियमित टीकाकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए। महिला अस्पताल मे अल्ट्रासाउंड सिस्टम को ठीक रखा जाये। कुछ आंगनबाड़ी केन्द्रों पर स्टेडियों मीटर नही है, इसके लिए लिए उन्होंने आइसीडीएस को निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहताश कुमार, जिला विकास अधिकारी, सीएचसी, पीएचसी के डाक्टर व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### विद्यालय में मनाया गया कौशल और डिजिटल पहल दिवस

जन एक्सप्रेस । हरदोई। पी एम श्री केंद्रिय विद्यालय हरदोई द्वारा शिक्षा सप्ताह का आयोजन 22 से 28 जुलाई 2024 के बीच किया जा रहा है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति ह्श्वक्र2020 की चौथी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। शिक्षा सप्ताह का उद्देश्य शिक्षार्थियों, शिक्षकों, नीति निर्माताओं और शिक्षा क्षेत्र के हितधारकों के बीच सहयोग और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना है। यह एक मंच प्रदान करता है जहां हम सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा कर सकते हैं, चुनौतियों पर चर्चा कर सकते हैं, और ह्श्वक्र2020 के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए एक मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। आज विद्यालय में कौशल और डिजिटल पहल दिवस मनाया गया। इस दिन इन विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमे कुशल शिक्षा के माध्यम से एक सक्षम और प्रतिस्पर्धी कार्यबल का निर्माण, शिक्षा में प्रौद्योगिकी दिवस, फर्स्ट एड वर्कशॉप (प्राथमिक चिकित्सा कार्यशाला), मृदा परीक्षण, अपने इतिहास से परिचय, बच्चों द्वारा डिजिटल मध्यम पर कहानी बनाना। प्राचार्य राशिद मुहम्मद जी ने विश्वास जताया कि शिक्षा सप्ताह का यह आयोजन हमारे देश की शिक्षा प्रणाली में नई ऊर्जा का संचार करेगा। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे इस शिक्षा सप्ताह में सक्रिय रूप से भाग लें और इसे सफल बनाने में अपना योगदान दें। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री संजीव कुमार पीजीटी कंप्यूटर आदेश, लाइब्रेरियन, विश्वेश, पीजीटी भौतिकी, डॉ. अर्चना, पीजीटी इंग्लिश, आदर्श, कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर, पल्लवी, नर्स आदि लोगों ने योगदान दिया।

### विवाहिता ने पति सहित तीन ससुरालीजनों पर दर्ज कराया मुकदमा

जन एक्सप्रेस । हरदोई। पाली। अतिरिक्त दहेज के खातिर विवाहिता को प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए विवाहिता के पिता ने पाली थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने फर्रुखाबाद निवासी पति व सास सहित तीन के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पाली थाने के बाबरपुर गावं निवासी उमेशचंद्र वाजपेयी ने शुक्रवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने अपनी बेटी पूजा की शादी करीब चार वर्ष पहले जिला फर्रुखाबाद के मोहल्ला नुनहाई निवासी गोपाल मिश्रा के साथ की थी। आरोप लगाते हुए बताया ससुरालीजन लगातार बेटी को अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। उन्हें समझाने का प्रयास किया तो सभी झगड़े पर अमादा हो गए। बताया इसकी शिकायत उसने महिला थाने व महिला आयोग में की थी। वहां से सुलह समझौता करा दिया गया था। लेकिन ससुरालीजन नही माने और नई नई मांगो को लेकर बेटी को प्रताड़ित करते रहे। आरोप है कि पिछले एक माह से पति, सास और ससुर बेटी को अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये और दो तोला सोने की जंजीर की मांग करते हुए पुन: प्रताड़ित करने लगे है। बताया उसे एक कमरे में बंद करके सही से खाना भी नही दिया। बृहस्पतिवार को बेटी की ससुराल जाकर उन्हें समझाने का प्रयास किया तो सभी झगड़े पर उतारू हो गए। और जान से मारने की धमकी देने लगे। जिसकी सूचना उसने बृहस्पतिवार को ही वूमेन हेल्प डेस्क नम्बर 1090 पर दी। मौके पर पहुंची पुलिस की सहायता से बेटी व उसके दो बच्चों को लेकर अपने घर ले आया हूँ।

### एसपी ने पचदेवरा थाने का किया आकस्मिक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । हरदोई। पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने शुक्रवार को थाना पचदेवरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना कार्यालय परिसर, महिला हेल्प डेस्क, कार्यालय में अभिलेखो का रखरखाव, मेस व महिला हेल्प डेस्क के साथ साफ सफाई आदि की व्यवस्था परखी ।तथा सर्व संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# हैदराबाद थाने में दलालों के इशारों पर काम किया जा रहा

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी



हैदराबाद थाने में पीड़ितों की सुनवाई नहीं हो रही है।दलालों के इशारों पर काम किया जा रहा है।
चर्चा है कि थाना अध्यक्ष दीपक तिवारी मौजूदा एसपी के पीआरओ रह चुके हैं।जिस कारण वह एसपी ऑफिस में अब भी अच्छी दखल रखते हैं।यही कारण है कि वह मनमानी कर रहे हैं।
हैदराबाद थाना में दलालों का बोलबाला है।उनके इशारे पर पीड़ित को ही हवालात की हवा खानी पड़ जाती है।ऐसा ही ताजा मामला रोशन नगर का सामने आया है।थान हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रोशन नगर में जमीन विवाद को लेकर दलित (गिहार) परिवार में विवाद हो गया। दबंग परिजनों ने कमजोर की जमीन पर कब्जा कर लिया।कई वर्षों बाद वमुश्किल उसे जमीन पर कब्जा मिल पाया। अब दबंग जमीन छूट जाने से परेशान हैं। विवाद खड़ा कर रहे हैं।आए दिन पीड़ित के घर पर हमला कर मारपीट करते हैं। मजे की बात यह है कि थाना पुलिस दलालों के इशारे पर कार्रवाई कर रही है। पीड़ित अनिल गिहार गुरुवार की शाम शिकायत लेकर थाने गया तो उसे सुबह आने को कहकर टरका दिया गया। जब वह सुबह गया तो फिर पुलिस ने दलालों को फोन कर बुलाया और फिर उनके इशारे पर पीड़ित को भी हवालात की हवा खिला दी। उसके परिजन परेशान होते रहे किसी ने कुछ नहीं सुना। बाद में शांति भंग में चालान भेज दिया। थाना अध्यक्ष दीपक तिवारी ने मामले की जानकारी करना जरूरी नहीं समझा और अपने चहेतों की बात पर ही पीड़ित को भी दोषी बना डाला।ऐसे में हैदराबाद थाने में अपनी समस्या लेकर कौन जाएगा।
पुलिस एकतरफा कार्रवाई कर रही है। दलालों के इशारे पर पीड़ितों को ही परेशान किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला पिछले दिनों नगरा सलेमपुर का सामने आया था और ग्राम धिरावां में एक किशोरी को भगाने के मामले में भी पुलिस ने किशोरी के बयान के बावजूद भी उसको शामिल नहीं किया जिसने किशोरी को भगाने में पूरा सहयोग किया था।एसओ ने लोगों को तमाम दलीलें देकर अपने चहेते को बचा लिया।

# 1.19 करोड़ की लागत की सड़क निर्धारित समय पूरा, 13 किलोमीटर सड़क अधूरी



* दर्जनों ग्राम पंचायतों की करीब एक लाख आबादी प्रभावित

जन एक्सप्रेस । पढ़ुआ खीरी

ब्लॉक क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से एनडीएस 20 रमियाबेहड से रानीपुरवा तक करीब 13 किलोमीटर सड़क का निर्माण 1 जून 2023 में शुरू हुआ था करीब 1.19 करोड़ की लागत से बनने वाली यह सड़क एक जून 2024 तक बन जानी चाहिए लेकिन कार्यदायी संस्था मेसर्स श्री बालाजी बिल्डर्स और लोक निर्माण खंड दो के जिम्मेदारों की लापरवाही से सड़क अधूरी है। कछुए की गति से हो रहे काम का नतीजा यह है कि अभी तक गिट्टी परत का ही काम पूर्ण नहीं हो सका है।सड़क निर्माण का निर्धारित समय निकल जाने के बाद भी अफसर शांत बैठे है।
तराई क्षेत्र की एक मात्र सड़क जो ग्रामीणों को सीधे रमियाबेहड़ ब्लॉक मुख्यालय से जोड़ती है यहां ब्लॉक के साथ साथ सीएचसी, पशु चिकित्सालय, बैंक, बीआरसी मुख्यालय,और कस्तूरबा गांधी बालिका आवसीय विद्यालय समेत अन्य महत्वपूर्ण दफ्तर है। जिससे क्षेत्र के गांव नैनापुर, रामनगर बगहा, गुलरिया अगघरा, परौरी, हौकना मटेरा, रामनगर लहबड़ी, अगठी, सुजैकुंडा, भटपुरवा कला, बिंजहां, समेत अन्य ग्राम पंचायतों की करीब एक लाख आबादी प्रभावित होती है। सड़क से होने वाली दिक्कतो से बचने के लिए कई गांवों के लोगों को अपने घर तक पहुंचने के लिए दूसरे रास्तों से होकर कई किलोमीटर के चक्कर लगाना पड़ता है। आधे अधूरे काम से राहगीरों को दिक्कत होती है। महीनो से उखड़े पड़े पत्थरों की वजह तमाम लोग हादसे के शिकार हो चुके है कई बार सवारी भरे आटो रिक्शा पलट जाते है। बारिश से पहले उखड़ी पड़ी सड़क से उड़ने वाली धूल से लोगो का हाल बेहाल था, बारिश के बाद कुछ हद तक धूल से राहत मिली है।

### क्या कहते जिम्मेदार

उपजिलाधिकारी धौरहरा राकेश कुमार ने बताया उक्त सड़क का मामला संज्ञान में नही था संबंधित विभाग से बात करुंगा। काम को निर्धारित समय में पूर्ण करना चाहिए था जिससे लोगो को दिक्कतों का सामना न करना पड़ता राकेश वर्मा व्यापारी कहते है कि रोड खराब होने की वजह भाड़ा अधिक लगता है सड़क की खस्ता हालत को देखकर कर ट्रांसपोर्ट वाले गाड़ी भेजने को तैयार नहीं होते है अधिक भाड़ा देने के बावजूद वहां स्वामियों से मिन्नते करनी पड़ती है।भाड़ा अधिक होने की वजह से मॉल की कीमत बढ़ जाती है जिससे किसान जल्दी खरीदारी नही करते व्यवसाय पर सड़क की वजह से काफी असर पड़ रहा है यदि समय रहते सड़क ठीक हो जाती तो ये दिक्कतें आज नही होती इंडियन बैंक रमियाबेहड़ के बीसी संचालक मो युनुस कहते है वीरबाबा चौराहे पर बीसी प्वाइंट है प्रतिदिन बैंक से रुपया लेकर आना जाना पड़ता है। रास्ता अत्याधिक खराब है गाड़ी धीरे चलानी पड़ती सड़क के दोनो तरफ सुनसान रास्ता की वजह से रुपया लेकर चलने में डर लगता है। कछुए की गति से हो रहे काम की वजह से अभी तक सड़क निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका है।ब्लॉक प्रमुख कल्पना अजय वर्मा कहती है कि ब्लॉक मुख्यालय को प्रतिदिन कर्मचारी, प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, और लाभार्थी आते हैं चुकी प्रमुख मार्ग होने की वजह से इसी से गुजरते हैं जिससे दिक्कत होती हैं। यदि समय रहते सड़क बन गई होती तो क्षेत्र के लोगो को फायदा होता।शिक्षक सुनील मिश्रा ने बताया सविलियन विद्यालय रामनगर बगहा में तैनाती हैं। ढखेरवा में किराए के मकान मे रहते है प्रतिदिन इसी मार्ग से गुजरना पड़ता है 20 मिनट का रास्ता एक घंटे में तय होता है। नुकीले पत्थरों से गाड़ी खराब हो जाती है जिससे और भी समस्या उत्पन्न हो जाती है।

# कारगिल विजय की 25वी वर्षगाठं जिले में बहुत धूमधाम से मनाई गई





जन एक्सप्रेस । सीतापुर

सीतापुर स्थित कैप्टन मनोज पांडेय चौक पर भाजपा युवा मोर्चा ने भी कारगिल विजय दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित की। जिसमे अनूप विश्कर्मा, प्रतीक पांडेय सहित सैकड़ों भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओ ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। कारगिल विजय दिवस के अवसर पे अमर शहीद कैप्टन मनोज पांडेय जी चौक पर अमर शहीदो को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। तथा कहा कि वीर शहीदों का सम्मान करना हमारी संस्कृति रही है। कारगिल युद्ध में जनपद के मनोज पांडेय ने वीरगति प्राप्त की थी। जिन्हें बाद में सरकार ने परमवीर चक्र देकर सम्मानित किया था। आज देश अपने शहीदों को नमन कर रहा है। इस मौके पर डिप्टी मैनेजर वागीश दिनकर ने देशभक्ति पूर्ण कविता सुना कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर संस्था के डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष, उप प्रधानाचार्य आरजे वर्मा, आदर्श जायसवाल, अवनीश अवस्थी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी व शिक्षक मौजूद रहे।

कारगिल विजय की 25वीं वर्षगांठ क्षेत्र भर में भारी उत्साह से मनायी गयी। इस मौके पर क्षेत्र के विभिन्न स्कूल-कालेजों, सरकारी व अर्द्ध सरकारी दफ्तरों में श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन किया गया। कई स्थानों पर स्थापित कारगिल विजय स्तंभों के साथ कारगिल के युद्ध में शहीद हुये मां भारती के सच्चे सपूतों को याद कर भावभीनी श्रद्धाजंलि दी गयी। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर महमूदाबाद तहसील परिसर में स्थापित कारगिल विजय स्तम्भ पर एसडीएम शिखा शुक्ला ने लायर्स एसोशिएसन के अध्यक्ष अखिलेश वर्मा व अन्य पदाधिकारियों के साथ तथा नगर पालिका परिसर में स्थापित कारगिल विजय स्तंभ पर पालिकाध्यक्ष मो. अहमद, वरिष्ठ लिपिक राम गोपाल विश्वकर्मा, रामशरण गौतम, अरविंद, आनंद अुमार, रामनरेश सहित अन्य कर्मियों ने पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन किया। सीता ग्रुप आफ एजूकेशन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। सभा को संबोधित करते हुए एजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी ने कहा कि देश के स्वाभिमान की रक्षा करते हुए दुर्गम कारगिल की चोटियों पर देश के वीर सैनिकों ने सैकड़ों की संख्या में शहादत देकर भारतीय तिरंगे को आज ही के दिन कारगिल की चोटी पर लहराकर विजय प्राप्त की थी।

# पुरानी व जर्जर हो चुकी विद्युत लाइन से कभी भी हो सकता है कोई बड़ा हादसा



जन एक्सप्रेस । सिद्धार्थ अवस्थी

लहरपुर। सीतापुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम शेरपुर कल्याणपुर में पुरानी जर्जर विद्युत लाइन के चलते प्रतिदिन तार टूट कर गिरने से कभी भी हो सकता है कोई बड़ा हादसा। प्राप्त जानकारी के अनुसार शेरपुर कल्याणपुर में सभी विद्युत लाइन पुरानी एवं जर्जर है जिसके चलते आए दिन तार टूट कर गिर रहे हैं, क्षेत्र के ग्रामीण बद्री पसाद, मेराज, अयूब, दिवाकर, संजय, अरुण, डॉ अभिषेक, अनिल वर्मा आदि ने बताया कि, विद्युत लाइन लगभग 60 वर्ष पुरानी है अभी तक यहां की विद्युत लाइन के तार नहीं बदले गए हैं जबकि सभी जगह पर तारों को बदलकर केबिल डाल दिया गया है। इस संबंध में अवर अभियंता अभिनव शुक्ला ने बताया कि लो वोल्टेज की समस्या के चलते अधिक लोड पडने से तार टूट कर गिर जाते हैं, शीघ्र ही जर्जर तारों को बदलकर एबीसी केबिल डाल दी जाएगी।

# प्रेम प्रसंग में गर्भवती किशोरी की गर्भपात में मौत, आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । हरदोई

सांडी। थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक के साथ प्रेम प्रसंग होने के कारण एक किशोरी गर्भवती हो गयी।इसकी जानकारी होने के बाद उसका गर्भपात कराने एक निजी अस्पताल मे परिजन ले गए जहां पर हालत बिगड़ने के बाद लखनऊ ले जाते समय उसकी मौत हो गई।मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के सुगमा गांव निवासी लगभग 16 वर्षीय दलित किशोरी का गांव के युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसके चलते किशोरी के गर्भवती हो गयी।सोमवार की शाम किशोरी को आरोपी विजय सिंह ने बलराम पाल पुत्र विश्राम, अमित पुत्र वेदराम व तारबाबू पुत्र श्री पाल की सहायता से हरदोई के एक निजी अस्पताल में गर्भपात कराया गया था। जहां पर गर्भपात कराने के दौरान उसकी हालत बिगड़ गई। आनन फानन में उसे लखनऊ इलाज के लिए ले जाया जा रहा था।जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई।इसके बाद ग्राम प्रधान की मदद से उसे गांव के किनारे जेसीबी से गड्ढा खुदवा कर दफन कर दिया गया था। मृतका के बड़े भाई की तहरीर पर पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो व एससीएसटी एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर वांछित अभियुक्त विजय सिंह पुत्र शिवकुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

# कारगिल विजय दिवस पर शहीद आबिद खां को दी गयी श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस । हरदोई



पाली। शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस पर शहीद हुए कस्बा के आबिद खां को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया।
कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सेना के कई वीर सपूतों ने युद्ध में अपने प्राण देश पर निछावर कर भारतीय सेना का परचम लहराया था। जिसमे पाली नगर का लाल आबिद खां भी शामिल था। कारगिल शहीद दिवस के मौके पर शहीद आबिद की शहादत को याद करके सभी ने पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। सबसे पहले सवायजपुर एसडीएम अरुणिमा श्रीवास्तव ने शाहिद स्मारक स्थल पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।वहीं सपा नेता रहमत अली %मोनू% ने शहीद की स्मारक स्थल पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा पाली कस्बे के कारगिल हीरो शहीद आबिद खां जो 1 जुलाई 1999 को कारगिल युद्ध में पाकिस्तान के 17 दुश्मनों को उड़ा कर वीरगति को प्राप्त हो गए थे। शहीद आबिद खां की देश के प्रति इस कुर्बानी से पूरी पाली का सर फक्र से ऊंचा हुआ है। उनकी इस शहादत पर हमें नाज है। वहीं अतिरिक्त थाना प्रभारी वहीद अहमद ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। हालांकि किसी ने भी शहीद के घर पहुंचकर पत्नी व बच्चों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जानने की जहमत नही उठाई।

पूरा देश कारगिल विजय दिवस के जश्न में डूबा था। वहीं कारगिल युद्ध में शहीद हुए कस्बा पाली के आबिद खां की स्मारक उपेक्षा का शिकार थी। किसी भी जनप्रतिनिधि या किसी भी आला अधिकारी ने शहीद की स्मारक स्थल पहुंचकर श्रद्धा के दो फूल चढ़ाना तक मुनासिब नही समझा। ऐसे में दो मुट्ठी पुष्प को आबिद का स्मारक स्थल तरसता रहा।

# सत्ता बचाने, सहयोगियों को खुश करने और कार्पोरेट का लाभ पहुंचाने वाला बजट: मनीष

जन एक्सप्रेस । देवरिया



केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर जहां विगत दिनों से सत्ता पक्ष द्वारा वाहवाही बटोरी जा रही है वहीं समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता मनीष सिंह ने केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि एनडीए सरकार का यह बजट सत्ता की लालच और कुर्सी बचाने की मज़बूरी में गांव,गरीब, युवा, किसान और मध्यम वर्ग को धोखा देना वाला बजट है। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता मनीष सिंह ने केंद्र कि एनडीए सरकार के बजट को धोखा बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की मंशा पर सवाल उठाया। सपा प्रवक्ता ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने उत्तर प्रदेश और खास कर पूर्वी क्षेत्रों को छलने का काम किया है। इस सरकार ने देश की जनता के अधिकार का पूरा पैसा अपनी कुर्सी बचाने के लिए दो राज्यों को सौंप दिया। सत्ता के लालच में देश के बाकि राज्यों की तरह ही यूपी से भी एनडीए सरकार ने छल किया है। हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस बातचीत में सपा प्रवक्ता ने कहा कि यूपी देश का सबसे बड़ा राज्य है और यहां भाजपा की सरकार भी है। डबल इंजन की सरकार होने के बाद भी यूपी के साथ सौतेला व्यवहार किया गया।

### पीएम पर साधा निशाना,कहा औद्योगिक विकास का अधिकार सिर्फ गुजरात का,यूपी को नहीं

सपा प्रवक्ता ने कहा कि खुद प्रधानमंत्री यूपी के पूर्वांचल से लगातार तिसरी बार सांसद हैं इसके बावजूद यहाँ के लोगों के साथ सौतेला व्यवहार हुआ। पीएम को जनता को ये बताना चाहिए कि आखिर यूपी की जनता के साथ ये धोखा क्यों? क्या बाहरी को सांसद चुन कर वाराणसी की जनता ने गलती कर दी है? पीएम को ये बताना चाहिए कि क्या औद्योगिक विकास का अधिकार केवल गुजरात को है जहां से वो आते हैं, यूपी का नहीं जहां की देवतुल्य जनता ने उन्हें तीन बार सांसद चुनकर तीन बार पीएम की कुर्सी तक पहुँचाया है?

### आरोप-यूपी में मिली हार की सजा, प्रदेश के बजट में कटौती

सपा नेता श्री सिंह ने पीएम और भाजपा पर सवाल उठाते हुए गंभीर आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि कहीं पीएम और भाजपा प्रदेश की जनता को लोक सभा चुनाव में यूपी में मिले हार खास कर अयोध्या में मिले हार की सजा तो नहीं दे रहे हैं।

### जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह फेल है एनडीए सरकार का बजट

सपा प्रवक्ता श्री सिंह ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का झांसा देकर खाद उत्पादन में कमी और उन्हें महंगा करने के रास्ते बना कर सरकार ने एक बार फिर ये साबित कर दिया है कि ये आम जनता की नहीं कॉर्पोरेट की सरकार है। बाढ़ से राहत की बात हो या मौसम की मार झेलने वाले किसानों की, सरकार ने यूपी के हर वर्ग को सिर्फ धोखा देने का काम किया है। आम जनता के कल्याण और उम्मीदों का बजट लाने में एनडीए सरकार पूरी तरह से फेल साबित हुई है।

### देवरिया की जनता की उम्मीदों पर पानी फेरने वाला बजट

मनीष सिंह ने कहा कि डबल इंजन सरकार होने के चलते पूर्वांचल में खास कर देवरिया के लोगों को इस बजट से बड़ी उम्मीदें थीं। जनपद की जनता सरकार की तरफ उम्मीद भरी नज़रों से देख रही थी कि पूर्वांचल और देवरिया को औद्योगिक विकास के दौड़ में शामिल किया जायेगा। जिससे यहां रोजगार के रास्ते खुलें और हमारे युवाओं को रोजगार मिल सकेंगे। उनका भविष्य सुरक्षित होगा परंतु डबल इंजन की सरकार ने जिले की जनता की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

# मजदूरों की जान से खिलवाड़ करती, कार्यदायी संस्था सीएनडीएस

* बिना सुरक्षा उपकरणों के मजदूरों से कराया जा रहा निर्माण कार्य
* गुणवत्ता विहीन निर्माण सामग्री का धड़ल्ले से किया जा रहा प्रयोग

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर




जिले के जंगल कौड़िया में निर्माणाधीन महंत अवेद्यनाथ राजकीय महाविद्यालय में किये जा रहे कार्य के दौरान मजदूर कई फीट की उंचाई पर जाकर काम करते हैं इस स्थिति में यदि उनके पास सुरक्षा उपकरण मौजूद हो तो निश्चित ही घटना में मजदूर की जान बच जाएगी, परंतु कार्यदाई संस्था सीएनडीएस द्वारा कार्य अवधि में मजूदरों की सुरक्षा को दरकिनार कर ,उनकी जान से खिलवाड़ किया जा रहा है, और बांस की सिढ़ियो के सहारे कार्य कराए जा रहे हैं जहां कभी भी किसी मजदूर की जान भी जा सकती है।

### करोड़ों के प्रोजेक्ट में भारी अनियमितता

बताते चलें कि कार्यदाई संस्था सीएनडीएस द्वारा जंगल कौड़िया के महंत अवेद्यनाथ राजकीय महाविद्यालय में 7 करोड़ 94 लाख की लागत से ग्यारह क्लासरूम और एक प्रयोगशाला समेत महिला छात्रावास की बाउंड्री वॉल और टॉयलेट का निर्माण कार्य किया जा रहा है। हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस टीम ने शुक्रवार को किए गए पड़ताल में पाया कि काफी ऊंचाई पर काम करने वाले मजदूरों की कमर में न तो शेफ्टी बेल्ट बंधा है, न ही सिर पर हेलमेट है और न ही हेण्ड ग्लब्स और जूते। यदि कोई मजदूर गलती से गिर जाता है तो उसे जान गंवानी पड़ जाएगी। करोड़ों का प्रोजेक्ट होने के बाद भी कोई अभियंता मौके पर मौजूद नहीं मिला, जबकि इतने बड़े प्रोजेक्ट में कम से कम सहायक अभियंता की मोजुदगी निश्चित होना चाहिए।

### पीली ईंट और जंग लगी सरिया का धड़ल्ले से किया जा रहा प्रयोग

जन एक्सप्रेस टीम ने जब कार्यस्थल पर मौजूद मजदूरों से पूछताछ किया तो उन्होंने बताया कि ठेकेदारों द्वारा केवल काम कराया जाता है, उनकी सुरक्षा को लेकर किसी को कोई सरोकार नहीं है। वहीं पड़ताल में यह भी पाया गया कि निर्माण कार्य में दोयम दर्जे की पीली ईट का प्रयोग किया जा रहा है साथ ही जंग लगी पुराने सरिया को खपाया जा रहा है। जब इस मामले में मोबाइल द्वारा ठेकेदार अजीत सिंह से बात किया गया तो उन्होंने कहा मजदूरों के अनुसार और उनसे बात कर काम नहीं किया जाता है।

### गुणवत्ता विहीन निर्माण सामग्री की जांच कराकर की जाएगी कार्रवाई: जेई

कार्यदाई संस्था सीएनडीएस के सहायक अभियंता संदीप ने बताया कि सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए ठेकेदार को निर्देशित किया गया है। कार्य और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता से खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा, निर्माण कार्य में प्रयोग की जा रही गुणवत्ता विहीन निर्माण सामग्री की जांच कराकर ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# चौरी चौरा में चला पीडीए का पौधा रोपण महाअभियान

* सपा राष्ट्रीय महासचिव राम अचल राजभर ने किया पौधा रोपण
* पीडीए पौधारोपण से सपा की जड़े होंगी मजबूत: बृजेश गौतम
* भाजपा सरकार में दलित पिछड़े समाज का हो रहा है उत्पीड़न: श्याम नारायण यादव



जन एक्सप्रेस । चौरी चौरा

चौरी चौरा विधानसभा क्षेत्र के देवीपुर में जिला सचिव अम्बरीश यादव के नेतृत्व में पीडीए पौधा रोपण महाअभियान के तहत सपा के राष्ट्रीय महासचिव राम अचल राजभर ने पौधारोपण किया और कहा पीडीए पौधा रोपण से सपा की जड़े मजबूत होंगी और गांव गांव कार्यकताओं में जोश और उत्साह आयेगा और उनकी जड़े मजबूत होंगी। भाजपा सरकार में महंगाई बेरोजगारी चरम पर है। युवा बेरोजगार होकर सड़को पर घूम रहे हैं। दलित शोषित वंचित समाज के साथ अत्याचार हो रहा है। जिला अध्यक्ष बृजेश गौतम ने कहा कि पीडीए पौधा रोपण अभियान से पार्टी की जड़े मजबूत होंगी इस सरकार में सिर्फ वादे किए जाते हैं। संविधान विरोधी यह सरकार दलित समाज के हको और अधिकारों को छीनने का कार्य करती है। श्याम नारायण यादव ने कहा कि बीजेपी सरकार में पिछड़े समाज का उत्पीड़न किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी सिर्फ धर्म और मजहब के नाम लड़ाने का कार्य करती है। उक्त अवसर पर मुन्नीलाल यादव, दयानंद विद्रोही, मनोज कुमार गौतम बबलू अंसारी, मार्कण्डेय यादव, रणजीत पासवान, मजीद सिद्दीकी,नरसिंह यादव, अरविंद यादव, दीपक कुमार भारती, बाबूलाल निषाद, जय कुमार साहनी, नौशाद आलम, श्री निवास यादव, विरेन्द्र यादव, जितेंद्र यादव, दुर्गेश यादव, नरेन्द्र गौड़, संदीप गौड़ अमरजीत पासवान, राजन राजभर, रामनिवास राजभर, मोहित राजभर, दीना राजभर सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

# जेपीएस सेंट्रल एकेडमी में कारगिल शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



जन एक्सप्रेस । चौरी चौरा

जेपीएस सेंट्रल एकेडमी, जंगल गौरी नंबर एक झंगहा में शुक्रवार को कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और प्रबंधक अभिजीत कुमार ने भाग लिया। श्रद्धांजलि सभा के दौरान, शहीद जवानों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और उनके बलिदानों को नमन किया गया। प्रबंधक अभिजीत कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, कारगिल युद्ध भारतीय सैनिकों के साहस और समर्पण का प्रतीक है। इस युद्ध में पाकिस्तान को करारी हार का सामना करना पड़ा। हमारे वीर जवानों ने देश की सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। प्रधानाचार्य सतीश कुमार यादव ने कारगिल के शहीदों की वीरगाथाओं को साझा किया और विद्यार्थियों को उनके अदम्य साहस की कहानियाँ सुनाईं। इस मौके पर विद्यालय की छात्राओं ने शहीदों की याद में कविताएं और गीत प्रस्तुत किए, जिससे वातावरण भावुक हो गया।कार्यक्रम के समापन पर सभी ने एकसुर में देशभक्ति के गीत गाए और शहीदों के प्रति अपने सम्मान को व्यक्त किया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक रहा, जिससे उनमें देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना का विकास हुआ।

# साहब! वापिस दिलवा दें पैसे-सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगे गए युवक ने की पुलिस से फरियाद

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

**गगहा।** गगहा पुलिस को सरकारी नौकरी मर्चेंट नेवी में नौकरी दिलाने के नाम पर दो व्यक्तियो ने एक ठग के खिलाफ शिकायतीपत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को गगहा थाना क्षेत्र डुमरी मंझरिया के राजाराम गुप्ता पुत्र चितई व अम्बेडकर नगर निवासी जितेन्द्र चौहान ने गगहा पुलिस को एक व्यक्ति के खिलाफ सरकारी नौकरी मर्चेंट नेवी में नौकरी दिलाने के नाम पर जनपद अम्बेडकर नगर के धनौडा सिलवर नगर के थाना बिनौली के आकाश राणा पुत्र शैलेन्द्र राणा को आनलाइन पैसे देने व नौकरी नहीं दिलाने और टूरिस्ट वीजा देकर दुबई भेज देने एवं दुबई में काम नहीं दिलाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है। ठगी के शिकार हुए युवकों ने बताया कि हम दोनों ने अंबेडकर नगर जिला निवासी आकाश राणा को आनलाइन पैसा दिया था.राजाराम गुप्ता ने अपने बेटे को नौकरी दिलाने के लिए आकाश राणा को तीन बार में डेढ़ लाख व जितेंद्र चौहान ने लगभग ढाई लाख रुपए दिया। दोनो लोगों को टूरिस्ट वीजा देकर दुबई भेज दिया लेकिन वहां नौकरी नहीं मिलने पर एक ही माह में वापस घर चला आया। हम लोगों नौकरी नहीं मिलने पर पैसा मांगने लगे लेकिन पैसा नहीं मिला। इस समय हमे पता चला कि आकाश राणा ठगी करने के आरोप में बनौली थाना ने जेल भेज दिया है।पीडीत ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# बीडीओ ने किया अचौक निरीक्षण, खुले बंद पंचायत भवनों के ताले

जन एक्सप्रेस
खबर का असर
जन एक्सप्रेस । गोरखपुर






गोला गोरखपुरढ्ढ हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस लखनऊ संस्करण द्वारा सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार, शहर से लेकर गांवों तक में हो रहे अत्याचार की खबरों को प्रमुखता से निरंतर प्रकाशित किए जाने का संज्ञान में लेते हुए खण्ड विकास अधिकारी गोला द्वारा ब्लॉक के ग्राम पचायत गाजेगड़ा, पटोहा, पडोली, ककरही आदि ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण कियाढ्ढ निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत में बने सामुदायिक शौचालय का भी निरीक्षण किया ढ्ढऔचक निरीक्षण में बीडीओ दिवाकर सिंह शुक्रवार को सुबह 10ः00 बजे गोला ब्लाक के गाजेगड़ा पंचायत सचिवालय पहुंचे,सभी कर्मी प्रधान सहायक व सचिव उपस्थित मिले, तथा बंद पड़े पंचायत भवन के ताले खुले मिले ढ्ढ आपको बता दें, बीते बृहस्पतिवार को प्रकाशित खबरें ,पंचायत भवनों में लटक रहे ताले, की खबर को संज्ञान में लेकर गंभीरता से लेते हुए खंड विकास अधिकारी ने पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, का निरीक्षण कियाढ्ढ इस दौरान उपस्थित पाया गया ढ्ढ पंचायत सचिवालय व सामुदायिक शौचालय में सफाई व्यवस्था को लेकर शिकंजा कसा।औचक निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने बताया कि पंचायत सचिवालय एक-आधा घंटा और ताला बंद की सूचना की खबर हिन्दी दैनिक जन एक्सप्रेस में प्रमुखता से प्रकाशित हुई थी। इसी क्रम में निरीक्षण के दौरान मौके पर पहुंचकर पंचायत भवनों के ताले खुले व कर्मचारियों की उपस्थित पाया। बीडीओ ने बताया कि कुछ पंचायत भवनों पर ताले लटके मिले पाए गए थे जहां के पंचायत सहायक मीटिंग में गए हुए थे इसलिए बंद पड़े मिले थे ढ्ढ पंचायत सचिवालय का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने गाजेगड़ा, पंचायत में संचालित कई योजनाओं का भी निरीक्षण किया। ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्या समझने का प्रयास किया। साथ ही शीघ्रता से पंचायत सहायक को कार्य करने की हिदायत दी।

# ग्राम प्रधान ने प्रधानाध्यापिका पर सरकारी धन गबन करने का लगाया आरोप

* कंपोजिट ग्रांट का पैसा हजम कर गई मैडम

जन एक्सप्रेस । महराजगंज





**आनन्दनगर।** प्रधानाध्यापिका पर लगा सरकारी धन गबन करने का बड़ा आरोप, जांच कर कार्रवाई की मांग।फरेंदा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सभा सिधवारी स्थित कंपोजिट विद्यालय सिधवारी में पुराने कार्य को ही नये सत्र में दिखाकर प्रधानाध्यापिका द्वारा धन निकाल लिया गया है। ग्राम प्रधान ने फरेंदा खंड शिक्षाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया है। ग्राम सभा सिधवारी की ग्राम प्रधान मुन्नी देवी ने फरेंदा खंड शिक्षाधिकारी को दिए गए पत्र में लिखा है कि वित्तीय वर्ष 2023 में विद्यालय पर रंगाई -पुताई पेंटिंग चित्रकार का कार्य कराया गया था जिस पर प्रधान द्वारा ग्राम पंचायत से कार्य कराया गया था लेकिन प्रधानाध्यापिका द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 व 23 24 का कंपोजिट ग्रांट का पूर्ण उपयोग करके पैसा निकाल लिया गया है। साथ ही साथ मिड डे मील का पैसा मैडम गटक जा रही है, और बच्चे खानें पीने के लिए तरस रहे हैं।मेरे सत्यापन द्वारा इस पुराने कार्य पर फर्जी भुगतान दिखाया गया है।वहीं प्रधानाध्यापिका से दूरभाष पर संपर्क करने पर बताया गया कि 23,24 में पैसा आया था 22,23 में ग्रांट का पैसा ही नहीं आया था 23,24 में जो पैसा आया था उससे हमने काम करवाया है।

### जांच कराकर की जाएगी कार्रवाई: एबीएसए

इस संबंध में पूछे जाने पर फरेंदा खंड शिक्षाधिकारी अगिनीत कुमार ने बताया कि शिकायती पत्र मिला हैं प्रधानाध्यापिका से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# बालिकाओं को जन्म के पूर्व लिंग निर्धारण परीक्षण न करने की दिलायी शपथ: सचिव

जन एक्सप्रेस । देवरिया



राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के कार्ययोजना अनुसार अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायाधीश, देवरिया देवेन्द्र सिंह के मार्गनिर्देशन में दीनानाथ पाण्डेय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी द्वारा स्नातक में पढ़ने वाली बच्चियों को जन्म के पूर्व लिंग निर्धारण तथा अन्य विधिक कानूनों पाक्सो एक्ट, किशोर न्याय अधिनियम, अनैतिक देह व्यापार अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के बारें में विस्तार से जानकारियॉ दी गयी। राज्य में महिलाओं से सम्बन्धित हेल्पलाईन नम्बर-1090, 181 तथा 112 के बारें में बताया गया। बालिकाओं को प्रेरणा देने हेतु सचिव द्वारा प्रेरणादायक एक कविता भी सुनाया गया। इस अवसर पर सचिव द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता हेतु हमेशा बालिकाओं के लिए तत्पर रहने की बात बतायी। वन स्टॉप सेन्टर से मीनू जयसवाल तथा नीतू भारती द्वारा साफ-सफाई, सेनेटरी पैड तथा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारें में जानकारियॉ दी गयी। कार्यक्रम में रेडक्रास सोसाईटी के सदस्य अखिलेश शाही उपस्थित रहे। उन्होनें बालिकाओं को साफ-सफाई तथा स्वच्छता आदि पर ध्यान रखते हुए सेनेटरी पैड मशीन महाविद्यालय में लगवाने का अश्वासन दिया। अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य भी उपस्थित रहे।

# लोक कलाओं के विविध आयाम से परिचित हुई छात्राएं

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

शिक्षा सप्ताह एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत दिग्विजयनाथ बालिका इंटर कॉलेज चौक बाजार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य सपना सिंह ने भारतीय संस्कृति से जुड़े विविध आयामों पर चर्चा की। उन्होंने बताया हमारी संस्कृति का जीवन में कितना महत्व है। मानव जीवन इसके बिना कैसे अधूरा है। चाहे वह पर्यावरण हो साहित्य आध्यात्म सबके संतुलन से ही मानव का कल्याण संभव है। लोक संस्कृति के अभाव में हमारा जीवन उत्साह विहीन हो जाएगा। अपनी इसी संस्कृति रीति रिवाज परंपराओं के द्वारा वर्ष भर हमारे अंदर ऊर्जा बनी रहती है, जो वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित है। शेषमणि विश्वकर्मा ने छात्राओं को विभिन्न कलाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए मिट्टी से बनने वाली कलाकृतियों का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर विपिन कुमार, संदीप यादव, आनंद शुक्ला, कावेरी जायसवाल, प्रभा मौजूद रहे।

### काली पट्टी बांधकर कार्य से विरत रहे जूनियर इंजीनियर

**महराजगंज।** सिविल डिप्लोमा इंजीनियर संघ के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को काली पट्टी बांधकर मुख्यालय सिंचाई विभाग कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। विभाग पर तानाशाही का आरोप लगाकर विभिन्न कार्यों का बहिष्कार किया। शनिवार को काली पट्टी बांधकर डीएम को ज्ञापन भी सौपेंगे। जनपद अध्यक्ष मुकेश कुमार ने कहा कि कहा कि 22 जुलाई से ही प्रदेशव्यापी आंदोलन चल रहा है। 22 अगस्त को प्रमुख अभियंता कार्यालय लखनऊ में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

# ब्लाक स्तरीय कृषि मेला हुआ आयोजित




जन एक्सप्रेस । महराजगंज

क्षेत्र पंचायत फरेन्दा परिसर में शुक्रवार को कृषि विभाग द्वारा प्रसार सुधार आत्मा योजना के तहत ब्लॉक स्तरीय खरीफ कृषि मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख रामप्रकाश सिंह रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।गोष्ठी में उपस्थित किसानों में पूर्व प्रमुख रामप्रकाश ने मेडूवा, कोदों,ज्वार, बाजारा , जैसे दुर्लभ बीज को वितरित किया। उसके पश्चात उन्होंने कहा कि यह पुरानी प्रजाति का बीज है। आज़ यह बीज आधुनिकता के युग में बजार से और किसानों के घर से गायब हो गया है। आज यह दुर्लभ बीज खोजने पर भी नहीं मिल रहा।जब की इसकी जरूरत है।यह बीज विभिन्न बीमारियों में काम आता ही है साथ ही साथ बहुत उपयोगी भी है। इस दौरान कृषि प्रभार राजेश कुमार, जिला सलाहकार ताहिर अली डॉ चंद्रा संजय चौधरी, विनय तिवारी, हनुमान ,विभूति पाण्डेय,व कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी के अलावा क्षेत्र के किसान मौजूद रहें। कार्यक्रम का संचालन सहायक कृषि निरीक्षक फरेंदा इन्द्रजीत जायसवाल ने किया।

# उत्साह से लबरेज कांग्रेसियों ने अपने नेता राहुल गांधी का किया जगह-जगह स्वागत

## न्यायालय परिसर में भी राहुल गांधी का हुआ भव्य स्वागत, अभियुक्त की तरह नहीं बल्कि एक जन नेता के रूप में आए राहुल गांधी: अभिषेक सिंह राणा

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

एमपी एमएलए कोर्ट में बयान के लिए जिले में आते समय राहुल गांधी का जगह-जगह कांग्रेस और स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया।





पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से उतरते ही जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा प्रदेश सचिव व प्रभारी अर्जुन पासी प्रदेश महासचिव योगेंद्र मिश्रा,प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष मिश्र ने स्वागत करते हुए उनकी अगवानी की, मुजेश चौराहे पर कूरेभार ब्लाक अध्यक्ष नफीस पठान योगेश पांडे धर्मराज मिश्रा, बाबूगंज बाजार में जिला उपाध्यक्ष सुब्रत सिंह सनी व युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष मानस तिवारी ने नौजवानो व छात्रों के साथ राहुल गांधी स्वागत किया छात्रों ने नीट परीक्षा का मामला उठाने पर राहुल गांधी को धन्यवाद भी दिया, कटका बाजार में वरिष्ठ नेता कृपा तिवारी जिला पंचायत सदस्य निकलेश सरोज काली सहाय सिंह विभू पांडेय आदि ने स्वागत किया, टांटिया नगर में अखंड नगर करौंदी कला कादीपुर के ब्लाक अध्यक्ष विनोद पांडेय और जिला उपाध्यक्ष रामशरण गौतम ने अपनी टीम के साथ स्वागत किया, सुल्तानपुर की तरफ आगे बढ़ने पर टेढ़ुई तिराहे पर जिला महासचिव अतहर नवाब प्रतापपुर कमैचा ब्लॉक अध्यक्ष लालता पाठक लम्भुआ ब्लॉक अध्यक्ष ,मेराज भदैया ने स्वागत किया, पांचोपीरन मे पूर्व विधानसभा प्रत्याशी फिरोज अहमद वह युवा नेता शादाब अहमद ने अपनी टीम के साथ स्वागत किया, गोलाघाट पहुंचने पर शहर अध्यक्ष शकील अंसारी वरिष्ठ नेता लाल पद्माकर सिंह शहर के कॉंग्रेस जनों के साथ भव्य स्वागत किया, दीवानी मोड पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ओपी चौधरी सिराज अहमद भोला महेंद्र सिंह प्रेम भारती ममनून आलम उपाध्यक्ष तेज बहादुर पाठक, पवन मिश्रा कटावा आवेश अहमद इंद्रकेश शर्मा राहुल पांडे रणजीत सिंह सलूजा पूर्व प्रदेश सचिव राहुल त्रिपाठी पवन मिश्र नन्हें आदि लोगों ने जोरदार स्वागत किया दीवानी न्यायालय परिसर में वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद अनवर, बृजेश पांडेय प्रमोद मिश्र लक्ष्मी कांत मिश्रा आदि लोगों ने गुलाब की पंखुड़ियां की बारिश करते हुए राहुल गांधी का जोरदार स्वागत किया। वहीं दूसरी तरफ कूरेभार के मुजेश चौराहे पर सैकड़ों कांग्रेसी साथिओं के साथ. सदस्य पीसीसी योगेश पाण्डेय ने राहुल जी का स्वागत किया जिसमे मुख्य रूप से हरख नारायण मिश्रा, राजेश ओझा ,सुनील शर्मा,धरम राज मिश्रा जी अभिनव श्रीवास्तव ओम प्रकाश त्रिपाठी उपस्थित रहे। हाईवे से उतरते ही राहुल जी के स्वागत की पहली जिम्मेदारी प्रदेश नेतृत्त्व ने योगेश पाण्डेय को दी थी ।भारी भीड़ को देखते हुए राहुल गांधी भी लगभग सभी कार्यकर्ताओं से मिले।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मजदूरी के पैसे मांगने पर युवक को मारी गोली, अब फैसला कराने के लिए घर में घुसकर की मारपीट



**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** थाना अकराबाद क्षेत्र में रहने वाले राहुल पुत्र गोपाल को मजदूरी के पैसे मांगना पड़ा भारी पैसे मांगने पर दबंग बदमाशों ने गोली मार दी जिनकी तहरीर पर थाना अकराबाद में मुकदमा दर्ज किया गया जिसकी सुनवाई में राहुल की बहन की गवाही की गवाही से बौखलाई लोगों ने फैसले का दबाव बनाना शुरू कर दिया जब राहुल की बहन ममता ने फैसला करने से मना कर दिया तो दबंगों ने रात्रि में लाठी डंडे कुल्हाड़ी और सबल लेकर घर पर हमला बोल दिया जिसमें राहुल ,राहुल की मां मछला और उसकी दो बहने गंभीर रूप से घायल हुई हैं। पीड़ित परिवार ने एसएसपी ऑफिस पर आकर न्याय गुहार लगाई है और बताया है कि आरोपी बहुत ही खूंखार किस्म के दबंग और बदमाश प्रवृत्ति के लोग हैं जिनका किसी बाबरिया गिरोह से संपर्क है इनके खिलाफ थाना अकराबाद में दर्जनों मुकदमे लिखे हुए हैं यह दबंग लोग जेल जाने के डर से हमसे जबरदस्ती फैसला करवाना चाहते हैं लेकिन हमने ऐसे दुर्दांत लोगों को जेल की सलाखों के पीछे भेजने का निर्णय लिया है। पीड़ितों ने बताया कि घर में हमला करने के बाद ये सभी लोग हमारे साथ थाने में भी मौजूद थे जिन पर दर्जनों मुकदमे लूटपाट और गैंगस्टर जैसे संगीन धाराओं में दर्ज हैं फिर भी थाने में खुलेआम घूमते हैं और पुलिस इन्हें गिरफ्तार ना करके उल्टा इनका सपोर्ट करती है हमें डर है कि लोग हमारे परिवार को किसी भी तरह का कभी भी नुकसान पहुंचा सकते हैं इसलिए ऐसे दरिंदों का स्थान जेल में होना चाहिए।

### एसवीएम में बी.लिब.एवं एम.एससी. सांख्यिकी में प्रवेश प्रारंभ



**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय, अलीगढ़ में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसे अध्यक्ष, प्रबंध समिति, सीए अतुल कुमार गुप्ता, सचिव प्रबंध समिति सीए गौरव वार्ष्णेय, प्राचार्य प्रो ब्रजेश कुमार, संयुक्त सचिव अतुल राजा जी, प्रबंध समिति सदस्यगण विपिन वार्ष्णेय, डा कवि शंकर वार्ष्णेय, सांख्यिकी प्रभारी डॉ अनिल कुमार वार्ष्णेय, पुस्तकालय प्रभारी डॉ पंकज कुमार, छात्र कल्याण अधिकारी प्रोफेसर रोली अग्रवाल, जनसंपर्क अधिकारी डॉ अतुल अरोरा एवं डॉ हरेंद्र कुमार गौड़ द्वारा संबोधित किया गया। जिसमें बताया गया कि महाविद्यालय को पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातक (ठ.स्पइ.) की 60 सीटों तथा एम.एससी. (सांख्यिकी) में 30 सीटों के साथ कोर्स संचालित करने की अनुमति राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ द्वारा प्रदान कर दी गई है। प्रबंध समिति एवं प्राचार्य ने कुलपति एवं कुलसचिव महोदय का आभार व्यक्त किया। वर्तमान में महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजना के अंतर्गत बीबीए, बीसीए, बीबीए (लॉजिस्टिक) एमएससी (जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, कंप्यूटर साइंस) एवं एमए (सैन्य विज्ञान) पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं। बीबीए बीसीए एवं बीबीए (लॉजिस्टिक्स) की सभी सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है तथा शुल्क जमा करने की प्रक्रिया चल रही है। एम.ए./एम.एससी. पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 जुलाई, 2024 निर्धारित है। उसके तुरंत बाद प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। यहां यह भी अवगत कराना है कि भी बी.लिब. एक वर्षीय पाठ्यक्रम है जिसमें न्यूनतम 50ः अंकों के साथ स्नातक उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं प्रवेश ले सकते हैं।

### सपा नेता डॉ. एम.ए गौरी को हुआ मातृ शोक

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** आगरा के वरिष्ठ सपा नेता एव समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक मौर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. एम.ए गौरी की मां सरीफन बेगम का निधन हो गया। सूचना पर क्षेत्र के लोग सांत्वना देने के लिए उनके घर पहुंचे डॉ. गौरी समाजवादी पार्टी के नेता होने के साथ-साथ समाज सेवा का भी काम करते हैं।

### आकाश इंस्टीट्यूट ने लांच की एंथे-2024 परीक्षा

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** चिकित्सा और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में रूचि रखने वाले युवाओं को आकाश एजूकेशनल ने इंस्टीट्यूट में निःशुल्क तैयारी करने के लिए एक विशेष मौका दिया है। इंस्टीट्यूट की ओर से नेशनल टैलेंट हंट (एंथे-2024) को लांच किया गया है। इसमें एग्जाम देने वाले छात्रों को 100 फीसदी स्कॉलरशिप के साथ-साथ नकद पुरस्कार भी दिया जाएगा। रामघाट रोड स्थित आकाश इंस्टीट्यूट पर एंथे-2024 की घोषणा के दौरान ब्रांच हैड अमृत यादव व असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर सैय्यद शमशाद हैदर ने बताया कि नीट यूजी, जेईई मैन और एडवांस्ड, राज्य सीईटी और एनटीएसई के अलावा ओलंपियाड की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए आकाश इंस्टीट्यूट में निःशुल्क पढ़ाई करने के लिए बेहतर मौका आया है। इसके लिए उन्हें एंथे-2024 परीक्षा को देना होगा। यह परीक्षा ऑनलाइन और ऑफलाइन होगी। इस परीक्षा को देने से छात्रों को 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति मिल सकती है। इसके अलावा कक्षा 7 से 9 में टॉप-100 छात्रों को और कक्षा 11 से 12 में टॉप-50 छात्रों को नकद पुरस्कार भी दिया जाएगा। साथ ही टॉपर पांच छात्रों को (नासा) कैनेडी स्पेस सेंटर, फ्लोरिडा, यूएसए में यात्रा का पूर्ण खर्चा दिया जाएगा। एंथे-2024 परीक्षा 19 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक ऑनलाइन और ऑफलाइन होगी। आकाश एजुकेशन के सीईओ और एमडी दीपक मेहरोत्रा ने बताया कि एंथे परीक्षा ने कई छात्रों की आकांक्षाओं और क्षमताओं के बीच अंतर को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एंथे अपने 15 वर्ष में प्रवेश कर रहा है और इसमें कई छात्रों ने नीट यूजी और जेईई एडवांस्ड जैसी परीक्षाओं में शीर्ष स्थान हासिल किये हैं। एंथे परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि ऑनलाइन परीक्षा से तीन दिन पहले और ऑफलाइन परीक्षा से सात दिन पहले की है।

## इसौली विस क्षेत्र में दिन-रात बिजली की किल्लत, विधायक को रोककर लोगों ने बताया अपना दर्द, मिला आश्वासन

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

इसौली विधानसभा क्षेत्र में बिजली को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक भ्रमण पर पारा मंगल बाजार पहुंचे तो यहां नूरी मस्जिद के बाहर कई लोगों ने उन्हें रोका और बिजली समस्या को लेकर आवाज उठाई। विधायक ने सबको आश्वासन दिया कि इस समस्या का समाधान बहुत जल्द हो जायेगा। लोगों ने विधायक को बताया कि वल्लीपुर फीडर पर पूरा पूरा दिन, पूरी पूरी रात सिर्फ बिजली आंख मिचौली खेलती है। कभी 1 घंटा तो कभी उसे भी कम लाइट आती है। ग्रामीण एरिया में 18 घंटे बिजली की पूर्ति का निर्देश हवा हवाई साबित हो रहा है। लोगो ने कहा की कि कटौती इतनी हो रही है कि हम लोग इस उमस भरी गर्मी से परेशान हो गए हैं। किसान एक तरफ बारिश की मार झेल रहा है तो दूसरी तरफ बिजली सप्लाई इतनी लचर है कि खेतों की सिंचाई न होने से फसलें सूख जा रही है। विधायक ने कहा कि वल्लीपुर फीडर और देहली फीडर पर ज्यादा लोड ज्यादा होने से समस्या हो रही है। हमने विद्युत अधिकारियों से कहकर ये लोड दो खंड में करने को कह दिया है?। इस पर काम हो रहा है, आप सब बहुत जल्द बिजली समस्या से राहत पाया जायेंगे।



### विधायक ने अन्नदाताओं को दिया प्याज का निःशुल्क बीज

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** स्थानीय विधायक ने पारा बाजार में उद्यान विभाग सुल्तानपुर द्वारा आयोजित बीज वितरण कार्यक्रम में कृषकों को निःशुल्क खरीफ प्याज बीज वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान द्वारा श्रीपाल पासी, सोहराब खान, ईशा खान, सोहेल खान, राकेश यादव, बृजेश यादव, जगन्नाथ यादव, तनवीर आलम आदि सैकडो कृषकों को निःशुल्क खरीफ प्याज बीज वितरित किया गया।

## विधायक की साख को बट्टा लगा रहे जेई और ठेकेदार, इंटरलॉकिंग सड़क का घटिया किस्म से हो रहा निर्माण

जन एक्सप्रेस । चांदा/सुल्तानपुर



ब्लाक प्रतापपुर कमैंचा के ग्राम मधैया (ग्रामसभा-फुटेला) में विधायक निधि से बनवाई जा रही इंटरलॉकिंग सड़क गुणवत्तापूर्ण नहीं है, उसमें लगाई जाने वाली मार्का ईंट और सीमेंट ईट घटिया किस्म की है और इंटरलॉकिंग में कई जगह खाली स्थान दिख रहे हैं जिसको मिट्टी बालू से भर दिया गया है। जेई और ठेकेदार की मिली भगत से संबंधित विभाग को लाखों का चूना लगाया जा रहा है। विदित हो कि संबंधित इंटरलॉकिंग सड़क की अनुमानित लागत आठ लाख रुपए है। और ईंट का प्रयोग भी अधोमानक है, इसको लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

## खेत पर जा रहे युवक को मारी गोली, चार नामजदों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़



थाना अकराबाद क्षेत्र के पनैठी में गुरुवार की सुबह खेतों की ओर जा रहे एक युवक को कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर गोली मार दी। पुलिस ने गंभीर हालत में युवक को जिला अस्पताल भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पनैठी निवासी वरुण कुमार पुत्र अजय राज गुरुवार की सुबह अपने खेतों की ओर जा रहा था। आरोप है कि पहले से घात लगाकर बैठे लोगों ने उसे गोली मार दी। गोली चलने की आवाज सुन कर आसपास के तमाम लोग मौके पर आ गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। गोली वरुण के पेट में लगी है उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया। जहां से हालत नाजुक होने पर उसे छ्ठ ह मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। चर्चा है कि आरोपी व घायल वरुण के परिजनों के बीच किसी बात को लेकर पूर्व से रंजिश चल रही है। मामले में सीओ बरला श्रंजना सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि गुरुवार को पनैठी चौकी क्षेत्र में एक व्यक्ति के गोली लगने की सूचना मिली थी जिस पर पुलिस अधिकारियों द्वारा एफएसएल टीम के साथ मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। वरुण की मां धर्मवती ने चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। सीटू, कर्णवीर, पुत्रगण हरीशचंद्र, खुशबू पुत्री हरीशचंद्र, अर्जुन पुत्र नामालूम निवासीगण जल्लूपुर सीहोर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा दो नामजदों को गिरफ्तार किया गया है। बाकी अभियुक्तों की तलाश में पुलिस जुटी है।

## स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के तहत शिक्षकों को किया प्रशिक्षित

जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर

स्थानीय विकासखंड के जूनियर हाई स्कूल परिसर में शुक्रवार को स्वास्थ जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्वास्थ टीम ने शिक्षकों को जागरुक करते हुए प्रशिक्षित किया।और स्कूली बच्चों में होने वाले रोगों से बचाव के विषय मे जानकारी दी। जयसिंहपुर ब्लाक संसाधन केंद्र सभागार कक्ष में शुक्रवार को नोडल चिकित्सा अधिकारी डा. दिग्विजय सिंह एबीएसए शिव शंकर मिश्र ने ब्लॉक संसाधन सभागार में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के तहत गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जयसिंहपुर उच्च प्राथमिक बिद्यालय के मौजूद शिक्षकों को स्वास्थ के विषय मे प्रशिक्षित किया ।नोडल चिकित्सा अधिकारी डॉ.दिग्विजय ऊऊ सिंह ने शिक्षकों को बच्चों में होने वाली गंभीर बीमारियों आंखों की समस्या, खून की कमी, दिल में छेद होना व बच्चियों में महिला सम्बधी रोगों की समस्या के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। खंड शिक्षा अधिकारी श्री मिश्र ने शिक्षकों को परिषदीय विद्यालयों में अध्ययन रत स्कूली बच्चों को स्वास्थ जागरूकता कार्यक्रम के तहत सभी को जागरूक करने की अपील की। इस मौके पर डॉ. आशीष समेत आदि लोग मौजूद रहे।




**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **16.08.2024 को 15.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगें।

| | |
|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 07402024 दिनांक 25.07.2024 |
| निविदा संख्या | 1. 22-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25 2. 23-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25 3. 19-Sr-DEN-III-LKO-2024-25 |
| कार्य का नाम | 1. वरि. मण्डल इंजीनियर-षष्ठम, लखनऊ के कार्यक्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर - उन्नाव के अधीन रेलवे कॉलोनी, डलमऊ में जलापूर्ति प्रणाली के संवर्धन के साथ-साथ पुराने स्टील पानी की टंकी और ट्यूबवेल (खुले कुएं) के स्थान पर नए ओवर हेड आरसीसी पानी की टंकी और पंप हाउस का प्रावधान एवं सहायक मण्डल इंजीनियर-प्रयाग के अधीन फाफामऊ स्टेशन की कॉलोनी में अन्य सहायक कार्यों के साथ-साथ पुराने स्टील ओवर हेड टैंक के स्थान पर आरसीसी ओवर हेड टैंक के निर्माण के प्रावधान का कार्य। |
| | 2. वरि. मण्डल इंजीनियर-षष्ठम, लखनऊ के कार्य क्षेत्र में PBH-PFM सेक्शन में पुल संख्या 132 के लिए जल स्तर निगरानी प्रणाली, स्कॉर मॉनिटरिंग, आरओवी द्वारा जल सर्वेक्षण एवं नदी तल की 3D स्कैनिंग आदि का कार्य। |
| | 3. वरि0 मण्डल इंजीनियर-तृतीय लखनऊ के कार्यक्षेत्र में पुल संख्या 66 (BSB-ZBD) के लिए स्कॉर मॉनिटरिंग, आरओवी द्वारा पानी के नीचे सर्वेक्षण, नदी तल की 3D स्कैनिंग आदि का कार्य एवं पुल संख्या 16 (JNH-ZBD) पुल संख्या 66 (BSB-DDU) के लिए पोर्टेबल ट्रेन डिटेक्टिंग सिस्टम का कार्य। |
| अनुमानित लागत | 1. Rs.2,33,44,906.70 2. Rs.29,81,338.08 3. Rs.38,02,206.64 |
| धरोहर राशि | 1. Rs.2,66,700.00 2. Rs.59,600.00 3. Rs.76,100.00 |
| कार्य की समापन अवधि | 1. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से दस माह। क्रम सं. 2 से 3 के लिए: स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से सात माह। |
| निविदा डालने का प्रारंभ | क्रम सं. 1 से 3 के लिए: 02.08.2024 |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्रम सं. 1 से 3 के लिए: 16.08.2024 |
| वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोटः- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 2279/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## लोधा थाने के पास रेस्टोरेंट की दीवार काटकर नगदी सहित लाखों की चोरी

जन एक्सप्रेस । लोधा



क्षेत्र के गांव ल्होर्रा निवासी बागीस पुत्र कुमरपाल ने हाल ही में थाना लोधा के पास जलपान ग्रह की दुकान खोली थी रोजाना की तरह गुरुवार शाम को दुकान बंद करके अपने घर चला गया शुक्रवार सुबह दुकान का ताला खोलकर जैसे ही अंदर घुसा आखें फटी रह गयीं दुकान की दीवार कटी थी और गल्ले में रखे 35 सौ रुपये नगद, दो इनवर्टर, दो बैट्रा, तीन सोलर प्लेट, सात भगौना बड़े, तीन कढाई बड़ी, चार परात, दस ट्रे, बारह हलवाई के सामान, छः टैनियां, पांच चूल्हे, दो सिलेंडर, बीस हजार की कोल्ड्रिंग, पंद्रह हजार की नमकीन, दो चीनी की बोरी, दो मैदा की बोरी, चार रिफाइंड व एक डालडा का टीन,दस हजार के मसाले, आठ कुर्सी, एक फ्रिज, तीन पंखा, एक होम थियेटर, पांच हजार का चाय का सामान, दो कोल्ड्रिंग के स्टैण्ड, मोबाइल चार्जर, एक हेलमेट आदि सामान चोरी हो चुका था

पीड़ित ने बताया कि गुरुवार को ही एक लाख रूपये का सामान दुकान में रखा था। चोरी की सूचना कंट्रॉलरुम पर दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी कर चोरों की तलाश शुरु की।

## कारगिल के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़



कारगिल विजय दिवस भारतीय सैन्य इतिहास का वह सुनहरा पन्ना है, जो हमें हमारे बहादुर जवानों के शौर्य, पराक्रम और बलिदान की याद दिलाता है। जिसमे अलीगढ़ भी अछूता नहीं रहा कारगिल की उस लड़ाई मे शंकर विहार कॉलोनी के शहीद नरेश कुमार ने भी दुश्मन के छक्के छुड़ाए और लड़ते लड़ते शहीद हो गए। कारगिल युद्ध में हमारी सेना के जांबाजों ने दुर्गम परिस्थितियों का सामना करते हुए जान की बाजी लगाकर दुश्मन को भगाया और हिमालय की ऊंची चोटियों पर तिरंगा फहराकर देश का सिर गर्व से ऊंचा किया।

इसी क्रम में अलीगढ़ कांग्रेस के कार्यकर्त्ताओ जिसमे प्रदेश महासचिव सोशल मीडिया रामगोपाल रैना, प्रदेश महासचिव अनुसूचित जाति विभाग सागर सिंह तोमर ने शहीद नरेश कुमार की धर्म पत्नी श्रीमति कल्पना चौधरी को जी को शॉल उड़ाई और शहीद नरेश कुमार को श्रद्धांजलि दी और देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सभी वीर जवानों को नमन किया। श्रद्धांजलि देने वालो मे प्रदेश अध्यक्ष महिला कांग्रेस श्रमति ममता राजपूत, यज्ञा अग्रवाल, अनवर अकील वसी अहमद, लक्ष्मी नारायण, मुस्ताक अहमद आदि उपस्थित रहे। वहीं दूसरी अखिल भारतीय भूतपूर्व सैनिक सेवा परिषद जनपद अलीगढ़ द्वारा कारगिल रजत जयंती समारोह का आयोजन छोटी बल्लभ में किया गया जिसमें कारगिल शहीद नरेश सिन सिन बार को श्रद्धांजलि देकर याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण सूबेदार मेजर खजान शर्मा द्वारा किया गया तथा राष्ट्रीय गान भी गया गया सभी उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों ग्राम वासियों एवं अतिथियों के द्वारा शहीद नरेश को माला पहना कर अपनी अपनी श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान सार्जेंट मदन सिंह, राजेश गौड़, सूबेदार मेजर खजान शर्मा सूबेदार मेजर खजान शर्मा, राजेश गौड़ , हवलदार रामकुमार तिवारी, सूबेदार विनोद कुमार ,सूबेदार लोकमान्य शर्मा ,नायक सूबेदार सुरेश ,सार्जेंट मदन सिंह, हवलदार मुकेश ,सार्जेंट महाराज सिंह वर्मा ,वीरेंद्र सिंह फौजदार, शेर सिंह ,मनोज फौजदार , वीरेंद्र सिंह के साथ-साथ शहीद नरेश की पत्नी कल्पना देवी , पिता राजेंद्र सिंह एवं मां रूपवती को भी स्मृति चिन्ह देकर शाल उड़ाकर, मेडल देकर सम्मानित किया गया समारोह की अध्यक्षता राजेंद्र सिंह एवं कुशल संचालन राजेश गौड़ द्वारा किया गया।

# संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल की अध्यक्षता में अमरिया में बैठक का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




आज गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के निर्देशानुसार उनके जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल की अध्यक्षता में जनपद के अमरिया क्षेत्रीय व्यापारियों और क्षेत्रवासियों की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें अमरिया क्षेत्र के व्यापारी एवं ग्रामीण सम्मिलित हुए। बैठक में अपने मनोनयन के उपरांत प्रथम बार नगर में आये मंत्री जी के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल का जोरदार स्वागत किया गया। बैठक में अमरिया ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह द्वारा भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे जनहित कारी कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गयी एवं जिला प्रतिनिधि द्वारा सरकार एवं भाजपा संगठन को मजबूत करने हेतु प्रेरणा दी गई। उन्होंने कहा कि 2027 का चुनाव अब अधिक दूर नहीं है इस बार हमको पिछ्ली बार से भी ज्यादा सीट्स लेकर प्रदेश की सत्ता फिर से महान संत योगी जी के हवाले करनी हैं। जिस हेतु अभी से हम सभी को लग जाना होगा। उन्होंने कहा कि हम सबके लिए संगठन का पन्ना प्रमुख सबसे महत्वपूर्ण कार्यकर्ता होना चाहिए जो कि एक एक वोट की चिंता करता है। हर कार्यकर्ता की सुनवाई हो लोगों के सभी जायज काम हों राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार की प्राथमिकता हैं।

इसी मन्तव्य को मूर्त रूप देने हेतु उन्होंने अपने प्रतिनिधि नियुक्त किये हैं जो कि जनता और प्रशासन के मध्य सेतु का कार्य करें और लोगों को सुशासन का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि वे हर कार्यकर्ता की समस्या के निवारण का पूर्ण प्रयास करते रहेंगे और संजय सिंह गंगवार के दिशानिर्देश के अनुसार अबसे भेंट करते रहेंगे।

बैठक में क्षेत्र की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई एवं उनके निराकरण हेतु मौके पर उपस्थित नायाब तहसीलदार अमरिया रमेश चन्द्र एवं उपस्थित सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया। बैठक के पश्चात जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरिया का भी निरीक्षण ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह और केंद्र प्रभारी डॉ अनिकेत गंगवार के साथ किया गया उपस्थित मरीजों एवं सभी कर्मचारियों से वार्ता कर वस्तुस्थिति की जानकारी की गई।

सभी उपलब्ध सुविधाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया,एवं क्षेत्रीय लोगों की सुविधा हेतु अस्पताल प्रशासन को और अभिक सुविधा मुहैया करने के लिए निर्देशित किया और सुझाव दिए।

वरिष्ठ भाजपा युवा नेता कौशल गुप्ता के संचालन में हुई इस बैठक में चंद्र प्रकाश गुप्ता,सुरेश गुप्ता,चंद्र प्रकाश शर्मा ,सौरभ गुप्ता, प्रिंस भुल्लर, कुलदीप सिंह ,जोबन सिंह, रजनीश गुप्ता ,गंगाराम मौर्य ,धर्मेंद्र कुमार ,कैलाश, रवि ,सर्वेश अरोरा, हनी वर्मा ,आशीष गुप्ता, प्रिंस अरोरा इत्यादि अनेको देवतुल्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनसमस्याओं का निराकरण थाना कोतवाली स्तर पर करें अफसर: संजय सिंह गंगवार

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज शुक्रवार को जनता दर्शन दौरान जनसमस्यायें सुनी और उनके निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दियें। जनता दर्शन के दौरान उमड़ी भीड़ को देखकर राज्यमंत्री श्री गंगवार ने कहा की क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में अपनी समस्यायें लेकर आ रहे है इससे प्रतीत होता है कि थाना कोतवाली और तहसील स्तर पर लोगो की समस्याओं को समाधान त्वरित गति से नही हो पा रहा है उन्होनें अधिकारियों से कहा है कि थाना कोतवाली स्तर पर या तहसील स्तर पर जनसमस्यायें लेकर पहुचने वाले आमजनों की समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही करे ताकि जनता वे वजह परेशान न हो और शासन की मंशा के अनुरूप उनकी समस्याओं का निस्तारण तीव्र गति से हो सके। संजय रॉयल पार्क स्थित जन सहयोग कार्यालय पर जनता दर्शन के दौरान अमरिया तहसील क्षेत्र के ग्राम सुस्वार बुद्धसेन कश्यप ने मुख्यमंत्री आवास दिलाये जाने की मांग करते हुए प्रार्थना पत्र दिया है। ग्राम मीरपुर निवासी बांकेलाल ने ग्राम समाज के तालाब पर अवैध कब्जा किये जाने की शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है। ग्राम जार कल्लिया थाना बरखेड़ा निवासी सत्यपाल पुत्र प्यारे लाल ने प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि उसके घर के सामने तेंदुआ ने हमला कर दिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। सत्यपाल ने मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है।राज्यमंत्री श्री गंगवार ने क्षेत्र के दूरदराज स्थानों से आये लोगो की समस्यायें गम्भीरता पूर्वक सुनी और उनके निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दिये।

# लायंस क्लब क्षितिज ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर किया रक्तदान शिविर का आयोजन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



कारगिल विजय दिवस के अवसर पर लायंस क्लब क्षितिज ने आई एम ए ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। संस्थाध्यक्ष लायन प्रदीप सिंह ने कहा कि शहीदों की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। हमें शहीदों को सदैव याद रखना चाहिए। शहीदों की बदौलत ही पूरा देश खुली हवा में सांस ले रहा है। लोगों को देश के महापुरुषों, सैनिकों के जीवन से प्रेरणा लेकर देश हित में कार्य करना चाहिए। संस्थापक अध्यक्ष लायन शशांक सिंह रानू ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है। यह रक्तदान द्वारा ही एक दूसरे को उपलब्ध कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी को कम 1से कम साल में एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए क्योंकि इन दिनों रक्त की कमी हो गई है। पूर्व अध्यक्ष जयकृष्ण साहू जैकी ने कहा हमारे देश के वीर जवानों के साहस और बलिदान को स्मरण करने के लिए हम 26 जुलाई को %कारगिल विजय दिवस% मनाते हैं। रक्तदान एक महान कार्य है जिससे न केवल किसी की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह हमारे समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी को भी दर्शाता है। इस कारगिल विजय दिवस पर हम अपने वीर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए रक्तदान के माध्यम से अपना योगदान दे सकते हैं। इस रक्तदान शिविर में प्रदीप सिंह, विशाल बर्नवाल, अजीत सोनकर, जय कृष्ण साहू जैकी, अभिषेक गुप्ता सोनू आदि लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर ब्लड डोनेशन चेयरपर्सन दिलीप जायसवाल, अतुल सिंह, कोषाध्यक्ष दीपक साहू, संजय जयसवाल, जगन्नाथ मोदनवाल, सुषमा सोनकर, आदि लोग उपस्थित रहे।



## बिजली समस्याओं का तत्काल निस्तारण करें अधिकारी: रमेश चंद्र मिश्र

* 2 दिन के भीतर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं तो मानसून सत्र में सदन में उठाऊंगा मुद्दा

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्र बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता नरेश कुमार अधिशाषी अभियंता रमेश चंद्र, एसडीओ अंकित भारद्वाज कौशल कुमार समेत विभिन्न अधिकारियों के साथ बैठक कर विधान सभा में बिजली कटौती और बिजली से संबंधित विभिन्न समस्याओं का निस्तारण 24 घंटे के अंदर करने का निर्देश दिया।

श्री मिश्र ने कहा कि बिजली व्यवस्थाओं में सुधार दो दिन में नहीं दिखेगा तो उक्त मामले को मानसून सत्र में सदन में रखूंगा और दोषी कर्मचारी अधिकारी पर कार्रवाई के लिए काम करुंगा।इस दौरान गंगा प्रसाद सिंह, अम्बुज तिवारी अरबिंद तिवारी अभय दूबे समेत भाजपा के सभी मंडल अध्यक्ष भाजपा कार्यकर्ता आम जन मौजूद रहे।

## अपाचे सवार बदमाशों ने गल्ला व्यवसायी पर की फायरिंग, बाल बाल बचा, दो खोखा बरामद


जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सिकरारा थाना क्षेत्र के बिसाँवा गांव के बरिया की पाही (मदीकबाग) के समीप गुरुवार रात अपाचे बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने एक गल्ला व्यवसाई पर फायरिंग की ।उक्त व्यवसाई बाल बाल बच गया।फायरिंग की सूचना पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।मौके पर पहुँची पुलिस घटनास्थल से दो खोखे बरामद कर पीड़ित से तहरीर लेकर जांच में जुट गई।बताया जाता है उक्त बाजार निवासी कुँवरचन्द गल्ला का व्यवसाय करते है,गुरुवार रात साढ़े दस बजे उसके दुकान पर पिकप वाहन से गल्ला उतर रहा था उक्त व्यवसाई उक्त वाहन के समीप बैठा था,तभी अपाचे बाइक सवार तीन बदमाश मुंह बांधे थे,असलहे से फायरिंग किये जब तक लोग समझते उक्त बदमाश शेरवा की तरफ भाग गए।व्यवसाई की माने तो चार फायरिंग हुई थी,पुलिस ने मौके से दो खोखा बरामद किया।

# मीरपुर गांव में शिव मंदिर पर प्रकाश व्यवस्था नहीं



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



उत्तर प्रदेश की योगी सरकार सावन के महीने में मंदिरों की साफ सफाई एवं लाइटें की व्यवस्था को लेकर सख्त नजर आ रही है ।प्रशासन को भी मंदिरों की साफ सफाई एवं लाइटों सड़कों को लेकर निर्देशित कर रही है।जिससे मंदिर पर जाने के लिए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो तो वहीं दूसरी तरफ एक गांव में ऐसा नजारा देखने को मिल रहा है वही ब्लॉक मरौरी के ग्राम पंचायत गौहनिया के मीरपुर में गांव में इकलौता शिव जी का मंदिर है जो हमेशा अंधेरे में डूबा रहता है गांव वालों को इस सावन के इस पवित्र महीने में भी इस मंदिर पर पूजा और जलाभिषेक के शिव मंदिर पर प्रकाश व्यवस्था न होने के कारण बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।जहां ना तो कोई साफ सफाई है और ना ही किसी प्रकार की लाइट की कोई व्यवस्था है। जबकि शिव मंदिर के नाम पर उसके रख राखब हेतु कुछ जमीन भी है जमीन और शिव मंदिर पर गांव का ही एक व्यक्ति कब्ज़ा किये हुए है और मंदिर कक्षा में ताला लगाकर रखता है।

# अर्थ ओ वर शूट (ईओडी दिवस) के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

* प्रगति के लिए प्रयास तथा अमूल्य पृथ्वी के लिए संरक्षण करें: लक्ष्मीकांत शर्मा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत






समाधान विकास समिति के तत्वाधान में अर्थ ओ वर शूट दिवस के अवसर पर जेएमबी इंस्टीट्यूट आफ लाइफ साइंस एंड हायर स्टडीज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, काम्या मिश्रा और अर्पिता शर्मा ने उत्कृष्ट प्रस्तुतियां दी। संदर्भ व्यक्ति लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि 25 जुलाई अर्थ ओ वर शूट दिवस है। पृथ्वी ग्रह पर एक बार जब संसाधनों का पुनर्जनन अपनी सीमा पर होता है तो हम बचे हुए संसाधनों का दोहन करते हैं। इससे स्थिति और भी बिगड़ सकती है। अर्थ ओवरशूट दिवस एक अनुमानित तिथि है। जब किसी दिए गए वर्ष में पारिस्थितिकी संसाधनों के लिए मानवता की मांग उसे वर्ष में पृथ्वी द्वारा पुनर्जनित किये जा सकने वाले संसाधनों से अधिक हो जाती है। अर्थ आवर शूट दिवस एक वार्षिक बैकअप काल के रूप में है जो हमारे लिए स्थिरता की दिशा में कार्रवाई को प्रेरित करने का एक क्षण है। अर्थ ओवर शूट दिवस की तिथि को आगे बढ़ने का एक उत्साही आह्वान है। हम अपनी आद तों को बदले, अभिनव संसाधनों को अपने और ऐसी दुनिया की वकालत करने के लिए एकत्र हों जहां हम अपने ग्रह के संसाधनों के भीतर रहते हैं। हमारी गलतियां पृथ्वी ग्रह के लिए चुनौती पैदा कर रही हैं। ग्लोबल वार्मिंग धीरे-धीरे समुद्र के स्तर को बढ़ा रही है यदि तीसरा विश्व युद्ध हुआ और परमाणु युद्ध के रूप में समाप्त हुआ तो हमें हिम युग में वापस ले जा सकता है। हम संसाधनों को बर्बाद कर रहे हैं और उन्हें हल्के में ले रहे हैं। नवीकरणीय संसाधनों को नवीनीकृत होने में समय लगता है। यदि हमारी उपयोग दर नवीनीकरण दर से अधिक है तो हम संसाधनों का अत्यधिक दोहन कर रहे हैं। ईओ डी हमारे संसाधन उपयोग और पृथ्वी की पुनर्जनन क्षमता पर आधारित एक गणना है। यह निरंतर पहले होते जा रही है जो दर्शाती है कि हम संसाधनों का उपयोग बहुत जल्दी कर रहे हैं। आज का दिन संसाधनों की कमी के बारे में जागरूकता बढ़ाने का एक अवसर है। विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योति जी ने बताया कि सतत भविष्य के लिए बदलाव की जरूरत है। बेहतर कल के लिए हमें अपने जीवन शैली में बदलाव लाने के लिए आज का दिन सही है। तारीख अपने आप बोलती है। आज का दिन सकारात्मक बदलाव का दिवस है हम प्रकृति के बारे में सोचें और समाज को सकारात्मक बदलाव की ओर प्रेरित करें।

# जिलाधिकारी रविंद्र ने शहीद स्मारक के सुंदरीकरण के कार्य का किया अनावरण

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



कारगिल विजय दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ के द्वारा सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय के मुख्य द्वार पर शहीद सैनिकों के याद में बने शहीद स्मारक के सौंदर्यीकरण कार्य का अनावरण किया गया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने पुष्पचक्र अर्पित कर कारगिल शहीदों को नमन किया। जिलाधिकारी और नगर पालिका अध्यक्ष मनोरमा मौर्य के द्वारा शहीद परिवार के स्वजनो को अंग वस्त्रम और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया व उनकी समस्याएं भी सुनी गयी। जिलाधिकारी ने जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी ले. कर्नल विजय अहलावत को निर्देश दिया कि शहीद परिवार के सैनिकों के परिवारजन की समस्याओं का प्रार्थना पत्र एकत्रित कर जिला प्रशासन को सौंपे और जिस विभाग से संबंधित शिकायत हो उसे जिलाधिकारी के माध्यम से संबंधित विभागों द्वारा निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार, यातायात निरीक्षक जी.डी. शुक्ला, कैप्टन अजीत पांडेय, के.के. सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया कारगिल विजय दिवस

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



आज गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में कारगिल विजय दिवस जो कि कारगिल वॉर में विजय हुए शहीदों के लिए अर्पित किया गया हैं। इस अवसर पर गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल बच्चों को कारगिल विजय दिवस पर इंडियन आर्मी द्वारा कारगिल दिवस पर बनी एक डॉक्यूमेंट्री जिसका शीर्षक ÷इम्मोर्टल ऑफ कारगिल÷जिसे आज हमारे विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को दिखाया गया। डॉक्युमेंट्री दिखाने का उद्देश्य बच्चों को हमारे वीर जवानों द्वारा किए गए कारगिल वॉर में उनके अथक प्रयास और उनके शहादत को कभी ना भूलने वाली प्रेरणा बच्चों के अंदर विकसित हो यही हमारा उद्देश्य रहा। बच्चों ने मौन रहकर कारगिल युद्ध में शहीद वीरों को श्रद्धांजलि दी। इसके साथ-साथ बच्चों ने कारगिल वॉर के वीर शहीदों के नाम पर पौधारोपण किया। जिसमें हमारे साथ सशस्त्र सीमा बल की 25 से 30 जवान भी शामिल रहें। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम सशस्त्र सीमा बल के उप कमांडेंट रितेश कुमार श्रीवास्तव एवं उप कमांडेंट शिवजीत सिंह व हमारे विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर निशांत गोस्वामी एवं संरक्षिका डॉ सोनिया गोस्वामी ने मिलकर सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्वलित करके पौधारोपण का कार्यक्रम प्रारंभ किया जिसमें कक्षा एक से दसवीं तक के बच्चों ने हमारे सशस्त्र सीमा बल के जवानों को सहयोग किया। कक्षा नवी व दसवीं के बच्चों के लिए कारगिल दिवस पर प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया7 प्रतियोगिता जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और ज्ञान अर्जन किया। सभी कार्यक्रमों के दौरान विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर निशांत गोस्वामी,चेयरपर्सन डॉ सोनिया गोस्वामी ,प्रधानाचार्या नीलोफर अंसारी तथा अन्य अध्यापक और अध्यापिकाएं भी उपस्थित रहें।

# संगठन से बड़ा कोई नहीं भाजपा की हार से कार्यकर्ता आहत हैं: रमेश चंद्र मिश्र

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

बदलापुर भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्रा ने एक पुनः बड़ा बयान दिया है. उन्होंने फिर कह दिया कि संगठन से बड़ा कोई भी नहीं है और उसी की वजह से वह विधायक हैं रमेश चंद्र मिश्रा ने कहा कि दिक्कत क्या है...अबकी बार जब आम चुनाव आया तब विपक्ष के पास मुद्दा नहीं था. उन्होंने संविधान और लोकतंत्र बचाने की बात की पीडीए का नारा भी दिया और उसे जमीन तक पहुंचाया बीजेपी दुनिया की सबसे बड़ी सियासी पार्टी की हार से कहीं न कहीं पार्टी के कार्यकर्ता आहत हुए हैं।

### तो इन वजहों से आम चुनाव हारी बीजेपी?

यह पूछे जाने पर कि हार का कारण क्या है? बीजेपी विधायक ने कहा, सबसे बड़ा कारण यह रहा कि सपा ने निचले स्तर तक भ्रम की स्थिति फैला दी. हमने कहीं न कहीं यह भी देखा कि निचले स्तर पर बीएलओ ने हमारे वोट काटे. हमारी विधानसभा में इस तरह से 6200 वोट कट गया. बीएलओ से इतर फीडिंग करने वाले जो बाबू/कंप्यूटर ऑपरेटर हैं, वे सपा के समयकाल के संविदाकर्मी हैं. मैंने कई बार इनकी शिकायत भी की है।

### केशव प्रसाद मौर्य के बयान पर क्या कहा?

बदलापुर से बीजेपी विधायक ने यूपी डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के उस बयान पर भी टिप्पणी दी, जिसकी वजह से यूपी में खलबली मच गई थी. वह बोले, ÷संगठन तो बड़ा है, इसमें कोई दोराय नहीं है. संगठन ने मुझे टिकट दिया है तभी तो मैं विधायक बना. यानी सरकार में मैं बाद में आया, पहले तो मुझे संगठन ने चुना. संगठन बड़ा है. बूथ अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय अध्यक्ष आदि बड़े हैं. सरकार तो बाद में हैं।

## बदलापुर को मिलेगा रोडवेज डिपो का वर्कशाप: विधायक



जन एक्सप्रेस । जौनपुर । बदलापुर में शीघ्र रोडवेज का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा यह जानकारी बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने दी है। उन्होंने बताया कि रोडवेज डिपो में ही वर्कशॉप का निर्माण होना है जिसके लिए जमीन का सीमांकन शीघ्र कर लिया जाएगा और बदलापुर को डिपो भी मिल जाएगा। जिससे लोगों को अधिक सुगमता मिलेगी। एआरएम ममता सिंह से विधायक ने बसों को अंदर बाजार में से न आने की शिकायत की। जिस पर एआरएम ममता सिंह ने शीघ्र सुधार लाने की बात कही और सभी रोडवेज बस से बाजार से आने के लिए शीघ्र आश्वासन दिया। इस मौके पर कुंवर मृगेंद्र सिंह शिव बाबा,अंबुज तिवारी, रंजन मिश्र, धनंजय सिंह प्रधान, रितेश सिंह,पंकज सिंह, प्रयास उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

# जनपद के चयनित 06 परीक्षा केंद्रों पर होगी उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय ने उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल व निर्विघन ढ़ंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत आज राजकीय पॉलीटेक्निक व ड्रमण्ड इंटर कालेज के परीक्षा केन्द्र रूमों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा दिनांक 23,24,25, 30 व 31 अगस्त 2024 को आयोजित की जायेगी। उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा हेतु जनपद में 06 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित की जायेगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में विद्युत व्यवस्था, पेयजल, पंखा, शौचालय, सीसीटीवी कैमरों सहित अन्य व्यवस्था का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि जो भी कमियां हो उन्हें समय से ठीक करा लिया जाय ताकि पुलिस भर्ती परीक्षा बेहतर ढंग से कराई जा सके। उन्होंने कहा कि समस्त व्यवस्थाऐं सुचारू रूप से रहनी चाहिए। इसके उपरान्त राजकीय पॉलीटेक्निक परिसर में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं अपर जिलाधिकारी ने पौध रोपण कर हरियाली बढ़ाने हेतु प्रेरित किया।

# सर्वे सट्टा प्रदर्शन का जिला गन्ना अधिकारी ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



किसान सहकारी चीनी मिल बीसलपुर के ग्राम खरगापुर मे सर्वे सट्टा प्रदर्शन का निरीक्षण जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत द्वारा किया गया। उपस्थित किसानो से अनुरोध किया गया कि गन्ना सर्वे सट्टा मे यदि कोई कमी है तो उसे मौके पर ही सही करा ले। किसान भाई अपना बेसिक कोटा, मोबाइल नंबर, आधार नंबर, जमीन का क्षेत्रफल, गन्ना क्षेत्रफल, पेड़ी, पौधा, अगेती, सामान्य गन्ना, गाटा नंबर जरूर देख ले। सट्टा प्रदर्शन एक महत्वपूर्ण कार्य है इसके पश्चात किसानो के गन्ना कैलेंडर फाइनल कर दिये जायेगे स जिसमे किसानो को पर्चियों की संख्या देखने को मिलेगी स अभी गन्ना पर्वेक्षक गाँव मे आ रहे है। इसके बाद यदि कोई कमी होंगी तो किसानो को गन्ना समिति पर जाना होगा। वर्तमान मे गन्ना विकास विभाग एवं चीनी मिल के कर्मचारियों द्वारा गॉवो मे जाकर किसानो को अभिलेख दिखाए जा रहे है। 30 अगस्त तक चलने वाले सर्वे सट्टा प्रदर्शन के दौरान दो लाख छब्बीस हजार किसानो को उनके अभिलेख दिखाए जायेगे स हर गन्ना किसान से उसके गाँव मे जाकर संपर्क किया जायेगा। पहली बार गन्ना बोने वाले किसानो को मात्र इक्कीस रूपये मे ऑनलाइन समिति सदस्ता दिलाई जा रही है। किसान भाई समय रहते समिति के सदस्य जरूर बन जाये जिससे कि आगामी पेराई सत्र मे उनको गन्ना आपूर्ति मे कोई कठिनाई न हो। इस अवसर पर मनोज साहू, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बीसलपुर, अवधेश कुमार मुख्य गन्ना अधिकारी बीसलपुर चीनी मिल, सर्किल प्रभारी राजवीर सिंह, गन्ना किसान प्रेम चन्द्र, गोकरण लाल राम रतन, गंगा सरन, राजकुमार, राम पाल, नेम चंद व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# राशन में घटतौली पर कोटा होगा निरस्त जिम्मेदार अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

* समाज कल्याण मंत्री ने राशन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता के लिए बुलाई बैठक
* कमांड सेंटर के नंबर 1077 पर करें गड़बड़ी की शिकायत




**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज के आखिरी पायदान तक पहुंचाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। यह बात समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कलेक्ट्रेट सभागार में राशन वितरण के संबंध आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कही। कहा कि राशन वितरण पूरी पारदर्शिता के साथ करेंगे तो कही कोई दिक्कत नहीं होगी द्य इस अभियान में अधिक से अधिक नागरिक जुड़े और सरकार की राशन वितरण योजना का पारदर्शी तरीके से लाभ ले। बैठक में कोटेदारों के साथ विपणन कंपनियों के प्रतिनिधि और संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

मंत्री श्री अरुण ने कहा कि शत प्रतिशत कार्ड धारकों को राशन मिलना चाहिए। गरीबों के हिस्से के राशन में छटाक भर की घटतौली भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि ई-पॉश मशीन के जरिए शत प्रतिशत राशन कार्ड धारकों को मिलना चाहिए। उन्होंने घटतौली की शिकायत पर कोटा निरस्त करने और पूर्ति विभाग के जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को अपने अधिकार की जानकारी होनी चाहिए। अगर कोई कोटेदार कम या खराब राशन दे रहा है तो कन्नौज कमांड सेंटर के नंबर 1077 पर तत्काल कॉल करके शिकायत दर्ज कराएं। बैठक में मौजूद राशन वितरकों, विपणन कंपनियों के प्रतिनिधियों और आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि घटतौली किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राशन से जुड़ी जानकारी के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए समय-समय पर जागरुकता अभियान भी चलाया जाए। मंत्री ने कोटेदारों को गोदाम से उठान करने से वितरण तक आने वाली दिक्कतों के बारे में जाना और उसका निवारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।

### राशन की शुद्धता का रखा जाए ध्यान

मंत्री श्री अरुण ने बैठक में कहा कहा की सही मात्रा के साथ राशन की गुणवत्ता का भी ध्यान रखा जाए। सरकार शुद्ध और पोषक राशन मुहैया करा रही है। अधिकारी सुनिश्चित करें की वही गुणवत्तापूर्ण राशन कार्ड धारकों को मिल रहा है। कुछ जगहों से गीला और कंकड़ युक्त राशन की शिकायतें मिली हैं। अधिकारी ऐसी दुकानों पर जाकर राशन की गुणवत्ता चेक करें। गोदाम या दुकान जहां से भी गड़बड़ी की जानकारी मिले तत्काल उसपर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा है कि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश पर सरकार प्रदेश भर में जरुरमंदों को उनकी जरुरत के अनुपात में राशन मुहैया करा रही है। सबको गुणवत्तापूर्ण सही मात्रा में राशन मिल सके इसके लिए जनपद में अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे कोटेदार से लेकर नागरिक तक अपना भरपूर सहयोग दे रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अभियान बहुत ही पवित्र उद्देश्य के साथ प्रारम्भ किया गया है। पारदर्शिता के साथ कार्य करेंगे तो कही कोई दिक्कत नहीं होगी द्य कहा कि ट्रांसपोर्टरों की कुछ शिकायत थी उनका भी समाधान किया गया है और राशन कार्ड धारक की मात्रा की जो कमियाँ है उनको दूर किया जा रहा है। जुलाई माह का राशन वितरण हो चुका है और अब अगस्त का किया जाना है।

बैठक के उपरांत मंत्री जी ने कोटेदारों एवं विपणन कंपनियों के प्रतिनिधियों को दो-दो आम के पेड़ उपहार स्वरूप दिये। बैठक में पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, जिला पूर्ति अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

# व्यापारियों की समस्याओं पर डीएम ने व्यापार बंधु में कई चर्चा, बोले जल्द होगा समाधान



**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जनपद में उद्योग/व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारित करने के उद्देश्य से जिला उद्योग बंधु की बैठक संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने व्यापारियों के साथ विद्युत ट्रिपिंग, स्ट्रीट लाइट लगाने, जल भराव, पार्किंग, निवेश मित्र पोर्टल, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओ0डी0ओ0पी0 योजना आदि बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक परिचर्चा की।

जिलाधिकारी ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी को निर्देश दिये कि गुरसहायगंज में साप्ताहिक बंदी का लड़ाई से पालन किया जाये। साप्ताहिक बंदी के दौरान जो दुकानें खुली पाई जायें तो कार्यवाही करते हुए चालान किया जाए। अगली बैठक में बाजार की साप्ताहिक बंदी की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। उन्होने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिये कि बैठक उपरांत लाखन चौराहे में तारो को अंडरग्राउण्ड किए जाने अथवा सुशोभित ढंग से तारो को ठीक किए जाने हेतु निरीक्षण करें और कार्य को जल्द से जल्द पूरा किए जाने हेतु कार्यवाही करें। इसके साथ ही विद्युत ट्रिपिंग की समस्या पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होने निर्देश दिये कि निवेश मित्र पोर्टल पर शिकायत आने पर संबंधित विभाग शिकायत का गुणवत्तापूर्ण समय से निस्तारण और समय-समय पर फीडबैक की समीक्षा की जाए। श्री शुक्ल ने उद्यमियों/व्यापारियों की सुरक्षा की जानकारी ली, जिसमें समिति द्वारा अवगत कराया गया है कि उद्यमियों/व्यापारियो को सुरक्षा के दृष्टिगत कोई समस्या नहीं है। उन्होंने नगर पालिका गुरसहायगंज में स्थापित एस0टी0पी0 के संचालित न होने के संबंध में निर्देश दिए कि जो जांच समिति गठित की गई है वह जांच कर जल्द से जल्द रिपोर्ट उपलब्ध कराए। उन्होंने इंदरगढ़ बाजार में ग्राम पंचायत के माध्यम से स्ट्रीट लाइट लगाए जाने के संबंध में सम्बन्धित को निर्देश दिए कि कार्य योजना बनाकर जल्द से जल्द कार्य को अमल में लाया जाए। उन्होंने समस्त संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए कि बैठक में जो व्यापारी/संगठनों द्वारा समस्याओं को एजेंडे के रूप में सम्मिलित किये गए हैं, गुणवत्तापूर्ण समय से निस्तारण किया जाए। इसके साथ ही नई समस्याओं को उद्योग बंधु की बैठक में एजेंडे के रूप में सम्मिलित किया जाए। उन्होंने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जनपद स्तरीय बैठकों में प्रतिभाग किए जाने हेतु संबंधित अधिकारी ही उपस्थित हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी सहित संबंधित अधिकारीगण एवं व्यापारीबंधु उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने बैंकर्स को ऋण जमा अनुपात दुरुस्त करने के दिये निर्देश

* युवा स्वरोजगार योजना पर खास फोकस करें सभी बैंक




**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला बैंकर्स समिति की बैठक संपन्न हुई।

मुख्य विकास अधिकारी ने ऋण जमा अनुपात की समीक्षा करते हुए भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक को सी0डी0 अनुपात बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैंको में सी0डी0 रेशियो महत्वपूर्ण होता है। किसी भी बैंक का सी0डी0 रेशियो 50 प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए। उन्होंने आंकड़े वार्षिक ऋण योजना वर्ष 2024-25 के अंतर्गत पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र, कोटक महिंद्रा बैंक, आर्यावर्त बैंक, उ0प्र0 सह0ग्रा0 विकास बैंक लक्ष्य के सापेक्ष असंतोषजनक स्थिति पाए जाने पर निर्देश दिए कि वार्षिक ऋण योजना पर विशेष ध्यान दें और लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि हासिल करें। उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम(डीआईसी) के अंतर्गत बैंक ऑफ़ इंडिया में 03, भारतीय स्टेट बैंक में 01, पंजाब नेशनल बैंक में 02,0यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया में 01, बैंक ऑफ़ बड़ौदा में 01, आर्यावर्त बैंक में 03 लंबित आवेदन पत्रों को जल्द से जल्द निस्तारण किया जाए। इसी क्रम में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (केवीआईसी) के अंतर्गत जिन बैंकों के लंबित आवेदन पत्र हैं उनका समय सीमा के अंदर निस्तारण किया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत बैंक ऑफ़ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया आदि बैंकों को निर्देश दिए की लंबित आवेदन पत्र का निस्तारण समय से करें। जिससे रैंकिंग प्रदेश में अच्छी बनी रहे। कहा कि एस0एच0जी0सी0 सी0 एल0 के अंतर्गत पिछली बार अच्छा कार्य किया गया है, इस बार भी उम्मीद है कि लक्ष्य के सापेक्ष अच्छा कार्य करेंगे। इस योजना को मार्च तक न ले जाएं निर्धारित समय से पहले ही कार्य को पूर्ण कर लिया जाए।

उन्होंने एक जनपद एक उत्पाद, मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना, एन0यू0एल0एम0 पीएम स्व निधि योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, आरसेटी की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी बैंक निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कार्य करें। बैंकों का खाता धारक के प्रति व्यवहार अच्छा होना चाहिए, जिन योजनाओं में आवेदन स्वीकृत हो चुके हैं तत्काल ऋण वितरण किया जाए। कोई भी आवेदन लंबित नहीं रहना चाहिए और जो डाटा फीड किया जाए उसे अधिकारी स्वयं चेक करें, किसी भी प्रकार से गलत डाटा फीड नहीं होना चाहिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि आईजीआरएस की शिकायत को गुणवत्तापूर्ण व समय से निस्तारण की जाए। शिकायत को स्वयं अधिकारी चेक करें और निस्तारण करें, ऑपरेटर के भरोसे कार्य को ना छोड़े। बैंक में कितने लोग कार्य कर रहे हैं उनके नाम और मोबाइल नंबर सभी शाखाओं में दिया जाए।

बैठक में नाबार्ड बैंक, भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि, उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र, एलडीएम सहित संबधित अधिकारीगण व विभिन्न बैंकों के बैंक शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

# कठिन लड़ाइयां संसाधन से नहीं सैनिकों के शौर्य से जीती जाती हैं: शुभ्रांत



**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

संसाधन होना तो ठीक है, किन्तु लड़ाई अपने मनोबल से जीती जाती है। गौरवशाली परंपरा बनाये रखने के लिये स्मृति को संजोकर रखना होगा। यह बात जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने जिला सैनिक पुनर्वास केंद्र में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आयोजित एक गोष्ठी के सम्बोधन दौरान कही।

इस अवसर पर जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारियों ने अमर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजिल दी।

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि 26 जुलाई को हर साल मनाया जाने वाला कारगिल दिवस 1999 के कारगिल युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत की याद में मनाया जाता है. इस साल इसकी 25वीं वर्षगांठ है। कारगिल विजय दिवस भारत के सैन्य इतिहास में एक गौरवशाली दिन है। कारगिल वह क्षेत्र है, जहां भारत और पाकिस्तानी सेना ने युद्ध किया और पड़ोसी मुल्क के कब्जे से कारगिल द्रास क्षेत्र को आजाद कराया। इस दिन भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ विजय गाथा लिखी। भारत-पाकिस्तान की इस सैन्य जंग को इतिहास में विजय के प्रतीक के तौर पर मनाया जाता है और हर साल कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन, भारत वीर सैनिकों के साहस और बलिदान को याद करता है जिन्होंने देश की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा की।

जिलाधिकारी ने कहा है कि दुनिया की सारी कठिन लड़ाइयां सैनिकों ने जीती है। सैनिको के पास अधिक क्षमता होती है। वह मानसिक, शारीरिक भावनाओ से मजबूत होते है। जनपद में सेवानिवृत्त सैनिको की जितनी भी संख्या है । वह नई पीढ़ी के बच्चों को देश की आजादी के विषय मे एवं देश प्रेम की भावना के साथ ही नए सैनिक तैयार करे। चूंकि युवाओ को सेना में जाने का अलग सा जुनून होता है। उन्होने कहा कि समाज मे सैनिको प्रति अच्छा माहौल होना चाहिए। उन्होनें वीर नारियों को सम्मानित भी किया।

इस मौके पर प्रभागीय वानिकी अधिकारी हेमंत सेठ, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी रोहित भटारा, विंग कमांडर नरेन्द्र सिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल अरूण चौहान आदि संबंधित अधिकारी एवं वीर नारियां व सेवानिवृत्ति सैनिक उपस्थित थे।

## चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**



प्राचार्य डॉ राम नाथ मिश्रा ने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि 1999 में जम्मू कश्मीर के कारगिल जिले में भारतीय सेना के अदम्य साहस से कारगिल पर विजय हासिल की गई थी उस समय हमारे लगभग 500 से अधिक जवान शहीद हुए थे उन महान शहीदों की याद में हम भारतीय प्रति वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाते हैं प्रोफेसर उमेश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि हमारे जवानों की शहादत बेकार नहीं जाएगी उन्होंने जब समय आया तब दुश्मनों को मुंह तोड़ जवाब दिया आज महाविद्यालय में इस उपलक्ष्य में पौधारोपण के साथ कारगिल विजय दिवस पर निबंध प्रतियोगिता और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स काजल सीमा सलोनी रितिका दीप माला नीतू संतोषी दीक्षा पारुल प्रांसी अनामिका अजय कुमार देवेश दुबे तथा महाविध्यालय के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# एडीएम- एएसपी का एआरटीओ कार्यालय पर छापा, पकड़े गए 14 दलाल




**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

लगातार मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संसार सिंह ने आज अचानक सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय में छापा मारा तो चौदह दलाल पकड़ में आ गए। उन सभी को हिरासत में लेकर कोतवाली पुलिस को विधिक कार्रवाई के लिए सिपुर्द कर दिया गया।

जानकारों की माने तो यह सूचना वक्त से पहले लीक हो गयी थी जिसके चलते शातिर दलाल पहले ही मैदान छोड़कर भाग निकले वरना काफी बड़ी संख्या में गिरफ्तारियां होतीं। फिर भी आज की कार्रवाई से दहशत तो फैल ही गयी। माना जा रहा है कि अब कुछ दिन एआरटीओ कार्यालय का काम साफसुथरे ढंग से चलेगा।

सहायक परिवहन अधिकारी प्रवर्तन इज्या तिवारी ने फिर कहा है कि जनसामान्य को दलालो से दूर रहकर किसी भी समस्या के समाधान के लिए उनसे मिलना चाहिए। वैसे आजकल ज्यादातर सेवाएं आन लाइन हैं फिर भी कोई समस्या हो तो वे कार्यालय समय मे हमेशा जन सामान्य को उपलब्ध हैं।

सुश्री तिवारी के अनुसार आला अफसरों के आज के निरीक्षण में कार्यालय का कामकाज और रखरखाव ठीक मिला और दलालो की गिरफ्तारियां कार्यालय परिसर के बाहर की घटना है।

## बिल्हौर तहसील के अधिकारी और भाजपा पदाधिकारी में नोकझोंक मामला जिलाध्यक्ष तक पहुंचा

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो।** बिल्हौर तहसील के समक्ष अधिकारी और भाजपा के पदाधिकारी में गुरुवार उस समय काफी तीखी नोंकझोंक हो गई उस समय बैठे अधिवक्ता और कर्मचारी भी हद-प्रद रह गए कर्मचारियों ने बताया कि सुबह से ही आज अधिकारी का मूड बहुत ही खराब था जिसके चलते उन्होंने तहसील के कार्यालयो में बिना काम के बैठे लोगों को बाहर का रास्ता दिखाया वहीं पर जगह-जगह गंदगी देखकर नगर पालिका अधिकारियों से बात कर सफाई और जगह-जगह थूका पड़ा हुआ था साफ करवाया यह दौर चल ही रहा था डांट फटकार का इसी बीच भाजपा के पदाधिकारी भी अपने किसी काम को लेकर वहां पहुंचे थे जिसको उन्होंने काम ना करते हुए बल्कि नोंकझोग शुरू हो गई नोकझोंक इतनी बढ़ गई कि वहां पर मौजूद लोग देखते रह गए बल्कि वहीं भाजपा पदाधिकारी ने फोन पर अवगत कराया कि हम वहां पर तहसील के सक्षम अधिकारी के पास गए थे कि यहां पर गाड़ी पार्क करने के लिए जगह नहीं है उस जगह को चिन्हित कराया जाए जिससे यहां पर बाहर से आने वाले लोगों को गाड़ियां खड़ी करने में असुविधा न हो लेकिन वह मानने को तैयार नहीं थी समस्या को लेकर जिला अध्यक्ष से भी शिकायत की तो उन्होंने भी फोन पर उनसे वार्ता की है लेकिन निष्कर्ष कुछ भी नहीं निकला वहीं पर भाजपा की पूर्व जिला उपाध्यक्ष जेपी कटियार ने बताया कि पदाधिकारी के साथ अगर दुर्व्यवहार किया है तो ऐसे अधिकारियों को हम तहसील में रहने नहीं देंगे आर पार की लड़ाई लड़ेंगे वहीं पर सोशल मीडिया पर पदाधिकारी सभी अपनी-अपनी प्रक्रिया व्यक्त कर रहे थे।



# विकास भवन स्थित कार्यालयों के औचक निरीक्षण में दर्ज़नों कर्मी मिले गायब

* वेतन रोककर सीडीओ ने दी चेतावनी, गन्दगी दिखी तो खैर नही

**कन्नौज**



मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने विकास भवन में अधिकारियों के कार्यालय का 10:15 बजे औचक निरीक्षण किया, जिसमें समाज कल्याण विभाग के सहायक प्रबंधक श्री विनीत कुमार सिंह, पशुपालन विभाग के कनिष्ठ सहायक राज कुमार, दिनांक 19.07.2024 से लगातार अनुपस्थित, कनिष्ठ लिपिक रेनू यादव, सहायक आयुक्त एवं निबन्धन सहकारिता अधिकारी राजीव लोचन शर्मा, उद्यान विभाग के रमेश चन्द्र यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी राजेन्द्र प्रकाश, डी0सी0 अनूप बाजपेई, डी0सी0एम0 अमितेष पाठक, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के प्रधान सहायक विजय कुमार वर्मा, वरिष्ठ सहायक नवीन पाण्डेय, मत्स्य विभाग के कनिष्ठ सहायक वेदप्रकाश राय, फिशरमैन भगवती लाल, प्रोबेशन विभाग के कनिष्ठ सहायक आर्यन सिंह, अपर संख्याधिकारी मोहन लाल, कृषि रक्षा विभाग की कनिष्ठ सहायक कु0 ईशा, जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार सिंह, सहायक अभियंता लघु सिचाई डा0 शिखा सचान, कनिष्ठ सहायक प्रीत कटियार, शिवराज सिंह, पत्रवाहक ऐनुल आवदीन आदि अधिकारी व कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। मुख्य विकास अधिकारी ने निरीक्षण के समय अनुपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकते हुये अनुपस्थित रहने के संबंध में अपना सुस्पष्ट स्पष्टीकरण उपलब्ध करने के निर्देश दिये। इस दौरान पाया गया कि सहायक अभियंता लद्यु सिचाई डा0 सिखा सचान जनपद मुख्यालय पर नही रहती है, जिसमें प्राय निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पायी जाती है। आम जनमानस एंव जनप्रतिनिधियों को विभागीय योजनाओं की जानकारी नही हो पाती है। संज्ञान में यह भी आया है कि सप्ताह में 1 या 2 दिवस ही कार्यालय में उपस्थित रहती है और वह भी अपरान्ह 02-03 बजे कार्यालय ही नही बल्कि जनपद मुख्यालय भी छोड़ देती है। उन्होनें जिला प्रोबेशन कार्यालय में आधार सत्यापन हेतु बुलाये गये लाभार्थियों से जानकारी की, कि आधार सत्यापन हेतु आप लोगों से कोई सुविधा शुल्क तो नही लिया गया, इस पर लाभार्थियों द्वारा बताया गया कि ऐसी कोई बात नही है।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि जिला समाज कल्याण अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला अर्थ एंव संख्याधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी के कक्ष में साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त पायी गई तथा अन्य अधिकारियों के कक्ष एंव कार्यालय कक्ष में साफ-सफाई का अभाव पाया गया तथा कार्यालय में अलमारी, मेज, कुर्सी, आदि का रखरखाव ठीक नही पाया गया, अधिकांश कार्यालयों मे अलमारी, कुर्सी टूटी पायी गई, जिस पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि एक सप्ताह के अन्दर अपने कार्यालय का रखरखाव सही करें, भविष्य में निरीक्षण के दौरान इस तरह की पुनरावृत्ति न पायी जाये।

## जून में नहीं हुई सामान्य बारिश, जुलाई में संकट के बादल

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

जून माह समाप्त हो गया लेकिन अच्छी बारिश की राह ताक रहे लोगों को निराशा हाथ लगी। आमतौर पर जून माह में 67.5 मिमी वर्षा अच्छी मानी जाती है, लेकिन इस बार जून माह में लगभग 6.67 मिमी ही बारिश हुई। यही हाल जुलाई माह का है। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस माह सामान्य वर्षा 262.8 मिलीमीटर (एमएम) होनी चाहिए, लेकिन 24 जुलाई तक 39.17 एमएम पानी ही गिरा है। पिछले डेढ़ माह से औसत बारिश न होने से जनपद में सूखे की आशंका बढ़ती जा रही है। इंद्रदेव की पूर्ण कृपा न बरसने से खासकर किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# अरौल थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर का मिला शव, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

* अरौल और मकनपुर कस्बे के आधा दर्जन भाजपा कार्यकर्ता पूरे दिन थाने में ही मौजूद रहते हैं

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र अरौल थाना के बकोठी गांव चंपातपुर जाने वाले सड़क के किनारे खेत मे एक शव मिलने से हड़कंप मच गया । मौके पर पहुंची पुलिस फोर्स ने जांच पड़ताल शुरू कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना मंगलवार/बुधवार देर रात की है जब अरौल पुलिस को रौगांव निवासी राजू गौतम पुत्र श्यामलाल उम्र 40 वर्ष का संदिग्ध परिस्थितियों बकोठी मे चम्पतपुर रोड़ पर शव मिलने कि सूचना मिली। हालांकि मौत का कारण कुछ भी स्पष्ट नहीं हो सका है। थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पाल ने बताया कि राजू बोरिंग मजदूर है रोज की दिहाड़ी पर घरों मे नल का कामकाज देखता है रोज की तरह राजू मंगलवार की सुबह अपने घर से नानामऊ गौशाला में हैंडपंप सही करने के लिए निकला था।

बगल के गांव झपटाबाजपुरवा मे ससुराल है अक्सर ही वह वहां पर रूक जाया करता था। जिसके चलते घर वाले भी निश्चिन्त रहे।

फिर अचानक बुधवार को राजू का शव खेतों मे मिलने से परिजनों मे हड़कंप मच गया।

आनन-फानन मे थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पाल मौके पर पहुंच गए उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर फॉरेंसिक टीम को भी सूचित कर दिया शाम होने से पहले फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर गहन छानबीन की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इधर मृतक के परिजनों ने राजू की मौत मे हत्या की आशंका जतायी पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

- गुरुवार को पोस्टमार्टम होने के बाद जब शव गांव पहुंचा तो चारों तरफ कोहराम मच गया परिजनों और गांव वालों ने बिषधन अरौल मार्ग को जाम कर दिया थानाध्यक्ष ने काफी प्रयास किया फोटो भी जाम कर्ता कि ली और वीडियो बनाया लेकिन वह लोग नहीं माने मौके पर एसडीएम रश्मि लंबा और एसीपी अजय त्रिवेदी के पहुंचने पर उनके आश्वासन पर जल्द अपराधियों का खुलासा होगा ।परिजनों ने शव को ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया वहीं पर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है कि में रोड पर घटना करने वाले अपराधियों के हौसले कितने बुलंद है जो उन्हें पुलिस का कोई भी डर नहीं है और परिजनों की तहरीर के आधार कार्यवाही की जाएगी।आंकिन घाट पर मृतक का अंतिम संस्कार शुक्रवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया।
- अरौल थानाध्यक्ष व मकनपुर चौकी इंचार्ज की खींचतान के चलते अपराधियों के हौसले बुलंद है और अपराध करने वालों पर पुलिस का खौफ भी खत्म होता जाता है अगर इसी तरह से यह जोड़ी बनी रही है तो रोज कोई ना कोई बड़े कांड होते रहेंगे और अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं आखिरकार तबादला होने के बाद भी अधिकारी चौकी इंचार्ज को क्यों रोके हुए हैं या फिर दोनों अधिकारियों को यहां से हटा दिया जाए तो जनता राहत की सांस लै और अपराधों पर अंकुश लगा सकें। दोनों अधिकारी सत्ता पक्ष के नेताओं से अपनी पाठ बनाए हुए हैं किसी तरह से तबादला ना हो लेकिन पिस तो इस समय जनता रही है घटनाओं के चलते लोग दहशत में जी रहे हैं पता नहीं कब घटना हमारे गांव में नई घट जाए। मकनपुर और अरौल कस्बे के आधा दर्जन अपने आप को भाजपा कार्यकर्ता बताने वाले थाने में मौजूद रहते हैं पूरे समय वहां के स्टाफ ने बताया कि हर एक अपराधी की पैरवी में चार लोग खड़े हो जाते हैं पूरे दिन यहां से हटते नहीं है जिससे काम करने में बहुत ही दिक्कतें हो रही हैं।

# ओलंपिक से पहले फ्रांस के रेलवे नेटवर्क पर हमला

## पेरिस जाने वाली 3 हाईस्पीड रेलवे लाइनों पर आगजनी-तोड़फोड़, 8 लाख लोग स्टेशनों पर फंसे



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

फ्रांस में ओलिंपिक गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी से करीब 10 घंटे पहले शुक्रवार को पेरिस में ट्रेन नेटवर्क पर हमला हुआ है। पेरिस के समयानुसार, सुबह 5:15 मिनट पर कई रेलवे लाइनों पर तोड़फोड़ और आगजनी की खबर सामने आई है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, हमले के आधे घंटे के अंदर पेरिस से आने-जाने वाली कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। कई ट्रेनें 90 मिनट तक देरी से चल रही हैं। हमले की वजह से करीब 8 लाख यात्री स्टेशनों पर फंसे हुए हैं। फ्रांस के सरकारी रेलवे कंपनी स्न्ष्ट्स्न ने सभी पैसेंजर्स के लिए चेतावनी जारी की है। उन्हें स्टेशन न जाने की सलाह दी गई है। रेलवे लाइनों पर हमला किसने और क्यों किया इसकी जानकारी अब तक सामने नहीं आई है। पेरिस ओलिंपिक के लिए भारत के 117 खिलाड़ी फ्रांस गए हुए हैं।

### आठ लाख यात्री हुए प्रभावित

फ्रांस में कई ट्रेनों के मार्ग बदले गए हैं तो कई ट्रेनें रद्द करनी पड़ी हैं। एसएनसीएफ ने लोगों से अपनी यात्राएं फिलहाल रद्द करने की अपील की है और उन्हें रेलवे स्टेशनों से दूर रहने की सलाह दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाओं से करीब आठ लाख यात्री प्रभावित हुए हैं।

### 3 हाई स्पीड ट्रेन लाइंस पर अटैक

फ्रांस की नेशनल रेलवे कंपनी ने बताया कि देश में कुल 4 प्रमुख हाई-स्पीड ट्रेन लाइनें हैं, जो पूरे देश को पेरिस से जोड़ती हैं। इनमें से 3 पर हमला हुआ है, जबकि 1 रेलवे लाइन पर अटैक को नाकाम कर दिया गया। अटैक की शुरुआत फ्रांस के आरस शहर में हुई, जो पेरिस से करीब 160 किमी दूर है। इसके बाद कोर्टलेन शहर में मौजूद टूर्स एंड ले मंस लाइन पर दूसरा अटैक हुआ। यह शहर पेरिस से करीब 144 किमी दूर है। स्न्ष्ट्स्न के चीफ ने कहा कि रात में हमारा रेल नेटवर्क और यातायात ठप करने को कोशिश की गई। पेरिस के पश्चिम, उत्तर और पूर्व में में चलने वाली टीजीवी लाइनों पर तीन जगह आगजनी हुई है। ल्योन और मेडीटेरियन सागर के दक्षिण की तरफ जाने वाली रेलवे लाइन पर आगजनी की कोशिश को नाकाम कर दिया गया।

### यूरोस्टार ने अपनी सभी ट्रेनें डायवर्ट या रद्द कीं

एसएनसीएफ ने अपने सैकड़ों कर्मियों को ट्रेन सर्विस दुरुस्त करने के काम पर लगा दिया है। फ्रांसीसी मीडिया हाउस ली मोंड के मुताबिक ट्रेन सर्विस को फिर ठीक होने में एक हफ्ते से ज्यादा का वक्त लगेगा। हमले का सबसे ज्यादा असर ब्रिटेन और बेल्जियम की तरफ जाने वाली रेलवे लाइन्स पर हुआ है। हमले को देखते हुए ब्रिटेन ने अपने नागरिकों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। फ्रांस के रेलवे नेटवर्क का इस्तेमाल न करने को कहा गया है। ब्रिटिश रेलवे कंपनी यूरोस्टार ने बताया कि उन्होंने कई ट्रेनों को कैंसिल और डायवर्ट कर दिया है।

### इजराइली विदेश मंत्री ने दी थी ईरानी अटैक की चेतावनी

गुरुवार को इजराइल ने अपने खिलाड़ियों पर ईरान की हमले की आशंका को लेकर चेताया था। इजराइली विदेश मंत्री ने इसे लेकर फ्रांस के विदेश मंत्री को चिट्ठी भी लिखी थी। इस चिट्ठी में उन्होंने लिखा कि- कुछ लोग इस खुशी के त्योहार को खराब करना चाहते हैं। हमें ईरान समर्थित आतंकवादियों के इजराइली प्रतिनिधिमंडल और पर्यटकों पर हमले की आशंका से जुड़ी जानकारियां मिली हैं।

### पेरिस को पश्चिम, उत्तर और पूर्व से जोड़ने वाली लाइनें हुईं प्रभावित

एस.एन.सी.एफ. ने घोषणा की कि फ्रांस के पश्चिम, उत्तर और पूर्व में स्थित लाइनें प्रभावित हुईं हैं। इससे पड़ोसी देश बेल्जियम और लंदन जाने वाली ट्रेनें भी प्रभावित हुईं। पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह से कुछ घंटे पहले सरकारी अधिकारियों ने इन घटनाओं की निंदा की, जो फ्रांस के आसपास हो रहे हैं, हालांकि इन घटनाओं का खेलों से जुड़े होने के तत्काल कोई संकेत नहीं मिले हैं। फ्रांस की पुलिस ने बताया कि जांच की जा रही है कि असल में क्या हुआ और आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाएं क्यों हुईं। इन घटनाओं के चलते रेल नेटवर्क बुरी तरह प्रभावित हुआ और बड़ी संख्या में रेल यात्री स्टेशनों पर फंस गए। फ्रांसीसी मीडिया ने रेल नेटवर्क के पश्चिमी मार्ग पर आग लगने की खबर दी थी। जिस तरह से समन्वित तरीके से आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाओं को अंजाम दिया गया, उसे लेकर जांच चल रही है कि इसके पीछे किसकी साजिश है।

### फ्रांसीसी पीएम बोले ओलिंपिक में रुकावट डालने की साजिश रची

फ्रांस के ट्रांसपोर्ट मंत्री पैट्रीस वर्गराइट ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा कि वे लगातार एसएनसीएफ से संपर्क में हैं। वहीं, फ्रांसीसी पीएम गेब्रियल अट्टल ने हमले को ओलिंपिक में रुकावट की साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि पूरी प्लानिंग के साथ रेलवे नेटवर्क को निशाना बनाया गया। सुरक्षा अधिकारी हमले के जिम्मेदार आरोपियों को पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, पेरिस 2024 के ऑर्गेनाइजर्स ने कहा है कि वे हालात पर नजर बनाए हुए हैं। कमेटी अपने पार्टनर्स, रेलवे ऑपरेटर एसएनसीएफ से संपर्क में है।

# असम में बन सकता है तीसरा डिफेंस कॉरिडोर

## सीएम सरमा ने रक्षा मंत्री के समक्ष रखा प्रस्ताव



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

असम सीएम ने रक्षा मंत्री के समक्ष राज्य में तीसरा डिफेंस कॉरिडोर स्थापित का प्रस्ताव रखा गया। हिमंत बिस्वा के इस प्रस्ताव पर रक्षा मंत्री ने भी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। हिमंत बिस्वा ने बताया कि उन्होंने रक्षा मंत्री से मुलाकात कर यूपी और तमिलनाडु के डिफेंस कॉरिडोर मुद्दे पर चर्चा की। असम मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने राज्य में सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने के बाद, यहां रक्षा उत्पादन केंद्र बनवाना चाहते हैं। इसको लेकर उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी बातचीत की। जिस पर उन्हें रक्षा मंत्री की सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिली। सीएम हिमंत बिस्वा ने कहा कि उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के समक्ष तीसरा डिफेंस कॉरिडोर असम में स्थापित कराने का प्रस्ताव रखा। यदि असम में यह कॉरिडोर स्थापित होता है तो यह देश का तीसरा डिफेंस कॉरिडोर होगा। अभी तक उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में ही डिफेंस कॉरिडोर हैं। उन्होंने कहा कि असम में डिफेंस कॉरिडोर के प्रस्ताव पर अग्रिम विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसमें समय कुछ अधिक लग सकता है, क्योंकि यह मामला संवेदनशील है। हिमंत बिस्वा ने कहा कि डिफेंस कॉरिडोर के प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय लेने से पहले कई कारकों का मूल्यांकन किया जाना जरूरी है। हालांकि रक्षा गलियारा स्थापित करने से राज्य के आर्थिक परिदृश्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार केंद्रीय बजट में यह स्वीकार किया गया है कि असम की बाढ़ देश के बाहर से आने वाले पानी के कारण और ज्यादा भयानक रूप में आ गई थी। उन्होंने केंद्र सरकार का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि उन्होंने मुद्दे को हल करने के लिए व्यापक सहायता प्रदान की।

### चौथी इकाई के चालू होने पर चर्चा की

सीएम सरमा ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात की। इसमें उन्होंने गुवाहाटी के पास एक सैटेलाइट टाउनशिप के लिए फंडिंग, नामरूप में ब्रह्मपुत्र घाटी उर्वरक निगम के विस्तार और इसकी चौथी इकाई के चालू होने पर चर्चा की। वहीं मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की। गृहमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि एनआरसी को भी अपडेट करने के लिए बायोमेट्रिक्स लेते समय आधार कार्ड का मुद्दा अवरुद्ध हुआ था। जल्द से जल्द इसे हल किया जाएगा।

# देश में पिछले पांच वर्षों में सैंकड़ों बाघों की हुई मौत


जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देश में बीते पांच वर्षों में 628 बाघों की मौत हुई है। इनमें प्राकृतिक कारणों के साथ ही शिकार के दौरान मारे गए बाघों की संख्या भी शामिल है। सरकार ने यह आंकड़े पेश किए हैं। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के डाटा के अनुसार, साल 2019 में देश में 96 बाघ मारे गए। साल 2020 में यह आंकड़ा 106, साल 2021 में 127, साल 2022 में 121 और साल 2023 में 178 बाघ मारे गए। केंद्रीय पर्यावरण राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने राज्यसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में बताया कि बीते पांच वर्षों में 349 लोग बाघ के हमलों में मारे गए हैं। महाराष्ट्र राज्य में सबसे ज्यादा 200 लोग बाघ के हमलों में जान गंवा चुके हैं। आंकड़ों के अनुसार, साल 2019 और 2020 में 49-49 लोगों की मौत बाघ के हमलों में हुई। वहीं 2021 में 50, 2022 में 110 और 2023 में 82 लोगों की जान बाघ के हमलों में गई।

### देश में अभी इतनी है बाघों की कुल संख्या

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, साल 2023 में साल 2012 के बाद सबसे ज्यादा बाघों की मौत हुई। अभी देश में मौजूद बाघों की कुल संख्या 3,682 है, जो पूरी दुनिया में पाए जाने वाले बाघों की कुल जनसंख्या का 75 प्रतिशत है। सरकार के ये आंकड़े साल 2022 के हैं। भारत सरकार ने साल 1973 में प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत की थी। इसी प्रोजेक्ट टाइगर के तहत देश में बाघों के संरक्षण की शुरुआत की गई। शुरुआत में 18,278 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले नौ टाइगर रिजर्व से प्रोजेक्ट टाइगर को शुरू किया गया था। आज देश में कुल 55 बाघ संरक्षण केंद्र हैं, जो कुल 78,735 वर्ग किलोमीटर का इलाका कवर करते हैं। यह देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 2.4 प्रतिशत है।

# आयुष्मान भारत में 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को शामिल करने के लिए नहीं बना पैनल, सरकार का बयान



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने शुक्रवार को लोकसभा को बताया कि आयुष्मान भारत के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ देने के लिए कोई पैनल गठित नहीं किया गया है। दरअसल, जाधव इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य दावा एक्सचेंज की शुरुआत करके आयुष्मान भारत का विस्तार करके 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के नागरिकों को कवर करने का प्रस्ताव रखा है और क्या योजना के प्रारूप को मजबूत करने के लिए कोई विशेषज्ञ पैनल गठित किया गया है।

### कुछ भी हो उम्र, उठा सकते हैं लाभ

केंद्रीय मंत्री ने लिखित उत्तर में कहा कि पात्र परिवारों के सभी सदस्य चाहे उनकी आयु कुछ भी हो आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना 55 करोड़ व्यक्तियों को द्वितीयक और तृतीयक देखभाल अस्पताल में भर्ती होने के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान करती है, जो 12.34 करोड़ परिवारों के बराबर है। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के लिए कोई विशेषज्ञ समिति गठित नहीं की गई है।

### आयुष्मान भारत योजना या पीएमजेएवाई योजना क्या है?

पीएमजेएवाई, जिसे आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के रूप में भी जाना जाता है, सबसे बड़ी स्वास्थ्य देखभाल कागज रहित योजनाओं में से एक है, जो कैशलेस चिकित्सा कवरेज प्रदान करती है। भारत सरकार द्वारा प्रायोजित यह पहल सार्वजनिक अस्पतालों और नेटवर्क निजी अस्पतालों में परिवार के आकार, लिंग या आयु से संबंधित किसी भी सीमा के बिना वंचित परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा अस्पताल में भर्ती होने, भर्ती होने से पहले, उपचार और अस्पताल में भर्ती होने के बाद के खर्चों को कवर करता है।

### इतने अस्पताल क्लेम करने के लिए तैयार

एक अन्य सवाल के जवाब में जाधव ने कहा कि 34 बीमा कंपनियां और थर्ड पार्टी एडमिनिस्ट्रेटर सक्रिय हैं और करीब 300 अस्पताल नेशनल हेल्थ क्लेम एक्सचेंज (एनएचसीएक्स) पर अपने क्लेम भेजने की तैयारी कर रहे हैं। इसका उद्देश्य 21 जुलाई तक स्वास्थ्य बीमा दावा प्रसंस्करण को सुव्यवस्थित और तेज करना है। जाधव ने कहा कि सरकार ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत एनएचसीएक्स गेटवे बनाया है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य बीमा को सुव्यवस्थित करना, बीमा उद्योग में दक्षता बढ़ाना और मरीजों के अनुभव में सुधार करना है।

# कांग्रेस ने घोटाले किए, मोदी ने रक्षा क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाया: वैष्णव

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार में कांग्रेस ने केवल घोटाले किए। उन्होंने सेना की जरूरतों पर कोई ध्यान नहीं दिया और केवल आयात पर निर्भर रही। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाकर आगे बढ़ाया। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में कई सुधार किए गए। रक्षा उपकरणों का देश में ही उत्पादन शुरू किया गया। साथ ही निर्यात का बढ़ावा देकर रक्षा क्षेत्र में बड़ी प्रगति की। कांग्रेस शासन में सीमा पर सड़कों के निर्माण को लेकर केवल सवाल उठाए जाते थे। मगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सशस्त्र बलों के लिए 6800 किमी से अधिक सड़कें बनाई गईं।

## गुजरात में बाढ़ के कारण 2500 लोगों को विस्थापित किया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। देश के कई राज्य भारी बारिश के बाद बाढ़ से जूझ रहे हैं। दक्षिण गुजरात में भी भारी बारिश से बुरा हाल है। दक्षिण गुजरात में कई गांव बाढ़ से जलमग्न हो गए हैं। इस वजह से करीब 2,500 लोगों को विस्थापित किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि नवसारी जिले के निचले इलाकों में कई गांव बाढ़ से जूझ रहे हैं। इस वजह से करीब 2,200 लोगों को अन्य जगहों में विस्थापित किया गया है। इसके अलावा तापी जिले में भी भारी बारिश की वजह से करीब 500 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है। नवसारी जिले की जिलाधिकारी क्षिप्रा आग्रे ने बताया कि यहां पूर्णा नदी का जलस्तर 28 फीट पहुंच गया है। यह स्तर खतरे के निशान 23 फीट से पांच फीट अधिक है।

## राष्ट्रवादी पत्रकार जोशी को निशुल्क सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए फलोदी विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

# पत्रकार जोशी को मिल रही है पाकिस्तानी नंबर से धमकियां

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। फलोदी





फलोदी विधायक पब्बाराम विश्नोई ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर राष्ट्रवादी पत्रकार सत्यनारायण जोशी की सुरक्षा की मांग की है, विधायक बिश्नोई ने बताया कि मेरे विधानसभा क्षेत्र फलोदी के भोजासर गांव निवासी श्री सत्यनारायण जोशी है जो राष्ट्रवादी गतिविधियों को आगे बढ़ाने हेतु हमेशा राष्ट्र को समर्पित समाचारों को प्रसारित करते रहते हैं व इस बात से देश विरोधी गतिविधियां में लिप्त रहने वालों को उचित नहीं लगता है इसलिए लगातार पाकिस्तानी नंबरों से जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं इससे पूर्व में भी मैंने श्री जोशी हेतु सुरक्षा पत्राचार किया था किन्तु पुर्ववर्ती सरकार ने इस विषय को संज्ञान में नहीं लिया जिस कारण अब भी धमकियां मिल रही है, कहीं कोई अप्रिय घटना नहीं हो जाये या देश विरोधी ताकतों को मौका न मिले जिससे वो किसी राष्ट्रवादी विचारक व राष्ट्रवादी पत्रकार पर हमला न कर सके इस विषय हेतु गंभीरता लेते हुए श्री जोशी को सुरक्षा दी जानी नितान्त आवश्यक है व राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर ने भी इस संबंध में आदेश दे रखा है, श्री जोशी को निःशुल्क सुरक्षा प्रदान करके संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करके अनुग्रहित करे।

### कौन है सत्यनारायण जोशी-

सत्यनारायण जोशी स्वयंसेवक के रूप में एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय न्यूज़ चैनल के पत्रकार है, मारवाड़ अनुसंधान संस्थान के संस्थापक है, विप्र सेना समेत विभिन्न सामाजिक संगठनों को दायित्व संभाल रहे हैं और प्रखर राष्ट्रवादी विचारक है व पूर्व कांग्रेस सरकार में अक्सर हिन्दुत्व के मुद्दों पर चर्चाओं में रहे हैं और उनकी धर्मपत्नी बसंती सत्यनारायण जोशी भाजपा महिला मोर्चा निवर्तमान फलोदी जिला उपाध्यक्षा है व विधानसभा चुनाव में पार्टी ने उन्हें जोधपुर फलोदी की पांचों विधानसभा सीटों की जीत की अहम जिम्मेदारी दी थी व वर्तमान लोकसभा चुनाव में भी जोधपुर सीट पर काफी मेहनत की है व पूर्व सरकार की तुष्टिकरण की राजनीति के चलते जोशी को हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद भी सुरक्षा नहीं दी।

# आपातकाल की ज्यादतियों पर बनी शाह आयोग रिपोर्ट सदन में पेश होनी चाहिए



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को सरकार से आपातकाल की ज्यादतियों पर तैयार की गई शाह आयोग की रिपोर्ट को सदन पर रखने की संभावना तलाशने को कहा। धनखड़ ने कहा कि शाह आयोग ने लोकतंत्र के सबसे काले दौर की जांच की थी। शाह आयोग की रिपोर्ट 1975 में देश में लागू किए गए आपातकाल के दौरान हुए अत्याचारों से संबंधित है। दरअसल राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान झारखंड से भाजपा सांसद दीपक प्रकाश ने शाह आयोग की रिपोर्ट का मामला उठाया था। इस पर सभापति धनखड़ ने भी समर्थन दिया और कहा कि %सरकार को (शाह आयोग की) प्रामाणिक रिपोर्ट हासिल करने और सांसदों और आम जनता के फायदे के लिए शाह आयोग की रिपोर्ट सदन के पटल पर रखने की संभावना तलाशनी चाहिए।% इससे पहले भाजपा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि साल 1977 में गठित शाह आयोग की 100 बैठकें हुईं और 48 हजार दस्तावेजों का मूल्यांकन किया गया था। 6 अगस्त 1978 को अंतिम रिपोर्ट पेश की गई। यह रिपोर्ट तीन खंडों में प्रकाशित हुई। भाजपा सांसद ने कहा कि साल 1980 में इंदिरा गांधी के नेतृत्व में सरकार बनी तो शाह आयोग की रिपोर्ट को नष्ट कर दिया गया। लेकिन शाह आयोग की रिपोर्ट की एक प्रति ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय पुस्तकालय में उपलब्ध है। यह रिपोर्ट आपातकाल के असल तथ्यों को उजागर करेगी।

### सांसदों ने ये मुद्दे भी उठाए

भाजपा सांसद ने मांग की कि शाह आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक की जानी चाहिए। राज्यसभा में पश्चिम बंगाल से टीएमसी सांसद सुष्मिता देब ने असम में बाढ़ से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए केंद्र सरकार से धन जारी करने की मांग की। वहीं पंजाब से आप सांसद हरभजन सिंह ने तलवारा में भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड अस्पताल को पीजीआई संस्थान या फिर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में बदलने की मांग की।

# कैंसर के मामले बढ़ रहे, मगर जरूरी दवाओं की कीमतों पर अंकुश: नड्डा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भारत में निर्मित कफ सीरप से अफ्रीकी और अरब देशों में बच्चों के बीमार पड़ने और मौतों के आरोप के बाद सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री ने शुक्रवार को जोर देकर कहा कि दवाओं की गुणवत्ता को लेकर सरकार सतर्क है। साथ ही दवाओं की जांच के लिए एक मजबूत प्रणाली मौजूद है। उन्होंने यह भी बताया कि खांसी की दवाइयों की गुणवत्ता पर उठाई गई चिंताओं के संबंध में कार्रवाई की गई है। केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने लोकसभा में कहा कि सरकार दवाओं की गुणवत्ता को लेकर सतर्क है। साथ ही सुनिश्चित करेंगे कि ऐसी घटनाएं फिर न हों। बता दें, नड्डा कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के एक सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें अफ्रीका को निर्यात किए जाने वाले कुछ खांसी के सिरप को लेकर चिंता जताई गई थी। उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान कहा कि दवाओं की जांच की एक मजबूत प्रणाली है। वहीं, इस बात पर भी जोर दिया कि दुनिया की सबसे प्रभावी और सस्ती दवाओं का उत्पादन भारत में होता है। मंत्री ने यह भी कहा कि कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। हालांकि, जरूरी दवाओं की कीमतें नियंत्रण में हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि जिन देशों की वे यात्रा कर चुके हैं, उन सभी देशों में भारत की दवाओं की मांग है। उन्होंने सरकार से वैश्विक स्तर पर दवाओं का निर्यात बढ़ाने को कहा है।

### सहायक अनुभाग अधिकारी के खिलाफ शिकायत मिली थी

यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार ने छोटे दवा निर्माताओं की प्रतिष्ठा के खिलाफ औषधि विभाग की कुछ टिप्पणियों पर ध्यान दिया है, नड्डा ने कहा कि एक सहायक अनुभाग अधिकारी के खिलाफ शिकायत मिली थी कि उसने फार्मा एसोसिएशनों को एक ईमेल भेजा था, जिसमें आधिकारिक तौर पर उचित भाषा का प्रयोग नहीं किया गया था। मंत्री ने कहा, भले ही यह पत्र अनौपचारिक था, फिर भी संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। अधिकारी ने इसके लिए माफी मांगी है। फिर भी सक्षम प्राधिकारी ने जवाब को खारिज कर दिया और दोषी अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू की।

### 100 से अधिक आवेदन मिले

उन्होंने कहा कि संशोधित औषधि प्रौद्योगिकी उन्नयन योजना (पीटीयूएएस) का उद्देश्य दवा उद्योग को अपनी उत्पादन प्रक्रिया को सर्वोत्तम वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने में मदद करना है। उन्होंने कहा कि 11 अप्रैल, 2024 से आवेदन विंडो खोले जाने के बाद से 100 से अधिक आवेदन मिले। सात आवेदनों को मंजूरी दे दी गई है और सभी सात एमएसएमई हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)